CMYK

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 06°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 2 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 139 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मायावती ने गरीब-बहुजन के अच्छे दिनों की जताई उम्मीद पेज 2




भारतीय क्रिकेट जगत ने नए साल की बधाई के साथ 2026 का किया स्वागत खेल टाइम्स



जलवायु परिवर्तन के समाधानों को और अधिक व्यापक बनाना जरूरी सम्पादकीय



भारतवंशी ममदानी न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर बने-कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली पेज 12

# स्विट्जरलैंड के रिसॉर्ट में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान ब्लास्ट, 40 की मौत

बर्न, वार्ता

**स्विट्जरलैंड** के क्रांस मोंटाना शहर के अल्पाइन स्की रिसार्ट में गुरुवार को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट हुआ। न्यूज मीडिया 'द मिरर' ने लोकल मीडिया से हवाले से बताया कि विस्फोट में 40 लोग मारे गए हैं, जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं।

स्विट्जरलैंड पुलिस ने गुरुवार को स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बताया कि विस्फोट रिसार्ट के कॉन्स्टेलेशन बार में रात 1:30 बजे हुआ। हालांकि पुलिस ने मरने वालों की संख्या नहीं बताई गई लेकिन कहा कि कई दर्जन लोगों की मौत की आशंका है, जिनमें कई देशों के नागरिक शामिल हैं। फिलहाल क्रांस-मोंटाना शहर को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डाक्टरों के मुताबिक अस्पताल झुलसे हुए मरीजों से भर गए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे वाली जगह क्रांस मोंटाना एडवेंचर गेम्स के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस इंटरलाकेन से करीब 100किमी की दूरी पर है। वहां पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग और ट्रेकिंग के लिए दुनियाभर के लोग पहुंचते हैं। थून और ब्रिएंज झील के बीच बसे इंटरलाकेन से आल्प्स माउंटेन रेंज के आइगर, मोंक और जुंगफ्राउ पर्वतों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है और स्विस पुलिस के अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। हादसे के बाद गुरुवार सुबह इलाके में सन्नाटा था, यहां पुलिस और रेस्क्यू दस्ता ही दिखाई दिया। स्विस न्यूज आउटलेट ब्लिक के मुताबिक यह धमाका और उसके बाद लगी आग शायद एक -शेष पृष्ठ दो पर



- 100 घायल, क्रांस-मोंटाना शहर नो फ्लाई जोन घोषित किया
- मृतकों में कई विदेशी लोग शामिल

### भारत से लेकर अमेरिका तक नए साल का जश्न

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर में साल 2026 का आगाज हो चुका है। दिल्ली में इंडिया गेट पर लोगों ने काउंटडाउन के साथ नए साल का स्वागत किया, जबकि जम्मू- कश्मीर में बर्फबारी के बीच जश्न मनाया गया। सबसे पहले न्यूजीलैंड ने 2026 में एंट्री की, जहां आकलैंड के स्काई टावर पर भव्य आतिशबाजी हुई। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर जश्न मनाने 10 लाख लोग पहुंचे। जापान, चीन, सिंगापुर, यूएई, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में आतिशबाजी की गई। अलग-अलग टाइम जोन के कारण भारत से पहले 29 देशों में 2026 का स्वागत हुआ। ब्रिटेन में टेम्स नदी के किनारे मौजूद लंदन आई पर शानदार आतिशबाजी कर नए साल का स्वागत किया गया। पेरिस में एफिल टावर पर नए साल के स्वागत में हुई आतिशबाजी, दुबई स्थित दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा में आतिशबाजी हुई। लाइट और साउंड शो से पूरी बिल्डिंग जगमगा उठी। चीन के बीजिंग में न्यू ईयर सेलिब्रेशन इवेंट के दौरान ड्रोन और लेजर शो किए गए।

## फरवरी से 15 वाली सिगरेट 18 रुपये की होगी!

- केंद्र सरकार ने सेस हटाकर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई
- राजस्व घाटे की भरपाई के लिए फैसला

**नई दिल्ली।** अगले महीने से सिगरेट की कीमतें 20 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसकी वजह है सरकार की और से लगाई गई एक्साइज ड्यूटी। इसे लेकर 31 दिसम्बर को एक नोटिफिकेशन जारी किया है।

इसके मुताबिक एक फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपये से लेकर 8,500 रुपये तक की ड्यूटी ली जाएगी। बाजार जानकारों का कहना है कि टैक्स के इस बोझ को कम करने के लिए कंपनियां सिगरेट की कीमतें बढ़ा सकती है। सिगरेट पर अभी तक 28 फीसदी जीएसटी के साथ 'कंपनसेशन सेस' लगता था। इससे कुल टैक्स 50 फीसदी से ज्यादा हो जाता था। 3 सितम्बर को किए गए बदलाव के बाद सिगरेट पर जीएसटी को बढ़ाकर 40 फीसदी कर दिया गया, लेकिन सेस हटा दिया। नई दरें फरवरी 2026 से लागू होंगी, अगर सरकार एक्साइज को लेकर कुछ नहीं करती तो सिगरेट सस्ती हो जाती। रेवेन्यू बचाने के लिए सरकार ने सेस की जगह अब परमानेंट एक्साइज ड्यूटी लगा दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी-कोलकाता के बीच चलेगी

**नई दिल्ली।** पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी। थर्ड एसी का किराया 2,300 तय किया गया है। सेकेंड एसी का किराया 3,000 होगा। फर्स्ट एसी का किराया करीब 3,600 प्रस्तावित किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन पूरा कर लिया है। स्लीपर ट्रेन को 1000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस साल के आखिर तक लगभग 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें तैयार हो जाएंगी। दो दिन पहले इस ट्रेन का ट्रायल रन किया गया था। यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से कोटा-नागदा रेलवे ट्रैक पर दौड़ी।

### प्लेन उड़ाने से पहले एयर इंडिया पायलट ने शराब पी

**नई दिल्ली।** कनाडा के वैंकूवर से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया फ्लाइट के पायलट को विमान से उतार दिया गया। पायलट पर शराब पीने का आरोप था। मामला 23 दिसम्बर का है, एयर इंडिया की फ्लाइट एआई186 टेक-ऑफ करने वाली थी। तभी वैंकूवर एयरपोर्ट के एक स्टाफ ने पायलट को वाइन पीते हुए देखा। जिसके बाद कर्मचारी ने अधिकारियों से शिकायत की। कनाडाई अधिकारियों पायलट के पास जांच करने पहुंचे तो उसके मुंह के पास से महक आई। फिर पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट लिया गया। जिसमें वह फेल हो गया।

### सकल जीएसटी संग्रह दिसम्बर में 6.1 % बढ़कर 1,74,550 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत कुल राजस्व संग्रह दिसम्बर में सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1,74,550 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर में जीएसटी का घरेलू संग्रह 1.2 फीसदी बढ़कर 1,22,574 करोड़ रुपये और आयात पर कर से प्राप्त राजस्व 19.7 फीसदी बढ़कर 51,977 करोड़ रुपये हो गया। कुल रिफंड में दिसम्बर 2024 की तुलना में 30.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# यूपी के 35 शहरों में घना कोहरा

## आज मेरठ सहित 14 जिलों में बारिश की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। कोल्ड वेव भी है। मेरठ-गाजियाबाद समेत 14 जिलों में बारिश की संभावना है। बुधवार को कानपुर सबसे ठंडा रहा, यहां मिनिमम टेम्परेचर 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

राजस्थान के जयपुर-चित्तौड़गढ़ में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई। 8 से ज्यादा जिलों में बारिश की चेतावनी है। हरियाणा के कुछ शहरों में बारिश हुई है। प्रदेश के सभी स्कूलों में विंटर वेकेशन घोषित किए गए। पंजाब के ज्यादातर जिलों में घना कोहरे छाया। बूंदाबादी भी हुई, कोल्ड वेव भी है। मौसम विभाग ने सभी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुरदासपुर में सबसे कम टेम्परेचर 5.2 डिग्री सेल्सियस रहा। पहाड़ी राज्यों हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी जारी है। दिल्ली में 31 दिसम्बर को पिछले 6 साल में सबसे कम टेम्परेचर 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा था। 2019 में ये 9.4 डिग्री सेल्सियस था। दिल्ली में भी बारिश का अलर्ट है। कश्मीर घाटी में 31 दिसम्बर को तेज बर्फबारी हुई। कश्मीर घाटी में तापमान में तेज गिरावट है। गुलमर्ग में बर्फबारी जारी है। यहां टूरिस्ट्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरेज में बर्फबारी हुई। सड़क पर 8 इंच से 1 फीट तक बर्फ जमा हो गई। 2 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ में घने कोहरे का अलर्ट है। जम्मू- कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के निचले इलाकों में बारिश हो सकती है। पहाड़ी राज्यों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के आसार, जिससे सर्दी और बढ़ेगी। 3 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ में कोहरे का अलर्ट है। जम्मू-कश्मीर, -शेष पृष्ठ दो पर



गुलमर्ग में साल के पहले दिन बर्फ से ढके इलाके का एक दृश्य।

- राजस्थान और हरियाणा में हुई बारिश
- दिल्ली में 31 दिसम्बर रहा छह साल में सबसे ठंडा दिन

### हल्की बारिश के साथ दिल्ली ने किया नए साल का स्वागत, ठंड रहेगी बरकरार

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन गुरुवार सुबह दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली- एनसीआर में नए साल के पहले दिन लोगों के ऑफिस जाने से पहले हल्की बारिश हुई।

राष्ट्रीय राजधानी के पालम में हुई हल्की बारिश से हवाई अड्डे पर दृश्यता में सुधार देखा गया, जहां केवल हल्का कोहरा दर्ज किया गया। पालम और सफदरजंग दोनों स्थानों पर दृश्यता 500 मीटर रही, जबकि एक दिन पहले अत्यधिक घने कोहरे के कारण दृश्यता केवल 50 मीटर थी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, पूर्वाह्न और दोपहर के समय दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। आज सुबह 9:05 बजे राजधानी की वायु गुणवत्ता पिछले दिन के 24 घंटे के औसत एक्यूआई 373 की तुलना में मामूली सुधार के साथ 371 दर्ज की गई।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

## जिंदा जलाने की कोशिश, तालाब में कूदकर बचाई जान

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश** के शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। बाजार बंद कर घर लौट रहे एक कारोबारी पर बदमाशों ने हमला कर दिया। पहले बेरहमी से पिटाई की गई, फिर धारदार हथियार से वार किया गया और आखिर में शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई।

गंभीर हालत में कारोबारी को ढाका रेफर किया गया है। घायल कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह केनश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं।



- पुलिस जांच में जुटी, दो आरोपी चिन्हित

पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर वह दिन की कमाई लेकर सीएनजी आटो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान दामुद्या- शरियतपुर रोड पर केउरभंगा बाजार के पास बदमाशों ने आटो रुकवाया और उन पर हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बदमाशों ने पहले खोकन चंद्र दास की पिटाई की। इसके बाद उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। यहीं नहीं रुके हमलावर, बल्कि उन्होंने खोकन के सिर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। अचानक हुए इस हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए खोकन चंद्र दास सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूद गए। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए।

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 7 % महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने नए साल पर वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब सात प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोतरी की है, जबकि घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,691.50 रुपये का हो गया है। यह जून 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। दिसम्बर में इसकी कीमत 1580.50 रुपये थी।

## राजनाथ सिंह ने बांग्लादेश उच्चायोग जाकर खालिदा जिया को दी श्रद्धांजलि



- रक्षा मंत्री ने शोक पुस्तिका पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बांग्लादेश उच्चायोग जाकर पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर संवेदना व्यक्त की। श्री सिंह ने एक पोस्ट में इसकी तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि मैं नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग गया।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और बांग्लादेश की जनता के साथ हैं। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्ला ने भी श्री सिंह के उच्चायोग आने के संबंध में एक्स पर एक पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा कि दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत किया। उन्होंने भारत की ओर से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी की अध्यक्ष दिवंगत बेगम खालिदा जिया को श्रद्धांजलि अर्पित की और संवेदना व्यक्त की।

### DRDO के हथियारों की ऑपरेशन सिंदूर में निर्णायक भूमिका

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति संगठन की पेशेवर क्षमता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री सिंह ने डीआरडीओ मुख्यालय में 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस कर भारत की स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए संगठन की सराहना की।

# भारत-पाक ने एक-दूसरे को परमाणु ठिकानों की जानकारी दी

## 35 साल पुरानी परंपरा, नई दिल्ली-इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के जरिये लिस्ट का आदान-प्रदान किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार एक जनवरी को एक-दूसरे के साथ अपने परमाणु ठिकानों की लिस्ट शेयर की है। ये ठिकाने वही हैं, जहां दोनों देशों के परमाणु हथियार रखे जाते हैं। यह परंपरा पिछले 35 साल से चल रही है।

भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के जरिये इस लिस्ट का आदान-प्रदान किया। यह सूची भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध संबंधी समझौते के तहत आती है। यह समझौता 31 दिसम्बर 1988 को साइन किया गया था। इसमें लिखा है कि दोनों देश इन परमाणु ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे। समझौता 27 जनवरी 1991 से लागू हुआ। इसके तहत भारत और पाकिस्तान हर कैलेंडर वर्ष के एक जनवरी को एक-दूसरे को परमाणु ठिकानों के बारे में बताते हैं। पहली बार लिस्ट एक जनवरी 1992 को शेयर की गई थी।




- सीपरी की रिपोर्ट में दावा- भारत के पास 180 परमाणु हथियार

### एक दूसरे की जेलों में बंद कैदियों और मछुआरों की सूची का भी किया आदान-प्रदान

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों और मछुआरों की सूची का गुरुवार को आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि कैदियों की सूची का आदान-प्रदान वर्ष 2008 के द्विपक्षीय वाणिज्य दूतावास संपर्क समझौते के अंतर्गत नई दिल्ली और इस्लामाबाद में कूटनीतिक माध्यमों से किया गया।

भारत ने उसकी जेलों में बंद 391 असैनिक कैदियों और 33 मछुआरों की जानकारी साझा की है। ये सभी पाकिस्तानी नागरिक हैं या माने जाते हैं। इसी प्रकार पाकिस्तान ने उसकी जेलों में बंद 58 असैनिक कैदियों और 199 मछुआरों की जानकारी साझा की है, जो भारतीय नागरिक हैं या भारतीय माने जाते हैं। भारत ने पाकिस्तान से उसकी जेलों में बंद असैनिक कैदियों और मछुआरों को उनकी नौकाओं सहित तथा लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी का आग्रह किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाजीवाद की तरह भारत में भी चरमपंथ खत्म होगा: फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि देश में कुछ लोग हिटलर की विचारधारा का पालन कर रहे हैं, लेकिन एक समय आएगा जब भारत में चरमपंथ समाप्त हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने नए साल के अवसर पर देश में अमन-चैन और खुशहाली की भी प्रार्थना की। अब्दुल्ला ने यह टिप्पणी उस मामले में की जब देश के अलग-अलग हिस्सों में कश्मीरी शॉल बेचने वालों पर हुए हमलों के बारे में उनसे सवाल पूछे गए थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हिटलर के रास्ते पर चल रहे हैं और और वे चाहते हैं कि यहां हिटलर का निजाम स्थापित हो। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने नाजीवाद के पतन का वर्णन करते हुए कहा कि हिटलर ने खुद को गोली मार ली और वह खत्म हो गया। जैसे नाजीवाद खत्म हुआ, वैसे ही एक समय आएगा जब हमारे देश में भी चरमपंथ समाप्त हो जाएगा।

### सड़क हादसे में बाल बाल बचे कबीना मंत्री संजय निषाद

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री संजय निषाद आगरा के डौकी इलाके में गुरुवार को एक सड़क हादसे में बाल बाल बच गए। आज दोपहर निषाद आगरा में बाह इलाके से शहर की तरफ आ रहे थे। मंत्री का काफिला तेजी से शहर की तरफ बढ़ रहा था। तभी अचानक से संजय निषाद की गाड़ी के सामने कुत्ता आ गया। कुत्ता बचाने के लिए ड्राइवर ने ब्रेक लिए लिहा. जा पीछे से आ रही किसी अन्य व्यक्ति की गाड़ी टकरा गई। हादसे के बाद गाड़ियों का काफिला रुक गया और अफरा तफरी का माहौल हो गया। काफी देर तक गहमा गहमी रही उसके बाद संजय निषाद का काफिला शहर की तरफ बढ़ा।

### सेंट्रल जीएसटी अधिकारियों के काले कारनामों का चिट्ठा

# घर के फर्नीचर देख दंग रह गई सीबीआई टीम

**झांसी।**



- सोने-चांदी की ईंट और गहने, अपनी तैनाती के दौरान अफसरों ने जमा कर ली थी अकूत संपत्ति
- नकदी बिस्तर में छिपाकर रखी गई थी, गद्दे फाड़कर रकम बरामद हुई, गिनने को मशीनें मंगवाई गई

झांसी में सेंट्रल जीएसटी अफसरों ने अपनी तैनाती के दौरान अकूत संपत्ति जमा कर ली थी। उनके आलीशान मकान एवं रहन-सहन देख सीबीआई टीम भी दंग रह गई। छापे के दौरान सीबीआई ने 1.60 करोड़ रुपये समेत सोने-चांदी की ईंट एवं जेव. रात बरामद किए। घरों में नकदी बिस्तर में छिपाकर रखी गई थी। गद्दे फाड़ने के बाद रकम बरामद हो सकी।

भारी मात्रा में मिलनी नकदी को गिनने के लिए मशीनें मंगवाई गईं। सीबीआई टीम सबसे पहले सेवाराम मिल कंपाउंड निवासी अनिल तिवारी के यहां पहुंची। अनिल के यहां महंगे फर्नीचर समेत पूरे घर में लग्जरी वस्तुएं थीं। एक से एक महंगे आइटमों का घर की सजावट में इस्तेमाल हुआ था। सीबीआई को यहां से कई गोपनीय फाइल भी मिली। टीम इसे अपने साथ ले गई। यहां से नकदी भी बरामद हुई। सीबीआई को बताया गया कि अनिल झांसी में करीब ढाई दशक से तैनात हैं। जीएसटी से जुड़े सारे विवादित मामले अनिल के सहारे सुलझाए जाते हैं। दो साल पहले उनका आगरा तबा. दला हो गया था, लेकिन कुछ महीनों बाद वह दोबारा झांसी आ गए। ढाई दशक की तैनाती के दौरान अनिल ने अकूत संपत्ति जमा कर ली। अनिल सिविल लाइंस स्थित एक प्रतिष्ठित रेस्तरा में पार्टनर समेत जमीन के कारोबार में भी शामिल हैं। जमीन के धंधे में करोड़ों रुपये लगा रखे हैं। वहीं स्टेशन रोड निवासी अजय शर्मा ने भी अपनी चार साल की तैनाती में अकूत संपत्ति जमा कर ली थी। उसके घर में भी लग्जरी आइटमों की भरमार मिली। उनके पास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। डिप्टी कमिश्नर आईआरएस प्रभा भंडारी की छह माह पहले तैनाती हुई थी। हालांकि उन्होंने भी अनिल एवं अजय के हवाले ही पूरा कार्यालय कर दिया था। बताया जाता है कि प्रभा ने कुछ माह पहले ही 68 लाख रुपये का फ्लैट खरीदा था। जीएसटी अफसरों के पास से घूस के तौर पर 70 लाख समेत 1.60 करोड़ रुपये बरामद हुए। उनके घर से सोने-चांदी की ईंट एवं शेयर मार्केट में पैसा लगाए जाने की बात भी उजागर हुई।

### मैडम पैसा मिल गया है, जवाब मिला: इसे गोल्ड में बदलकर दे देना

**झांसी।** झांसी में सेंट्रल जीएसटी अफसरों की मिलीभगत से सरक. ारी खजाने को चपत लगाए जाने का भी खेल काफी समय से चल रहा था। इसका भंडाफोड़ भी पिछले महीने ही हुआ। उसके बाद से ही सेंट्रल जीएसटी के अफसर सीबीआई के रडार पर आ गए थे। उस दौरान झांसी मंडल में 17 बोगस फर्म पकड़ी गई। साठगांठ करके इनको सिर्फ कागजों में बनाया गया था। इनके सहारे करीब 25 करोड़ रुपये का आरटीसी इनपुट क्रेडिट क्लेम का लेनदेन पकड़ में आया था। अभी तक की छानबीन में इस रैकेट के तार झांसी से लेकर मुरादाबाद, लखनऊ, महाराष्ट्र एवं गुजरात तक से जुडे हैं। झांसी परिक्षेत्र में कुल 71,861 फर्म जीएसटी में पंजीकृत हैं, इनमें 41,330 फर्म राज्य जीएसटी और 30,511 फर्म सेंट्रल जीएसटी के दायरे में हैं। नवंबर में मुरादाबाद एवं लखनऊ में फर्जी फर्मों की जांच के बाद झांसी मंडल में 17 फर्में सिर्फ कागजों पर कारोबार करती पाई गईं। जांच करने पर मालूम चला कि बगैर खरीद किए ही इनकी ओर से माल बिक्री दिखाई गई थी। खरीद और बिक्री के बीच बड़ा अंतर मिला। फर्जी दस्तावेजों के सहारे इन फर्मों का सीजीएसटी के माध्यम से पंजीकरण कराया गया था। पंजीकरण के बाद से इन्होंने 25 करोड़ रुपये की चपत लगाई।

# नववर्ष आत्ममंथन सकारात्मक सोच व नए संकल्पों का समय: आनंदीबेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- कहा: सभी को अच्छे विचार अपनाने, अच्छा कार्य करने और अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को नववर्ष 2026 के अवसर पर राजभवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि नया वर्ष आत्ममंथन, सकारात्मक सोच और नए संकल्पों का समय है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे विचार अपनाने, अच्छा कार्य करने और परिवार के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। असंतुलित खान-पान और गलत आदतों से दूर रहना आज की बड़ी आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि नववर्ष पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि अपने स्तर पर बीमारियों को दूर करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में प्रयास करें। बिना मेहनत के सफलता संभव नहीं है, इसलिए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने नकारात्मक सोच छोड़कर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने अपनी हाल की गुजरात यात्रा के अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय तथा इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के भ्रमण को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में विकसित फोरेंसिक, साइबर सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरिक्ष तकनीकें देश को वैज्ञानिक और तकनीकी रूप से सशक्त बना रही हैं। भारत आज उपग्रहों के माध्यम से नवीन तकनीकों से जुड़ चुका है और इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में विकसित कौशल को उत्तर प्रदेश के बच्चों और युवाओं के लिए अवसरों में बदलना आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से राजभवन परिसर स्थित विद्यालय में इसरो-प्रेरित विशेष लैब की स्थापना की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान मिलेगा और वे भविष्य के लिए तैयार हो सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बताया कि प्रदेश के 66 प्रतिशत विश्वविद्यालय नैक से एक्रेडिटेड हैं, जो राज्य के लिए गर्व की बात है।

# नया यूपी विकसित भारत की यात्रा में निभा रहा अहम भूमिका: योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'नया उत्तर प्रदेश' आज 'विक. सित भारत' की विकास यात्रा में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक संदेश पोस्ट करते हुए कहा है कि प्रदेश में संचालित विकास एवं जन- कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेशवासियों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति सहित समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई दे रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास, कानून-व्यवस्था में सुधार और रोजगार के नए अवसरों के सृजन से प्रदेश की तस्वीर तेजी से बदल रही है। मुख्यमंत्री ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि ईसवी सन 2026 में डबल इंजन सरकार की विकासप. रक नीतियों के बल पर उत्तर प्रदेश समृद्धि, सुशासन और सर्वांगीण प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा।

# गरीब-बहुजन के अच्छे दिनों की उम्मीद: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- बसपा अध्यक्ष देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने नववर्ष 2026 के अवसर पर देश-विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि नया साल सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, सुरक्षा और आत्म-सम्मान के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल लेकर आए।

नववर्ष संदेश में मायावती ने कहा कि नया साल देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और बहुजन समाज के लिए राहत और खुशहाली का साल बने। उन्होंने कहा कि आम लोगों की दिन-प्रतिदिन की जिदगी डर, दबाव और जटिल नियम-कानूनों से मुक्त होकर सरल और सहज होनी चाहिए। बहुजन समाज के लिए अपने बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष जारी रखना आज भी जरूरी है। उन्होंने देश और उत्तर प्रदेश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चिता जताते हुए कहा कि विकास का लाभ संविधान की भावना के अनुरूप सभी जरूरतम. ंदों तक पहुंचे, न कि केवल कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित रहे। सही विकास वही है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी वास्तविक बदलाव दिखाई दे। सुश्री मायावती ने कहा कि कानून का राज केवल सख्ती से नहीं, बल्कि निष्पक्षता और बिना भेदभाव के कार्रवाई से ही संभव है। देश में नफरत, घृणा और हिसा का माहौल खत्म करना नए साल की बड़ी जरूरत है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को 'अने. कता में एकता' और 'सर्वधर्म समभाव' के संवैधानिक सिद्धांतों पर चलते हुए सभी नागरिकों के जान-माल और सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि देश संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों पर ईमानदारी से आगे बढ़ेगा, तो भारत न केवल अंदर से मजबूत होगा, बल्कि दुनिया में भी सम्मान और मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। इससे आमजन का जीवन स्तर बेहतर होगा और देश की छवि मजबूत होगी।

### नए वर्ष की मस्ती में बूंदबांदी ने डाला खलल

**आगरा।** नए साल के पहले दिन आगरा में हुई हल्की बूंदा बांदी और खराब मौसम ने पर्यटकों की मौज मस्त में खलल डाल दिया। नववर्ष पर बड़ी संख्या में पर्यटक तांजमहल देखने के लिए उमड़े लेकिन मौसम ने साथ नहीं दिया। सुबह सुबह सुबह घने कोहरे से पर्यटक परेशान रहे। दूर दराज से आने वाले पर्यटक घने कोहरे की वजह से आने जाने में दिक्कत हुई। कोहरे के साथ बादल हो गए जिससे ठंड के साथ गलन भी बढ़ गई। दोपहर के बाद हल्की हल्की बूंदे गिरने लगीं जिससे पर्यटक और अधिक परेशान हो गए। आगरा में पूरे दिन धूप देखने को भी नहीं निकली।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10


सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# आईटीसी के दबाव में गिरावट में बंद हुए सेंसेक्स

**मुंबई, वार्ता**



एफएमसीजी कंपनी आईटीसी में भारी बिकवाली के दबाव में गुरुवार को साल के पहले दिन बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स लगभग दिन भर बढ़त में रहने के बाद अंत में लाल निशान में बंद हुआ।

सरकार ने बुधवार देर रात पान मसाला और तंबाकू उत्पादों पर उपकर लगाने तथा जीएसटी की दरों में बदलाव के लिए अधिसूचनाएं जारी कर दीं। नई दरें 1 फरवरी 2026 से लागू होंगी। अधिसूचना जारी होने के बाद देश की सबसे बड़ी सिगरेट कंपनी आईटीसी का शेयर आज करीब 10 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। यह अप्रैल 2023 के बाद का इसका निचला स्तर है। सेंसेक्स 32 अंक (0.04 प्रतिशत) टूटकर 85,188.60 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 16.95 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की बढ़त में 26,146.55 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया, जबकि छोटी कंपनियों में वे बिकवाल रहे। एफएमसीजी सेक्टर का सूचकांक तीन प्रतिशत से अधिक टूट गया। फार्मा, रसायन और स्वास्थ्य समूहों में भी गिरावट रही। बिक्री के रिकॉर्ड-तोड़ आंकड़े आने से ऑटो में 1. 03 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी, धातु, रियलिटी और बैंकिंग समूहों में भी तेजी रही। सेंसेक्स में आईटीसी के अलावा बजाज फाइनेंस का शेयर डेढ़ फीसदी के आसपास टूटा। एशियन पेंट्स, बीईएल और आईसीआईसीआई बैंक में भी गिरावट रही। एनटीपीसी और इटरनल का शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, पावर ग्रिड और टाटा स्टील के शेयर एक से डेढ़ प्रतिशत के बीच चढ़े। टेक महिंद्रा, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, कोटक महिंद्रा बैंक, सनफार्मा, ट्रेंट, रिलायंस, हिदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक में भी तेजी रही।

# सोने में उछाल के साथ चांदी की तेजी में लगा ब्रेक

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार के लिए साल 2026 की शुरुआत मिश्रित रही है। जहां एक ओर सोने की कीमतों ने मजबूती के साथ नए साल का स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के बाजार में सोने की कीमतों में 640 रुपये की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि चांदी में 1,600 रुपये की बड़ी गिरावट आई। गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,37,700 रुपये पर बंद हुआ था। इसके विपरीत, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट का सिलसिला जारी रहा। चांदी का भाव 2,37,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया, जो पिछले बंद भाव 2,39,000 रुपये से 1,600 रुपये कम है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2025 की रिकॉर्ड तेजी के बाद चांदी में कुछ मुनाफावसूली देखी जा रही है।

# बीएसएनएल ने सभी सर्कलों में शुरू की वाई-फाई कॉलिंग सुविधा

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने नव वर्ष पर पूरे देश में वॉयस ओवर वाई-फाई (वीओ वाईफाई) सेवा शुरू करने की घोषणा की है और इसके लिए किसी दूसरे ऐप के इस्तेमाल की जरूरत नहीं होगी।

संचार मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार देश की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता सरकारी कंपनी बीएसएनएल की यह वाई-फाई कॉलिंग सुविधा देश के प्रत्येक दूरसंचार सर्कल में सभी बीएसएनएल ग्राहकों के लिए उपलब्ध हो गई है। बयान में कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी यह लोगों को निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली संपर्क सुविधा सुनिश्चित करती है। वीओ वाई-फाई ग्राहकों को वाई-फाई नेटवर्क पर वॉयस कॉल और संद. ेश भेजने और प्राप्त करने की सुविधा देता है, जिससे घरों, कार्यालयों, बेसमेंट और दूरदराज के स्थानों जैसे कमजोर मोबाइल सिग्नल वाले क्षेत्रों में स्पष्ट और विश्वसनीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। वीओ वाईफाई आईएमएस-आधारित एक सेवा है, जो वाई-फाई और मोबाइल नेटवर्क के बीच निर्बाध हस्तांतरण का समर्थन करती है। इसमें कॉल ग्राहक के वर्तमान मोबाइल नंबर और फोन डायलर का उपयोग करके किए जाते हैं, जिसके लिए तीसरे पक्ष के एप्लिकेशन की आवश्यकता नहीं होती है। मंत्रालय का कहना है कि यह सेवा ग्रामीण और दूरदराज के उन क्षेत्रों में विशेष रूप से लाभप्रद है, जहां मोबाइल कवरेज सीमित होती है बशर्ते बीएसएनएल भारत फाइबर या किसी अन्य ब्रॉडबैंड सेवा जैसी एक स्थिर वाई-फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। वीओ वाई-फाई अधिकांश आधुनिक स्मार्टफोन पर समर्थित है। ग्राहकों को अपने हैंडसेट की सेटिंग्स में वाई-फाई कॉलिंग को सक्षम (इनेबल) करना होगा। इस सुविधा के संबंध में कंपनी ने हेल्पलाइन नंबर-18001503 की एक सुविधा भी प्रदान की है।

## पंकज चौधरी के सामने कठिन परीक्षा का दौर

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाकर बड़ा संगठनात्मक दांव खेला है। पार्टी सूत्रों और राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक यह नियुक्ति 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को हुए नुकसान के बाद 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर की गई है, लेकिन पंकज चौधरी के सामने राह आसान नहीं मानी जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बड़ा झटका लगा। 2019 में जहां गठबंधन ने 64 सीटें जीती थीं, वहीं 2024 में यह आंकड़ा घटकर 36 पर सिमट गया। माना जा रहा है कि ओबीसी मतदाताओं, खासकर कुर्मी समाज के एक बड़े हिस्से के पार्टी से दूर होने का असर चुनाव नतीजों में दिखा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**स्विट्जरलैंड के...** कॉन्सर्ट के दौरान आतिशबा. जी की वजह से हुई हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। विस्फोट वाली जगह और आसपास का इलाका सील कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हर 10 मिनट में रेस्क्यू हेलीकॉप्टर उड़ते नजर आए। स्विस मीडिया के मुताबिक, सभी उपलब्ध रेस्क्यू हेलीकॉप्टर मदद के काम में लगाए गए हैं। इटली ने भी एक हेलीकॉप्टर भेजा है।

क्रांस-मोंटाना स्विट्जरलैंड के आल्प्स पर्वत क्षेत्र में स्थित एक लग्जरी स्की रिसार्ट है। यह जगह स्विस राजधानी बर्न से करीब दो घंटे की दूरी पर है और यहां हर साल बड़ी संख्या में टूरिस्ट आते हैं, खासकर सर्दियों और नए साल के समय। 15,000 की आबादी वाला यह शहर देश के सबसे खास और महंगे इलाकों में गिना जाता है और सालभर मिलने वाली धूप के लिए मशहूर है। इसकी वजह यह है कि यह रोन घाटी में दक्षिण की ओर ढलान वाले पठार पर स्थित है। क्रांस-मोंटाना से मैटरहार्न पहाड़ दिखाई देता है, जिसे स्विट्जरलैंड की सबसे मशहूर पहचान माना जाता है। इसके अलावा यहां से मोंट ब्लांक जैसी अन्य ऊंची चोटियों के भी शानदार नजारे मिलते हैं।

**यूपी के...** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के निचले इलाकों में हल्की बारिश, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। मध्य प्रदेश में दिसम्बर की सर्दी ने 25 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। उत्तराखंड के 11 जिलों में शुक्रवार को बारिश की संभावना है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ में बर्फबारी की भी संभावना है। देहरादून में तापमान दो दिन में 7 डिग्री सेल्सियस गिर गया, जहां दो दिन पहले तापमान 23 डिग्री सेल्सियस था वो अब घटकर 16डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने का असर हरियाणा पर दिख रहा है। गुरुवार सुबह विजिबिलिटी 0 से 50 मीटर के बीच रही। कुछ जिलों में बारिश भी हुई है। शुक्रवार को भी 9 जिलों में बारिश की संभावना है।

# नई पेंशन योजना के विस्तार के लिए नीतिगत सुधार

**नई दिल्ली, वार्ता**

- प्रचार-प्रसार के लिए बिचौलिया इकाइयों की मदद को मंजूरी, वाणिज्यिक बैंक शुरू कर सकेंगे पेंशन कोष

पेंशन विनियामक ने अनुस. ूचित वाणिज्यक बैंकों को भी नई पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से पेंशन कोष चलाने की छूट देने की तैयारी के साथ साथ एनएपीए के प्रोत्साहन के लिए प्रबंधनाधीन निधि का कुछ पैसा योजना के प्रचार प्रसार के लिए बिचौलिया इकाइयों की मदद को मंजूरी दी है वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) को पेंशन कोष शुरू करने की छूट के नियमों को मंजूरी दे दी है।

इसका उद्येश्य प्रतिस्पर्धा और ग्राहक सुरक्षा मजबूत करना है। प्रस्तावित नए नियमों के तहत से पीएफआरडीए के समग्र मार्गदर्शन के अंतर्गत समन्वित जागरूकता, पहुंच और वित्तीय-साक्षरता पहल का समर्थन करने के लिए एयूएम का 0-0025 प्रतिशत एनपीएस इंटरमीडियरीज-(बिचौलिया फर्मों) के संघ (एएनआई) को दिया जाएगा। पीएफआरडीए के नियामकीय सुधारों में वर्तमान बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया गया है। अभी एनपीएस में बैंकों की भागीदारी सीमित थी। भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुरूप मजबूत बैंकों को ही पेंशन फंड प्रायोजित करने की अनुमति होगी। वित्त मंत्रालय का कहना है कि विस्तृत मानदंड अलग से अधिसूचित किए जाएंगे और नए तथा वर्तमान दोनों पेंशन फंडों पर लागू होंगे।

इसके साथ ही एनपीएस ट्रस्ट के बोर्ड में तीन नए न्यासियों की नियुक्ति की गई है। इनमें भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा, यूटीआई एएमसी- ट्रस्टी की पूर्व कार्यकारी उपाध्यक्ष स्वाति अनिल कुलकर्णी, डिजिटल इंडिया फाउंडेशन के सह-संस्थापक और प्रमुख और सिडबी द्वारा प्रबंधित फंड ऑफ फंड्स स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय उद्यम पूंजी निवेश समिति के सदस्य डॉ. अरविद गुप्ता शामिल हैं। खारा को एनपीएस ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी नामित किया गया है। उभरती वास्तविकताओं, खुदरा और गिग-इकोनॉमी क्षेत्रों में बीमा सुरक्षा का विस्तार करने के उद्देश्य के साथ पीएफआरडीए ने पहली अप्रैल 2026 से पेंशन फंड के लिए निवेश प्रबंधन शुल्क (आईएमएफ) संरचना को संशोधित किया है। संशोधित स्लैब-आधारित आईएमएफ में सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र के ग्राहकों के लिए अलग-अलग दरें होंगी है। एमएसएफ कोष को अलग-अलग गिना जाएगा। कंपोजिट स्कीम के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों या स्वत: चयन और सक्रिय चयन और 100 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश का वविकल्प चुनने वालों के लिए आईएमएफ समान रहेगा। एयूएम के स्लैब (करोड़ रुपये में) गैर-सरकारी क्षेत्र के ग्राहकों (एनजीएस) के लिए आईएमएफ दरें 25,000 तक 0. 12 प्रतिशत, 25,000 से अधिक और 50,000 तक 0.08 प्रतिशत, 50,000 से अधिक और 1,50,000 तक तथा 0.06 प्रतिशत 1,50,000 से ऊपर 0. 04 प्रतिशत होगा। पेंशन फंड द्वारा पीएफआरडीए को देय 0.015 प्रतिशत का वार्षिक नियामक शुल्क (एआरएफ) अपरिवर्तित रहेगा। वित्त मंत्रालय का कहना है कि नए नियमों से दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति परिणामों में सुधार होगा और वृद्धावस्था आय सुरक्षा में वृद्धि होगी।

# नूरपुर के माहौल को खराब करने की साजिश रच रहे शरारती तत्व

## सोशल मीडिया का भी लिया जा रहा सहयोग

**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** गामा-श्यामा के नगर को कुछ शरारती तत्व नजर लगाने में लगे हुए है। मगर नगर के सेकुलर लोग उनकी इस गंदे मंसुबे में कामयाब नहीं होने देंगे।

नगर के हिन्दू-मुसलमानों के बीच जो भाईचारे की मिसाल जनपद से लेकर पूरे प्रदेश में जानी व पहचानी जाती है, वह कायम रहनी चाहिए। देश में चाहे कुछ भी हुआ हो, मगर नूरपुर क्षेत्र में कभी भी कुछ ऐसा नहीं हुआ है, जिससे इस पहचान को नुकसान पहुंचे। सभी धर्मों व जाति के लोग आपस में भाईचारे के साथ रहते आए है। वह एक-दूसरे का सहयोग करते हैं। एक सप्ताह से नूरपुर नगर चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ दिन पहले सिख व मुस्लिम युवकों में विवाद हो गया था। उस विवाद को कुछ सफेदपोश नेता अब सांप्रदायिक रंग देने में लगे हुए हैं। जबकि यह मामला शुरू से ही आपसी झगड़े का था। नूरपुर नगर की पहचान हमेशा से ही आपसी भाईचारे और सौहार्द की रही है। नगर को नूर से जाना जाता है। आज तक कभी भी नगर में किसी भी तरह का हिंदू-मुस्लिम अथवा किसी अन्य समुदाय के बीच भी कोई बड़ी सांप्रदायिक घटना नहीं हुई है। इसके बावजूद कुछ लोग इस खामोश नगर को दंगों की आग में झौंकने में लगे हुए हैं। मगर जागरूक नागरिकों के द्वारा उनके इन नापाक मंसूबे को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। जागरूक व अमन-पसंद नागरिकों का मानना है कि चाहे इसके कोई भी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े।

बताया जाता है कि एक दिसंबर की रात्रि लगभग दस बजे कैफ उर्फ मुन्ना अपने मित्र मौहम्मद अर्सलान के साथ घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गुरुद्वारे से पहले मौहल्ला, जोशियान पहुंचे, वहां पहले से मौजूद सुखविंदर सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह मुंशी, दीपू पुत्र जितेंद्र सिंह, मलकीत और हरप्रीत सिंह पुत्र जसवीर सिंह निवासी मौहल्ला गोविंद नगर, कस्बा नूरपुर ने कैफ पुत्र जुल्फिकार और उसके मित्र अर्सलान पुत्र शाहिद अली को अपमानजनक शब्द कहते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी थी। वह जान से मारने की धमकी देने पर उतारू हो गए। जब कैफ व अर्सलान ने इसका विरोध किया, तो आरोप है कि लाठी-डंडों, पत्थरों और धारदार हथियारों से उन पर जानलेवा हमला कर दिया गया। इस हमले में दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोटें आई। साथ ही उनकी मोटर साइकिल संख्या यूपी 14 डीएफ 4480 को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की सूचना थाना नूरपुर में दी गई थी, लेकिन कुछ सफेदपोश तथाकथित नेताओं ने कैफ और अर्सलान के परिजनों को समझा-बुझाकर कानूनी कार्रवाई करने से रोक दिया था। बस फिर क्या था, कुछ लोगों ने शांत माहौल को सोशल मीडिया के माध्यम से बिगाड़ने की कोशिश की। इसी बीच कुछ असामाजिक तत्वों ने विदेश से सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इस आपसी विवाद को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। हालात बिगाड़ने के मकसद से औरंगजेब जैसे संवेदनशील मुद्दों को जानबूझकर जोड़ा गया, ताकि नगर का माहौल खराब हो सके। हालांकि पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह मामला किसी भी तरह से सांप्रदायिक नहीं है, बल्कि दो पक्षों के बीच हुआ आपसी विवाद है। इसके बावजूद असामाजिक नेता और तथाकथित मीडिया के लोग सच्चाई जानने के बाद भी इसे सांप्रदायिक रंग देने में लगे हुए हैं और अपनी गंदी मानसिकता के साथ राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे है। मगर वह कभी भी अपने मकसद में कामयाब नहीं होने वाले हैं। नगर वासियों का कहना है कि नगर की गंगा-जमुनी तहजीब को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्हें किसी भी कीमत बख्शा नहीं जाना चाहिए। पुलिस के आलाधिकारी अपना काम बड़ी ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। वह नगर की हर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। ताकि शहर का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे। पुलिस शरारती तत्वों पर बारीकी से नजर रख रही है। पुलिस की सराहना हो रही है।

# नूरपुर में मुनासिर भूरा अरेस्ट




**बिजनौर।** नूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जाफराबाद कुरई के जंगल में गौवंशीय अवशेष मिले थे। इस संबंध में थाना नूरपुर धारा 3/5/8 गौवध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने 29/30 दिसम्बर की रात को मुठभेड़ में दो अभियुक्तों को अवैध शस्त्रों व पशुवध के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया था। साथ ही घटना में इस्तेमाल टैम्पो वाहन को भी बरामद किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान मुनासिर उर्फ भूरा पुत्र अकबर पहलवान निवासी मौहल्ला मौहम्मद नगर, नूरपुर का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने मुनासिर उर्फ भूरा को गिरफ्तार कर लिया है।

## 83 अभियोगों में सजा

**बिजनौर।** दिसम्बर माह में 83 अभियोगों में 119 अभियुक्तों को कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पुलिस के द्वारा न्यायालय में अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी पैरवी की गई।

# योगी सरकार में युवाओं के लिए अवसरों का स्वर्णिम युग : आकिब यूनुस एड.



## प्रदेश के विकास में लग रहे चार चांद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** युवा भाजपा नेता आकिब यूनुस एड. ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी योगी की पाती को उत्तर प्रदेश के भविष्य का दूरदर्शी रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि यह पाती प्रदेश को डिजिटल, सुरक्षित और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की दिशा में ले जाने वाला संकल्प है।

युवा भाजपा नेता आकिब यूनुस ने कहा कि 2025 तकनीक, एआई और डेटा आधारित विकास का महत्वपूर्ण वर्ष रहा है, जबकि 2026 में उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश मानचित्र पर नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। एआई सिटी, जेवर की सेमीकंडक्टर यूनिट, डेटा सेंटर नीति और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क जैसे प्रोजेक्ट युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने एआई प्रज्ञा अभियान की सराहना करते हुए कहा कि एआई प्रशिक्षण और युवाओं की भागीदारी से उत्तर प्रदेश तकनीकी महाशक्ति बनेगा। यह युवाओं के लिए अवसरों का स्वर्णिम युग है और सरकार का विजन प्रदेश को विज्ञान व प्रौद्योगिकी का केंद्र बनाने की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में प्रदेश का रिकार्ड विकास हुआ है। सरकार की नीतियों से प्रदेश के विकास में चार चांद लग रहे है। देश और दुनिया में प्रदेश की पहचान मजबूत बनी है। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे है। प्रदेश सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब वर्ग का उत्थान किया है।

# विकास में बेहद पिछड़ रहा जनपद

## नहीं लग रही नई फैक्ट्रियां, पलायन को मजबूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विकास के मामले में जनपद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों की तुलना में काफी पिछड़ रहा है। जिसकी वजह से यहां के युवा व अन्य बेरोजगार पलायन को मजबूर है। लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इसकी कतई चिंता नहीं है।

गौरतलब है कि जनपद विकास के मामले में पश्चिमी उ.प्र. के अन्य जनपदों की तुलना में काफी ज्यादा पिछड़ रहा है। जनपद में चीनी मिलों के अलावा कोई ऐसी बड़ी फैक्ट्रियां नहीं है, जिसमें स्थानीय नौजवानों एवं दस्तकारों को रोजगार मिल सके। लंबे समय से प्रदेश में भाजपा की सरकार है। जनपद में भाजपा के चार विधायक है। इसके बावजूद वह जनपद के विकास में अपना ऐसा कोई योगदान नहीं दे पा रहे है, जिसे उनकी उपलब्धि मान कर याद किया जा सकें। यह चारों विकास जनपद में न तो कोई फैक्ट्री लगवा पा रहे है और न ही गंगा एक्सप्रेस-वे को जनपद से निकलवा पा रहे है। गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण को लेकर जनपद में लगातार आवाजें उठ रही है। फिर भी चारों विधायक अपनी सरकार से इस मांग को पूरा नहीं करा पा रहे है। मुजफ्फरनगर के भाजपा नेता उन पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे है।

आज जनपद में रोजगार को लेकर हालात इतने ज्यादा खराब हो रहे है कि प्रतिभाओं एवं दस्तकारों को खाड़ी देशों व महानगरों में पलायन को मजबूर होना पड़ रहा है। पूर्व में खाड़ी के मुस्लिम देशों में सिर्फ शेरकोट, स्योहारा, अफजलगढ़, नहटौर एवं चांदपुर के मुसलमान ही रोजगार के सिलसिले में जाते थे। मगर अब बेरोजगारी इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि सर्वसमाज के बेरोजगार इन देशों में रोजगार के सिलसिले में जाने को मजबूर है। ऐसे हालात में खाड़ी के मुस्लिम देश स्थानीय परिवारों को पाल रहे है। अगर मुस्लिम खाड़ी देश इनको अपने देश से बाहर का रास्ता दिखा दें, तो जनपद में बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। जनपद में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। मगर उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने एवं रोजगार करने का सम्मानजनक अवसर नहीं मिल पा रहा है। सबसे ज्यादा परेशान शिक्षित युवक युवतियां है। भाजपा विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि चाहते, तो जनपद में नई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना करा सकते थे। चारों विधायक एक साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिल कर इस संबंध में अनुरोध कर सकते थे। वह नगीना की बंद पड़ी कताई मिल को चालू करा सकते थे। मगर वह इसे लेकर न तो गंभीर है और न ही उनके अंदर इच्छाशक्ति दिखाई देती है।

### दम तोड़ रहा नहटौर का प्रसिद्ध कपड़ा उद्योग

**बिजनौर।** नहटौर की पहचान देश-विदेश में कपड़ा उद्योग को लेकर थी। सपा व इससे पूर्व कांग्रेस की सरकारों में कपड़ा उद्योग को पूरा संरक्षण मिला। नई इकाईयों की स्थापना, बिजली बिल एवं कच्चा माल की सुलभता सहित हर तरह की मदद कांग्रेस एवं सपा की सरकारों ने कपड़ा उद्योग को दी। इस कपड़ा उद्योग के जरिए देश को बड़े पैमाने पर विदेशी मुद्रा भी मिलती थी। इस कारोबार से सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी चलती थी। मगर भाजपा सरकार में इसे न तो कोई संरक्षण मिला और न ही किसी तरह की मदद की गई। जिसकी वजह से कपड़ा उद्योग दम तोड़ रहा है। कारोबारी अब दूसरे काम करने को मजबूर है। उनके यहां काम करने वाले दस्तकार बेरोजगार हो गए है।

### किरतपुर के शीशी उद्योग की भी पहचान खत्म

**बिजनौर।** शीशी उद्योग के लिए किरतपुर की अपनी पहचान थी। यहां पर शीशी का निर्माण करने वाली कई इकाईयां थी। हजारों लोग इससे जुड़े हुए थे। मगर आज किरतपुर की यह पहचान पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। सरकार ने इस उद्योग को आगे बढ़ाने में किसी भी तरह की मदद नहीं की। जहां पूर्व में किरतपुर में कई इकाईयां स्थापित थी, वहीं आज इसका दायरा सिमट गया है। भाजपा सरकार में इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया गया।

# शराबियों के सामाजिक बहिष्कार की जरूरत

## ❑महिलाओं को शराब की दुकानों पर लगाने चाहिए तालें ❑बर्बाद हो रहे परिवार

**समीउल्लाह**

**बिजनौर।** शराब ने समाज को बर्बाद करके रख दिया है। लेकिन इसके बावजूद केन्द्र व प्रदेश सरकार शराब पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने की दिशा में कोई प्रयास नहीं कर रही है।

हालांकि देश में नशे के दूसरे साधन भी मौजूद है। भांग, चरस, अफीम, सुल्फा एवं कोकिन भी नशेड़ी इस्तेमाल करते है। मगर न तो यह आसानी से मिलते है और न ही यह सस्ते होते है। जबकि शराब की दुकानें तो इस तरह से मिल जाएंगी, जैसे सरकार ने दवाईयों की दुकानें खुलवा दी हो। देसी व अंग्रेसी शराब की दुकानों की संख्या इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि अब शराबियों को कहीं दूर नहीं जाना पड़ता है। इसके अलावा ग्राम-ग्राम में शराब की दुकानें मौजूद है। प्रदेश सरकार ने शराब को लेकर पिछली सरकारों की मुहिम को ही आगे बढ़ाया है।

शराब की देसी व अंग्रेजी दुकानों के अलावा कच्ची शराब का धंधा भी खूब फल-फूल रहा है। ग्राम-ग्राम में कच्ची शराब बनाई जा रही है। जंगल के अंदर भट्टियां लगी हुई है। जहां पर शराब बनाई जा रही है। इसके अलावा हरियाणा मार्का शराब की भी तस्करी हो रही है। यह शराब सस्ते दामों पर आसानी से मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस शराब की खपत सबसे ज्यादा है। शराबी पूरी मौज में है।

### महिलाओं को आना पड़ेगा अब आगे

**बिजनौर।** शराब खोरी का सबसे बुरा असर शराबी के परिवार पर ही पड़ता है। शराबी हर तरह से सबसे ज्यादा परेशान अपने परिवार के सदस्यों एवं पड़ोसियों को ही करता है। शराबियों के परिवार की आर्थिक स्थिति भी बद से बदत्तर हो जाती है। वह न तो कमाता है और जो जमा पूंजी होती है, उसे भी शराब खोरी पर खर्च कर देता है। इसका असर पूरे परिवार पर पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशान महिलाएं व बच्चे होते है। इस स्थिति में महिलाओं को ही शराब खोरी के खिलाफ आवाज उठानी पड़ेगी।

महिलाओं को साहस के साथ इसकी शुरूआत अपने परिवार से ही करनी पड़ेगी। परिवार के जो पुरुष सदस्य शराब पीते है, उनको पहले समझाया जाए। इसके बाद भी न मानें तो फिर सख्ती की जाए। शराबियों से बातचीत बंद करना एवं उन्हें खाना न देकर बच्चों को उनसे अलग करना भी शराब छुड़वाने का बेहतर विकल्प हो सकता है। इसके लिए मजबूत इच्छा शक्ति से काम लेना होगा। समूह बना कर महिलाएं शराब खोरी के खिलाफ अभियान बेहतर ढ़ंग से चला सकती है। जरूरत नैतिक साहस का इस्तेमाल करने की है। आंदोलन करने वाली महिलाओं को शराब खोरी के विरोध में काम करने वाले सामाजिक संगठनों एवं शराब से नफरत रखने वाले जागरूक पुरुषों को भी साथ देना पड़ेगा। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। परिणाम भी एक दो दिन में नहीं आ जाएंगे। इसके लिए लगातार प्रयास करने पड़ेंगे।

### शराबी बाप से मासूम बच्चे भी मायूस

**बिजनौर।** शराब की वजह से समाज पर बुरा असर पड़ रहा है। जिन बच्चों का बाप रात को शराब पी कर घर आता है और उनकी जरूरत का सामान नहीं लाता है, उनसे शराब की बुराईयों के बारे में पूछना चाहिए। बच्चे पापा से चिप्स मंगाते है और पापा अपने लिए शराब मुंगफली एवं नमकीन ले आते है। बच्चे पापा का मुंह देखते रह जाते है। कुछ कहने एवं जिद करने पर शराबी बाप अपने बच्चों एवं कई बार पत्नी की पिटाई भी कर दते है। जिससे घरों में झगड़े होते है। शराबी बाप को मासूम बच्चों पर तरस नहीं आता है।

### किसी भी मजहब में इजाजत नहीं

**बिजनौर।** किसी भी मजहब में शराब खोरी सहित दूसरा नशा करने की इजाजत नहीं है। इस्लाम में तो शराब को हराम करार दिया गया है। शराबी की न तो इबादत कबूल होती है और न ही उसके साथ खाना खाने की इजाजत है। हिंदू धर्म में भी शराब को अच्छी चीज नहीं ठहराया गया है। वजह इसकी साफ है। अगर शराब अच्छी चीज जोती तो हर किसी को इसे पीने की इजाजत होती। गंभीर बात यह है कि शराब हराम होने के बावजूद इसके खिलाफ धर्मगुरु अभियान नहीं चलाते है। वह शराब खोरी के विरूद्ध आवाज भी नहीं उठाते है। धर्गुरुओं को शराब खोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाना चाहिए।

## पुलिस ने अमन को पकड़ा

**बिजनौर।** थाना नूरपुर में वादी ने 23 दिसम्बर को तहरीर दी थी कि मुन्ना पुत्र जुल्फकार कुरैशी निवासी मौहल्ला मौहम्मद नगर ने अपने अज्ञात साथियों के साथ मिल कर उसके पुत्र व दो अन्य के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की थी। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 427/2025 धारा 115 (2) व 109 (1) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया था। विवेचना के दौरान अमन पुत्र खुर्शीद निवासी मौहल्ला इस्लामनगर, साहिल पुत्र इदरीस मौहल्ला रविदास नगर एवं मौहम्मद माज पुत्र मौहम्मद कासिम निवासी मौहम्मद नगर व एक किशोर का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने अभियोग में धारा 117 (2), 191 (2), 191 (3) व 190 बीएनएस की वृद्धि की है। पुलिस ने अमन पुत्र खुर्शीद को भी आज गिरफ्तार कर लिया।

## जनपद में 10.21 लाख बरामद

**बिजनौर।** साइबर सैल के द्वारा माह दिसम्बर में 21 व्यक्तियों के साथ की गई ऑन लाइन रुपयों की धोखाधड़ी के मामले में कुल दस लाख इक्कीस हजार बावन रुपए की बरामदगी की गई। थाना नजीबाबाद में 9770 रुपए, चांदपुर में 16934 रुपए, नजीबाबाद में 25050 रुपए, नांगल में 3599 रुपए, नजीबाबाद में 50000 रुपए, किरतपुर में 29000 रुपए, नहटौर 79368 रुपए, किरतपुर में 195703 रुपए, कोतवाली शहर में 59365 रुपए, 104000 रुपए व 5000 रुपए, चांदपुर में 213000 रुपए, शिवाला कलां में 25000 रुपए एवं अफजलगढ़ में 75000 रुपए की बरामदगी की गई।

## ब्लैकमेलर मीडियाकर्मियों ने मुफ्तखोरी की डाली आदत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना में ब्लैकमेलर मीडियाकर्मियों ने कुछ पाठकों को मुफ्तखोरी की आदत डाल दी है। यह ब्लैकमेलर मीडियाकर्मी ज्यादा दिनों तक एक समाचार पत्र में काम नहीं कर पाते है। क्योंकि यह समाचार पत्रों के संपादकों की अपेक्षाओं पर खरें नहीं उतर पाते है। इनके द्वारा मुख्यालयों से ऐसे अखबार मंगाए जाते है, जिनकी कोई डिमांड पाठकों के बीच नहीं होती है। इन अखबारों में स्थानीय खबरें भी नहीं होती है। जिसकी वजह से कोई इन्हें खरीद कर पढ़ना नहीं चाहता है। लेकिन ब्लैकमेलर मीडियाकर्मी अपना काम चलाने के लिए पाठकों के बीच इन समाचार पत्रों को कुछ महीनों तक फ्री में बांटते हैं। जब इनके रुपए बतौर जमानत संस्थान में खत्म हो जाते है, तो वहां से फिर समाचार पत्र भेजना बंद कर दिया जाता है। इसके बाद यह ब्लैकमेलर मीडियाकर्मी कोई दूसरा अखबार ढूंढते हैं। इस चक्कर में कुछ पाठकों को फ्री का अखबार पढ़ने को मिल जाता है। यह पाठक अन्य प्रतिष्ठित समाचार पत्र भी फ्री में लेना चाहते है। इनकी मुफ्तखोरी की आदत इन्हें बदनाम कर रही है। सम्मानित हॉकर व एजेंसी संचालक भी इनकी हरकतों से परेशान है।

# सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

## डीएम जसजीत ने दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज से 26 जनवरी तक लिए सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ हो गया है। इस मौके पर डीएम जसजीत कौर ने यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

प्राप्त समाचार के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में किया गया। जिसमें जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सभी को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। यह उनकी सुरक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जाए।

इस मौके पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) शिव शंकर सिंह द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गौरी शंकर ठाकुर, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक बिजनौर डिपो अशोक कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक धामपुर डिपो, यातायात पुलिस निरीक्षक रवि नैन आदि उपस्थित रहे। डीएम द्वारा उपस्थित परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, समस्त निर्माण एजेंसियों के सदस्यों, ट्रान्सपोर्ट यूनियन के सदस्यों तथा जनमानस को सड़क सुरक्षा का पालन करने की नसीहत दी गई। उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन पूरे माह जनपद में मुख्य क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए सड़क सुरक्षा का प्रचार करेगा।

इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा जागरूकता सम्बंधी, पोस्टर, स्टीकर, हैंडबिल एवं पम्पलेट का वितरण किया गया तथा जनपद मुख्य चौराहों एवं मुख्य स्थानों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाए गए। जनपद के विभिन्न वाहन डीलरों द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया।

## एक नजर

### बाराबंकी के गुंडे अजित सिंह का चालान



**नजीबाबाद।** वादी ने थाना पर तहरीर दी कि उसकी पुत्री व भतीजी एवं एक अन्य लडकी घर से कपड़े खरीदने के लिए कृष्णा टॉकिज की गली में छाबडा मार्केट में गई थी। वह दुकान पर कपड़े खरीद रही थी, तभी वहां एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की भतीजी को जान से मारने की नियत से उस पर छुरे से वार कर दिया। जिससे वादी की भतीजी घायल हो गयी। वादी की तहरीर के आधार पर थाना पर मुकदमा अपराध संख्या 449/225 धारा 109 (1) बीएनएस व 4/25 आयुध अधिनियम में पंजीकृत किया गया। पुलिस हिरासत में लिये गये अभियुक्त ने अपना नाम अजीत सिंह पुत्र बालगोविन्द सिंह निवासी ग्राम सुर. जनपुर, थाना मौहम्मदपुर खाला, जनपद बाराबंकी बताया। अभियुक्त ने बताया कि वह 31 दिसम्बर की सायं को अत्यधिक नशे में छाबडा मार्केट में घूम रहा था एवं उसके पास एक छुरा भी था। वहीं पर एक कपड़ों की सेल की दुकान पर उसने नशे में होने के कारण एक लड़की को जान से मारने की नीयत से उसकी गर्दन पर छुरा रख दिया। पीड़िता के शोर मचाने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया गया तथा उसके कब्जे से छुरा बरामद कर लिया गया।

### वीर गोकुल को श्रद्धांजलि



**बिजनौर।** जिला पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आज वीर गोकुल सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने वीर गोकुल सिंह के जीवन के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि गोकुल सिंह भारत माता के वीर सपूत थे। जिन्होंने विशाल मुगल सेना के दांत खट्टे कर दिए थे। उनका आज बलिदान दिवस है। इनका इतिहास पढ़कर आप भी अपने पूर्वजों की वीरता पर गर्व महसूस करेंगे। इस दौरान संजीव मलिक, विजयदीप बबलू, शशिकांत बालियान, अनिल चौधरी, संकित राठी, अनुज चौधरी आदि मौजूद रहे।

### डॉ. भानुप्रकाश पुन: बने जिलाध्यक्ष



**बिजनौर।** ग्रामीण पत्रकार एसो. की बैठक ग्राम मोरना स्थित भारत सेवाधाम परिसर में महंत देवराज कमल की अध्यक्षता व जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार के संचालन में हुई। प्रदेश महामंत्री (संगठन) डॉ. नरेश पाल सिंह व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष डा.भानुप्रकाश वर्मा ने संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के चित्र के समक्ष पुष्पार्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबू बालेश्वर लाल ने ग्रामीण पत्रकार एसो. की स्थापना आठ अगस्त 1982 को बलिया जनपद के एक छोटे से कस्बे गड़वार में सात स्थानीय पत्रकार साथियों के साथ मिलकर की थी। आज यह संगठन पूरे प्रदेश ही नहीं, देश कर्नाटक, उत्तराखंड सहित दस राज्यों में वटवृक्ष के रूप में फैल चुका है। उन्होंने कहा कि आंचलिक ग्रामीण पत्रकारों को पहचान दिलाने की सबसे सशक्त पहल ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने ही की है। जिला ईकाई के चुनाव पर चर्चा के दौरान डॉ. आलम फरीदी ने डॉ. भानुप्रकाश वर्मा को ही जिलाध्यक्ष का दायित्व संभालने का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर अपना समर्थन व्यक्त किया। इस मौके पर इंदर सिंह चौहान, जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष यशपाल सिंह, गुणवंत सिंह राठौर, परम सिंह, चौधरी शेर सिंह, अवनीश शर्मा, नरेश फौजी, सतवेंदर सिंह गुजराल, नीरज शर्मा, कमल सिंह, ऋषि त्यागी, रामरतन सिंह, डॉ. मनोज कटारिया, नीरज शर्मा, पवन सिंह चौधरी, नसीम सैफी, मन्नान सैफी, इदरीस अंसारी, प्रशांत कुमार, नरेश फौजी, बबलू चौहान, पंकज जोशी, ओमपाल प्रजापति, सतीश चौहान, बिजेंद्र शर्मा, बिरेंदर चौधरी, मौहम्मद शाहिद, डॉ. थम्मन सिंह गहलौत, हकीम असराऊल हक, नवाबुद्दीन उर्फ नवाब, डॉ.प्रदीप कुमार, फिरोज आलम, कामेंद्र कुमार, मनोज डबास, धर्मवीर दिवाकर, आशु शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, मौहम्मद आवेश, अरुण कुमार, वीरेश कुमार, थमन सिंह, अमर द्विवेदी, मुकेश शर्मा, नारायण किशोर शर्मा, परम सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक में डॉ. मनोज कटारिया एवं मौहम्मद अरशद को नवीन सदस्यता ग्रहण कराई गई।

### गायों को खिलाया गुड़ व चना



**नजीबाबाद।** श्री गौशाला में आज को प्रात: दस बजे के करीब श्री गौ सेवा समिति के द्वारा गौ माता को हरी सब्जी, गुड़ व चना खिलाकर नए साल की शुरुआत की गई। पूजन कार्य पंडित भोला शंकर शास्त्री द्वारा पूरे विधि विधान मंत्रोचार के साथ कराया गया। इस अवसर पर श्री गौ सेवा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिनमें विनीत अग्रवाल, प्रदीप महेश्वरी, निरंजन झा, सुधा माहेश्वरी, रोहित खरबंदा, शैलेंद्र माहेश्वरी, कंचन माहेश्वरी, संजीव गोयल, संदीप बहल, दुर्गेश मनचंदा, रतन नंदा, राजीव अग्रवाल, राजन टंडन, संत कुमार, हरिओम सिंघल, अनंत अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, सुनील ग्रोवर, अंजना चौहान, आकांक्षा, कंचन सलूजा, रुचि अग्रवाल, रूपम देवी, सुमन बहल, आध्या सलूजा, दिव्यम, शानवी, हेमंत अग्रवाल आदि शामिल थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# गुलदार ने आवारा पशु को बनाया निवाला

## ग्रामीणों में भय का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गुलदार की दहशत से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। आबादी क्षेत्र से सटे खेतों में गुलदार द्वारा एक आवारा पशु को निवाला बनाए जाने की घटना से गांव में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोवर्धनपुर नंगली निवासी किसान गौरव कुमार का खेत आबादी के नजदीक स्थित है। बीती शाम जब वह अपने खेत पर पहुंचे तो वहां गुलदार द्वारा आवारा पशु को निवाला बना दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

घटना के बाद गांव के लोगों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार की लगातार आवाजाही से खेतों में काम करना और रात के समय निकलना खतरे से खाली नहीं है। प्रकाश सिंह, लक्की कुमार, हुकुम सिंह, रितिका कुमार, यशपाल सिंह, सौरव कुमार, नैपाल सिंह, ललित कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में तत्काल पिंजरा लगवाकर गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# बाइक चोर गैंग तक पहुंची नहटौर पुलिस, कई युवकों से पूछताछ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बाइक चोर गैंग की तलाश में जुटी नहटौर पुलिस को बाइक चोर व खरीदने वाले लोगों तक पहुंचने में सफलता मिलती हुई नजर आ रही है। पुलिस बाइक चोर गैंग के करीब पहुंच गई है। नजीबाबाद व हीमपुर दीपा क्षेत्र के कई लोगों से पूछताछ की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर ब्लॉक से कुछ माह पूर्व ग्राम पंचायत सचिव विशेष कुमार की बाइक चोरी हो गई थी। इसके अलावा भी क्षेत्र से कई बाइक चोरी होना बताया जा रहा है। पुलिस बाइक चोरों को पकड़ने के लिए काम कर रही थी। नहटौर पुलिस कई युवकों से पूछताछ करने में लगी हुई। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने इस मामले में नजीबाबाद व हीमपुर दीपा क्षेत्र के कुछ लोगों से पूछताछ की है। बाइक चोरी गैंग के तार आपस में जुड़े मिले होना बताया जा रहा है। बाइक चोरी करने के बाद दूसरे प्रदेश में बेची जा रही थी। चोरी हुई बाइकों का भी पता चला है। पुलिस ने बाइके बरामद करने में लगी हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं। बाइक चोरी की घटनाओं को लेकर लोग परेशान थे। नहटौर पुलिस बाइक चोरों की तलाश में लगी हुई थी। नहटौर पुलिस बाइक चोरों के आपस में कनेक्शन तलाशने में लगी हुई है।

## एक नजर

### पुलिस ने दर्ज नहीं की चोरी की रिपोर्ट



**नहटौर।** सात महीने से एक महिला पर्स चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर काट रही है। नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम बाघला निवासी गुड्डो परवीन पत्नी मौ.गौरी ने बताया कि वह 8 जून 2025 को अपने पति के साथ नहटौर बाजार में ज्वैलर्स की दुकान में किसी कार्य से आई थी। दुकान में उसने अपना सोने का मंगलसूत्र निकालकर अपने पर्स में रखा था। तभी वह अपने पति के साथ दुकान से बाहर आई जबकि उसका पर्स दुकान में ही रखा रह गया। उसी दौरान दुकान में बैठी दो महिलाएं उसका पर्स उठाकर चली गई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करा दी थी। लेकिन सात माह बाद भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पुलिस ने न तो उसकी रिपोर्ट दर्ज की और न ही अभी तक उसका पर्स बरामद किया है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### नववर्ष पर मंदिरों में भंडारे



**शेरकोट।** नववर्ष के अवसर पर नगर के मंदिरों में श्रद्धा और आस्था के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया तथा भंडारों का आयोजन हुआ। नगर के मंदिरों विशेषकर शेरकोट-धामपुर मार्ग स्थित मनोकामना महादेव मंदिर, मां वैष्णो देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के उपरांत मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने सेवा भाव से भंडारे की व्यवस्थाओं को संभाला। आयोजन समिति ने बताया कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम सामाजिक एकता, भाईचारे और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति संगीत और जयकारों से माहौल भक्तिरस में डूबा रहा।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गिरफ्तार




**चांदपुर।** पीड़िता ने हीमपुर दीपा थाने में तहरीर दी थी, जिसमें बताया गया था कि उमरी पीर गांव निवासी अरशद पुत्र रईस ने उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इस तहरीर के आधार पर पुलिस ने हीमपुर दीपा थाने में मु.अ.सं. 125/2025 धारा 69 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस इस मामले में वांछित चल रहे आरोपी अरशद पुत्र रईस को आज गिरफ्तार करने में सफल रही। आरोपी उमरी पीर, थाना हीमपुर दीपा, जनपद बिजनौर का निवासी है।

### दुर्लभ वन्यजीवों का दीदार

**अफजलगढ़।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व रेंज में सर्दियों की जंगल सफारी पर आने वाले सैलानियों को इन दिनों वन्यजीवों की भरपूर झलक देखने को मिल रही है। घने जंगलों में बाघ, गुलदार और हाथियों के झुंड के साथ-साथ अब भालुओं की सक्रिय मौजूदगी ने पर्यटकों का उत्साह बढ़ा दिया है। सर्दियों के मौसम में जंगल का वातावरण शांत रहता है और प्राकृतिक भोजन की उपलब्धता भी बढ़ जाती है। जंगल में बेरी (जंगली फल) जैसे खाद्य संसाधन प्रचुर मात्रा में मिलते हैं, जो भालुओं का प्रमुख आहार हैं। इसी कारण इस मौसम में भालू अधिक सक्रिय होकर खुले इलाकों में दिखाई देते हैं। रेंज अधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि भोजन की तलाश में भालू सर्दियों के मौसम में अमानगढ़ की ओर आ जाते हैं। भालू ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत में प्रजनन करते हैं और सर्दियों का मौसम उनके बच्चे देने का समय होता है। इस कारण भालू शिकारी जानवरों से बच्चों को बचाने के लिए सुरक्षित स्थान की तलाश करते हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि भालुओं के क्षेत्र में दखल देने से वे हमलावर भी हो सकते हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार, इस अवधि में मादा भालू अपने शावकों के प्रति अत्यधिक सतर्क रहती है और किसी भी संभावित खतरे से उन्हें दूर रखने का प्रयास करती है। इसी वजह से वन विभाग द्वारा सफारी मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। गौरतलब है कि भालू को आईयूसीएन की रेड लिस्ट में 'वल्नरेबल' (संवेदनशील) श्रेणी में रखा गया है। ऐसे में इनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व का वन क्षेत्र अभी भी सुरक्षित और जैव विविधता से भरपूर है। वन विभाग ने पर्यटकों से अपील की है कि वे सफारी के दौरान शांति बनाए रखें, वन्यजीवों से सुरक्षित दूरी रखें और नियमों का पालन करें, ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष की संभावना को कम किया जा सके।

# धामपुर शुगर मिल में खाटू श्याम जी के भजन का आयोजन




**धामपुर।** शुगर मिल में नववर्ष के उपलक्ष में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता जी एवं उनकी पत्नी मिताली गुप्ता तथा डीएसएम क्लब के अध्यक्ष विकास अग्रवाल एवं मोना अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप में खाटू श्याम जी का भजन का आयोजन किया गया है। भजन कीर्तन कुलदीप शर्मा एंड पार्टी के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कारखाना महाप्रबंधक विजय गुप्ता, विवेक सिंह यादव, विनोद सिंह राणा, अभय शर्मा, उपेंद्र तोमर, विकास अग्रवाल, सत्यवीर सिंह, मोहित वशिष्ठ, पंडित सुनील शास्त्री, गोविंद अग्रवाल, श्याम सुंदर शर्मा, लव कुश चौहान,वीरेंद्र सुपरवाइजर, चितरंजन विक्रम आदि के द्वारा किया जा रहा है।

# झालू में कान्हा गौशाला की व्यवस्था को सराहा

## गौवंश को खिलाया गुड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कान्हा गौशाला पहुंच कर गौ माता को गुड़ खिलाया। यहां की व्यवस्था की सराहना की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार इस मौके पर भाकियू नगर अध्यक्ष डॉ. कामेंद्र सिंह, पूर्व युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष शुभम कुमार राणा अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। पशु चिकित्सक जसवीर सिंह राणा सहित पूरी टीम भी मौके पर मौजूद रही।



गौशाला में उपस्थित रविंद्र सिंह, जाहिद, अरुण सहित अन्य लोगों से भाकियू नगर अध्यक्ष डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने वार्ता की। वार्ता के दौरान बताया गया कि गौशाला में सभी पशु पूर्ण रूप से स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं तथा डॉक्टरों की टीम गौशाला की देखरेख को लेकर निरंतर सजग रहती है। यूनियन के पदाधिकारियों ने गौशाला की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। कर्मचारियों ने जानक. ारी दी कि पशुओं को नियमित रूप से सुबह-शाम हरा चारा दिया जाता है तथा आवश्यकता पड़ने पर भूसा भी खिलाया जाता है। गौशाला का वातावरण स्वच्छ एवं सुंदर पाए जाने पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने संतोष व्यक्त किया। भाकियू की ओर से गौशाला में एक अतिरिक्त गेट बनाए जाने की मांग भी रखी गई, ताकि छोटे एवं बड़े पशुओं को अलग-अलग रखा जा सके। मौके पर मौजूद नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी और गेट निर्माण की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में विपुल कुमार, वीर सिंह, नीपू, अक्षय, विनीत, प्रशांत, नरेंद्र, वीरेंद्र, मनु शर्मा, रोहन गलियां, मोहित, अभिषेक, विपुल कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगीना में ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा

## पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को किया जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** रायपुर रोड पर मठेरी पुलिया के पास रात के समय एक ट्रक ने बाइक को रौंद दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को अस्पताल पहुंचाया और चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को जब्त कर लिया।

प्रत्यदर्शियों के अनुसार ट्रक की टक्कर से बाइक चालक फुटपाथ पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बाइक चालक को उठा लिया, जबकि अनियंत्रित ट्रक गिरी बाइक को रौंदता हुआ सड़क किनारे गड्ढे में जा धंसा।

घायल बाइक चालक युवक की पहचान मौहल्ला लोहारी सराय निवासी नासिर के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रक चालक नशे की हालत में लग रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नगीना।** थाना क्षेत्र के हसन नली भोगन रेलवे फाटक से लगभग 100 मीटर दूर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर मिले मृतक की पहचान गांव धर्म शाह नगली निवासी 20 वर्षीय अजय पुत्र विजय सिंह के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों के अनुसार अजय बीती रात नशे में रेलवे फाटक के पास गया था। परिवारजनों ने उसे रात भर ढूंढा लेकिन उसकी कोई खबर नहीं मिल सकी। अजय अविवाहित था और छह भाई-बहनों में चौथे नंबर पर था। वह मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था।

# एटीएम में धोखाधड़ी कर तीन खाताधारकों की रकम निकाली

## पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली धामपुर क्षेत्र में एटीएम फ्रॉड का मामला सामने आया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कालागढ़ रोड शाखा की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बैंक प्रबंधन के अनुसार 19 दिसंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के आरएसएम कॉलेज स्थित एटीएम पर कुछ अज्ञात लोगों ने एटीएम मशीन में कैश निक. ासी के दौरान प्लेटनुमा डिवाइस लगाकर धोखाधड़ी की।

बताया गया है कि इस तरीके से तीन खाताधारकों के कुल 28 हजार रुपये की राशि निकाल ली गई, जबकि खाताधारकों को नकद धनराशि प्राप्त नहीं हुई। बाद में जांच में पाया गया कि उनके खातों से रकम निकल चुकी थी। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है, जिसके आधार पर अज्ञात आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा के मुख्य प्रबंधक अंजुम सिद्दीकी की ओर से कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई है।

कोतवाल मृदुल कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के सहारे आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

## जनपद में 52 गुमशुदा बरामद

**बिजनौर।** बिजनौर पुलिस द्वारा माह सितम्बर में चलाए गए आपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत 52 गुमशुदा व अपहृताओं को सकुशल बरामद किया गया।

## स्कूलों में आज भी अवकाश

**बिजनौर।** कड़ाके की ठंड व घने कोहरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने कल (आज) भी प्राइमरी से कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों व कॉलेजों में अवकाश घोषित कर दिया है। इस आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए है। हालांकि कई स्कूलों में पूर्व से ही आठ जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया था।

## कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक घायल

**नहटौर।** धामपुर क्षेत्र के ग्राम कागपुर निवासी वीर सिंह अपनी बहन को ग्राम सिकंदरपुर छोड़कर ई रिक्शा से घर वापस लौट रहा था। बीती सायं करीब 5:00 बजे नहटौर क्षेत्र के ग्राम लाल बाग के पास एक कार ने उसकी ई रिक्शा में टक्कर मार दी, जिसमें वीर सिंह घायल हो गया।

बसपा जिंदाबाद!     बहन कुमारी मायावती जी जिंदाबाद!     मान्यवर कांशीराम जी अमर रहे!








नए साल 2026 की समस्त नागरिकों, नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के जागरूक प्रिय मतदाताओं, बसपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों एवं समर्थकों को

मुबारकबाद



अबरार आलम एड.

पूर्व ब्लॉक प्रमुख, नजीबाबाद

दहेज प्रथा एक अभिशाप है

आओ, हम सब मिल कर

दहेज मुक्त अभियान

से जुड़ें और दहेज प्रथा सहित शादियों वगैरा में बढ़ रही तमाम नाजायज रसूमात/ खुराफात पर अंकुश लगाने की हर मुमकिन कोशिश करें।

कार्यक्रम

बतारीख- 02 जनवरी 2026 बरोज जुमा
बवक्त- बाद नमाज जुमा/दोपहर 2:00 बजे से
बमुकाम- रॉयल पैलेस, अफजलगढ़-मेघपुर रोड, निकट मेघपुर तिराहा, अफ़जलगढ़

औरतों के लिए विशेष प्रोग्राम

03 जनवरी, 2026, शनिवार
बवक्त- सुबह 9-00 बजे से दोपहर 12-00 बजे तक
बमुकाम- मदरसा जामिउल उलूम, नेजो सराय, अफजलगढ़

तमाम जिम्मेदार हजरात से शिरकत की मुअद्दिबाना दरख्वास्त है।

निवेदक/अपील कर्ता

दहेज मुक्त अभियान कमेटी

अफजलगढ़ (बिजनौर)

नए साल 2026 की हार्दिक बधाई



डॉ. इब्ने सऊद

भागूवाला

जनपद-बिजनौर

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. सादिक व उसकी पत्नी श्रीमती गुलफशा परवीन निवासीगण मौहल्ला नई बस्ती बी-23 बिजनौर, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर मेरे साथ लड़ाई झगड़ा, मारपीट व गाली-गलौच करते हैं। जिनसे मैं काफी परेशान हूं तथा अपने उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधू को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं तथा मेरे उपरोक्त पुत्र व उपरोक्त पुत्रवधू का मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा है।

**शकील अहमद पुत्र अच्छन खां निवासी मौहल्ला नई बस्ती बी-23, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर, जिला बिजनौर**

# मंदिर में तोड़फोड़ कर मूर्ति तोड़ी

## गांव में आक्रोश का माहौल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा चकराजमल में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा गांव के भीतर स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल श्री सिद्ध बाबा इमली वाला मंदिर में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात लोगों ने मंदिर में स्थापित शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे गांव में आक्रोश का माहौल बन गया।

घटना का पता आज सुबह उस समय चला, जब ग्रामीण नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को क्षतिग्रस्त अवस्था में देखकर ग्रामीण स्तब्ध रह गए। कुछ ही देर में यह सूचना पूरे गांव में फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली धामपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस व ग्रामीणों की सूझबूझ के चलते किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई और गांव में शांति व्यवस्था बनी रही। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से क्षतिग्रस्त शिवलिंग और नंदी की मूर्ति को विधिवत विसर्जन के लिए हरिद्वार भिजवाया। वहीं, गांव में नई शिवलिंग और नंदी की मूर्ति की स्थापना को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### एक आरोपी पुलिस हिरासत में

**धामपुर।** पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे ने देर शाम बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रात में एक संदिग्ध वाहन गांव के भीतर जाते हुए दिखाई दिया। वाहन की पहचान और उसमें सवार युवक के संबंध में की गई पूछताछ में सामने आया कि वाहन गांव निवासी विदित राजपूत का था। पुलिस के अनुसार पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि युवक नशे की हालत में था और इसी दौरान उसने शिवलिंग तथा नंदी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया। आरोपी द्वारा अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई हैं। पुलिस का कहना है कि पूछताछ जारी है और शीघ्र ही पूरे मामले का विधिक खुलासा किया जाएगा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। गांव और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि असामाजिक तत्वों की पहचान की जा सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे और कोतवाल मृदुल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति पूरी तरह शांत है। वहीं, ग्रामीणों सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, विकास कुमार और संजीव कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह धार्मिक स्थल उनके पूर्वजों के समय से आस्था का केंद्र रहा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**धामपुर।** ग्राम भगवानवाला निवासी वीर सिंह सैनी (45 वर्ष) बीती देर रात बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह हबीबवाला अड्डे के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल रहा।

पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

## एक नजर

### सभासद पूनम सैनी सम्मानित



**धामपुर।** श्री राम सेवा मित्र मंडल द्वारा मौहल्ला बाड़वान में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वार्ड सभासद पूनम सैनी द्वारा भव्य दिव्य ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। सुंदरकांड पाठ पंडित श्री राकेश शर्मा (कालू पंडित) द्वारा विधिविधान से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर श्री राम सेवा मित्र मंडल की ओर से वार्ड सभासद पूनम सैनी के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भगवान श्रीराम दरबार का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों सहित मौहल्लेवासियों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। आयोजन में वैभव शर्मा, भविष्य तोमर, मनु वर्मा, हनी सैनी, देव वशिष्ठ सहित श्री राम सेवा मित्र मंडल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुंदरकांड पाठ के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### प्रकाश पर्व पर प्रभातफेरी निकाली



**धामपुर।** दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य मे नगर में विशाल प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में उमड़ी संगत ने गुरबाणी कीर्तन और पंथ से जुड़े जयकारों के सामूहिक उच्चारण से पूरे नगर को गुरबाणीमय वातावरण में परिवर्तित कर दिया। प्रभात फेरी के अग्रिम पंक्ति में साहिबजादा बाबा अजीत सिंह गतका दल से जुड़े सेवादार हाथों में झाड़ू लेकर मार्ग की सफाई करते हुए तथा जल का छिड़काव करते हुए चल रहे थे। उनकी सेवा भावना की नगरवासियों द्वारा सराहना की गई। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से निकली प्रभातफेरी का नगर में चार स्थानों पर नववर्ष अभिनंदन समारोह के रूप में स्वागत किया गया। पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के समीप पहला स्वागत गरम ब्रेड पकोड़े एवं मिष्ठान प्रसाद के साथ किया गया। वहीं शांति कॉम्प्लेक्स के समीप आयोजित सम्मान समारोह में नगर के कई प्रतिष्ठित नागरिकों को शॉल व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रभातफेरी का संचालन गुरुद्वारा प्रबंध समिति के संरक्षण में संगत के सहयोग से शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ।

### कुष्ठ आश्रम में कंबल व भोजन वितरित



**धामपुर।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन एवं फौजी प्रथम फिजिकल अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीती देर शाम दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी कुष्ठ आश्रम पहुंचे, जहां आश्रम में रह रहे पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को कंबल व भोजन वितरित किया गया। भीषण ठंड और शीतलहर को देखते हुए संस्थाओं द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर ठिठुरते जरूरतमंद लोगों को भी कंबल और भोजन उपलब्ध कराया गया। जानकारी के अनुसार लगभग 40 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल और भोजन पाकर आश्रमवासियों के चेहरों पर संतोष और खुशी दिखाई दी। आश्रमवासियों ने सेवा कार्य में लगे लोगों की सराहना करते हुए इसे मानवता की मिसाल बताया। कार्यक्रम के दौरान संस्थाओं के पदाधिकारियों ने आश्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर वहां रहने वाले लोगों की समस्याओं की जानकारी भी ली। समाजसेवियों ने भविष्य में भी इसी प्रकार जरूरतमंदों की सहायता करते रहने का संकल्प दोहराया।

### बैठक में संस्था के विस्तार पर चर्चा



**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला खेड़ा स्थित पंडित दिनेश शर्मा के आवास पर बीती देर सायं राधा गोविंद संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संस्था के विस्तार और संगठन को सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संस्था के संस्थापक योगेंद्र अग्रवाल ने बताया कि बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर डॉ. पुरुषोत्तम, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, महामंत्री रविंद्र कुमार बिंदा तथा उप महामंत्री अशोक चौहान को चुना गया। वहीं कोषाध्यक्ष व प्रचार मंत्री का दायित्व महीपाल सिंह को सौंपा गया। इसके अतिरिक्त वीरेश कुमार, संचालक सुरेश देवल तथा सलाहकार एवं सदस्य के रूप में दिनेश शर्मा, धीरज कुमार, रोहित सैनी, प्रमोद कुमार चौहान और नीरज शर्मा का चयन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संस्था के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों को और अधिक सक्रिय रूप से संचालित करने का संकल्प लिया।

### स्टार क्लब की टीम ने जीता मैच



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला खद्दर बाजार के ऐतिहासिक बिछौठ मैदान पर दो दिवसीय क्रिकेट मैचों की सीरिज का फाइनल मैच स्टार क्लब व सिद्दीकी क्लब के बीच खेला गया। स्टार क्लब टीम के कप्तान सुहैल अहमद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्टार क्लब की टीम ने पहले खेलते हुए दस ओवर में एक सौ दस रन बनाए। बाद में खेलते हुए सिद्दीकी क्लब की टीम ने दस ओवर में सिर्फ अस्सी रन बनाकर ऑल आउट हो गए। स्टार क्लब की टीम ने सिद्दीकी क्रिकेट टीम को तीस रन से हराया। सपा नेता जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल को खेल की तरह खेले। इस मौके पर आसिफ सिद्दीकी, उजैफा, सुहैल अहमद, रियाज अहमद, नबील अहमद आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नदी में गिरकर महिला की मौत

**स्योहारा।** ग्राम निचलपुर निवासी किरन देवी पत्नी मुन्ने सिंह अपने घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान रामगंगा पुल के पास अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नदी में गिर पड़ी। पानी में गिरते समय उनके सिर में गंभीर चोट लग गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। बताया जा रहा है कि किरन देवी का इलाज चल रहा था और वह अक्सर घर से बाहर टहलने जाती थी। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है।

### नववर्ष की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम



**किरतपुर।** अग्रवाल महिला सभा व अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में नववर्ष की पूर्व संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम व पारिवारिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण पर आधारित रहा, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर व आगे आने की प्रेरणा मिल सके। सभी महिलाएं स्वावलंबी बने। बीती रात्रि अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सबइंस्पेक्टर उपासना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अग्रसेन महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती की गई। पत्रकार सचिन अग्रवाल को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष रितु अग्रवाल व नगर अध्यक्ष मीना अग्रवाल ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। बच्चों और महिलाओं ने बहुत सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मजेदार प्रश्नोत्तरी, गेम्स, डांस, कपल गेम्स एंड डांस आयोजित किये गये। सभी मेंबर्स और उनके परिजनों ने भी इस सुनहरी शाम का भरपूर आनंद उठाया। स्वादिष्ट भोजन ने भी सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में नये मेंबर्स व उनके परिजनों का स्वागत किया गया। बबिता अग्रवाल, रेणुका गोयल, कृति अग्रवाल, अनु, मोनिका, गीता, ऋतु, कुमकुम अग्रवाल, नैंसी आदि रहे।

### महाकाल भक्त मंडल ने कराया रुद्राभिषेक



**नजीबाबाद।** महाकाल भक्त मंडल द्वारा नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में नूतन नव वर्ष के अवसर पर भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक कराया गया और विश्व के लिए मंगल कामनाएं की गई। पंडित भोला शंकर शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न करायी गई। आरती उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। महाकाल भक्त मंडल परिवार ने सभी को नूतन नव वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एड., देवेंद्र प्रजापति, प्रदीप कुमार, सागर प्रजापति, आकाश भटनागर, शानू, लक्ष्मण, हर्ष शर्मा, अमित चौहान आदि रहे।

# पुलिस के साथ गश्त कर रही युवाओं की टोली





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ठंड के चलते रात्रि मे बढ़ते कोहरे मे अपराधिक घटनाओं को रोकने के लेकर जगह-जगह मौहल्लों में युवाओं की टोली बनाकर स्वयं पुलिस के साथ युवा रात्रि में पैदल गश्त करते नजर आने से घटनाओं पर रोक लगती दिखाई दे रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर व क्षेत्र को अपराधों व चोरियों से सुरक्षित रखने को लेकर पुलिस द्वारा बढ़ते कोहरे में कोई चोरी या कोई अपराध ना होने को लेकर भीषण ठंड में युवा लोगों के घरों को सुरक्षित रखने के लिए मौहल्लों व ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं की टोली बनाकर पुलिस का सहयोग करते दिखाई दे रहे है। वहीं थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आमजन के आपसी तालमेल से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

उन्होंने विशेष रूप से रात्रि के समय सतर्क रहने, संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर नजर रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिये। वहीं नगर के विभिन्न मौहल्लों के युवाओं की टोली रात्रि में गश्त कर पुलिस का सहयोग कर रही है। जबकि थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार व कस्बा इंचार्ज के नेतृत्व में पुलिस कर्मी रात्रि में पैदल गश्त करते दिखाई दे रहे है।

### पहरा लगने से प्रेमी जोड़े परेशान

**शेरकोट।** ठंड में बढ़ते कोहरे में चोरी व अपराधिक घटनाओं को लेकर भले ही पुलिस द्वारा लोगों से सहयोग की अपील पर मौहल्लों में दिए जा रहे पहरे से लोग राहत महसूस कर रहे हो, लेकिन रात के अंधेरे में एक-दूसरे से मिलने वाले प्रेमी जोड़े न मिल पाने की वजह से परेशान नजर आ रहे है। क्योंकि आजकल ज्यादातर मौहल्लों में पहरे का दौर चल रहा है, जिस वजह से प्रेमी जोड़े एक दूसरे से नहीं मिल पा रहे है।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के स्थापना दिवस पर विचार-विमर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हल्दौर चौराहे के निकट स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने पार्टी के 101वें स्थापना दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के ऐतिहासिक संघर्षों, जनहित में निभाई गई भूमिका और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कामरेड गुलाम साबिर सिद्दीकी ने कहा कि भाकपा ने समय-समय पर विभिन्न सरकारों में भागीदारी कर जनहित और विकास के मुद्दों को मजबूती से उठाया है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी ने हमेशा मजदूर, किसान और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने लंबे संघर्ष और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भाकपा ने कई प्रदेशों में जनहित की सरकारें चलाई और समाज के कमजोर वर्गों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक मजबूत करने, नई पीढ़ी को सक्रिय रूप से जोड़ने और पार्टी की मूल विचारधारा को बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने पिछले 101 वर्षों में पार्टी द्वारा किए गए संघर्षों और सामाजिक न्याय के लिए उठाए गए कदमों को याद किया। साथ ही उन्होंने देश और जिले के विकास के लिए जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और आगामी कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया।

इस मौके पर कामरेड गुलाम साबिर, कामरेड मकसूद राणा, असद फारूकी, जावेद जाट, सोमपाल, नरेश, सुनील, विजय, अंजार अहमद, सागर, अमीर अहमद, अतीक अहमद, मौ. फैजान आदि मौजूद रहे।

## ठंड में बच्चों की सेहत को लेकर रहें सतर्क : डा. अदनान मारुफ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में लगातार बढ़ रही ठंड को देखते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के सामने स्थित सिटी हॉस्पिटल के संचालक डा. अदनान मारुफ ने कम उम्र के बच्चों की सेहत को लेकर अभिभावकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि सर्द मौसम बच्चों के लिए सबसे ज्यादा जोखिम भरा होता है, क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं होती। डा. अदनान मारुफ ने बताया कि इस समय बच्चों में सर्दी-जुकाम, खांसी, तेज बुखार, गले का संक्रमण, निमोनिया, ब्रोंकाइटिस और सांस संबंधी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। ठंडी हवा और तापमान में अचानक बदलाव बच्चों की सेहत पर सीधा असर डालता है। खासकर नवजात और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अधिक सतर्कता की जरूरत होती है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों को सुबह और देर शाम खुले में ले जाने से बचें। गर्म कपड़े पहनाते समय सिर, कान, गर्दन और पैरों को अच्छी तरह ढककर रखें। ठंड में बच्चों को गुनगुना पानी पिलाएं और नहाने के लिए भी हल्के गर्म पानी का प्रयोग करें। साथ ही घर में धूप और साफ हवा की व्यवस्था रखें। डा. अदनान ने कहा कि बच्चों के खान-पान में पौष्टिक आहार को शामिल करना बेहद जरूरी है। गर्म दूध, सूप, दलिया, दालें और मौसमी फल बच्चों की इम्युनिटी बढ़ाने में सहायक होते हैं। बाहर का ठंडा तला-भुना और जंक फूड बच्चों को न दें, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। डा. अदनान ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी बच्चे को लगातार बुखार, तेज खांसी, सांस लेने में परेशानी, सुस्ती या दूध खाना कम करने जैसी शिकायत हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। स्वयं दवा देने या घरेलू नुस्खों के भरोसे इलाज में देरी न करें। डॉ. अदनान मारुफ ने अभिभावकों से अपील की कि कड़ाके की ठंड के इस दौर में बच्चों की सेहत के प्रति पूरी जिम्मेदारी निभाएं। थोड़ी सी सावधानी और समय पर इलाज बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचा सकता है।

## आवासीय कालोनी परिसर में कार्यालय निर्माण न करने की मांग





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिंचाई विभाग की मध्य गंगा आवासीय कॉलोनी में के परिसर में खंड चार के कार्यालय निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।

इस निर्माण से उस परिसर में निवास कर रहे कर्मचारियों व उनके परिवार जनों को विभिन्न समस्याओं का सामना भविष्य में करना पड़ेगा। साथ ही इस कार्यालय के निर्माण से पूर्व अनेक फलदार व छायादार वृक्षों को भी काटा जाएगा। इस निर्माण कार्य को लेकर परिसर में आवास में रहने वाले कर्मचारियों व परिवार जनों में रोष व्याप्त है। इस विषय को लेकर आज जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर से संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा, राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह सिंह एवं भंडार कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष शिवकुमार दिवाकर व अन्य कर्मचारियों ने वार्ता कर नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सिंचाई विभाग में कार्यालय के होने वाले निर्माण के विषय पर अवगत कराते हुए आवासीय परिसर में निर्माण न करने की मांग की।

इस विषय को लेकर संबंधित अधिशासी अभियंता से भी जनपद के सभी विभागीय संगठनों के पदाधिकारी वार्ता करेंगे। यदि इस निर्माण को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया तो सभी संगठन मिलकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। मौहम्मद शारिक, वीरेंद्र कुमार, उमेश कुमार, वीके शर्मा, पुनीत राणा आदि मौजूद रहे।

# बेसहारा मंदबुद्धि युवकों की सहायता

## सामाजिक संस्था नेशनल परिवार एकता संगठन की प्रशंसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर की जानी-मानी सामाजिक संस्था नेशनल परिवार एकता संगठन ने समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल कायम करते हुए यह साबित कर दिया कि जरूरतमंदों की मदद ही सच्ची मानवता है। संगठन ने कड़ाके की ठंड में अफजलगढ़ मुख्य बस स्टैंड पर दयनीय स्थिति में रह रहे दो बेसहारा मंदबुद्धि युवकों की सहायता कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने दोनों युवकों की बाल कटिंग व शेविंग कराई, उन्हें गर्म कपड़े, जूते आदि उपलब्ध कराए तथा सम्मान जनक ढंग से उनकी देखभाल की। इस सेवा कार्य से न केवल पीड़ित युवकों को राहत मिली, बल्कि आमजन में भी संवेदनशीलता और सामाजिक एकता का संदेश गया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहवेज अहमद ने कहा कि नेशनल परिवार एकता संगठन का उद्देश्य समाज के हर उस व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है जो गरीब, बेसहारा, पीड़ित, असहाय या उपेक्षित है। उन्होंने कहा कि संगठन भविष्य में भी गरीबों, पीड़ित परिवारों, मजदूरों, दिव्यांगों, निराश्रितों और सड़क पर जीवन गुजारने वाले लोगों के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहम्मद कफील ने कहा कि संगठन केवल सहायता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्याय, शोषण और पीड़ा के खिलाफ पीड़ितों की मजबूत आवाज भी बनेगा। जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र, चिकित्सा सहायता और हरसंभव सहयोग देना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

स्थानीय नागरिकों ने संगठन की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में भाईचारे, आपसी सौहार्द और विश्वास को मजबूत करते हैं।

### मौहम्मद अमान उर्फ जोनी बने सेवा और संवेदना की मिसाल

रॉयल सैलून से जुड़े मात्र 15 वर्षीय मौहम्मद अमान उर्फ जोनी ने निःस्वार्थ भाव से मंदबुद्धि युवकों की शेविंग व हेयर कटिंग कर नेशनल परिवार एकता संगठन का सहयोग किया। कम उम्र में समाजसेवा कर उन्होंने यह संदेश दिया कि इंसानियत की सेवा के लिए उम्र नहीं, बल्कि नेक नीयत की जरूरत होती है। समाजहित में सेवा कार्य रहेगा निरंतर संगठन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नेशनल परिवार एकता संगठन आने वाले समय में भी समाज के हित में इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्य लगातार करता रहेगा। गरीबों और पीड़ितों की मदद, बेसहारा लोगों का सहारा बनना, अन्याय के खिलाफ खड़ा होना और समाज में एकता की भावना को मजबूत करना संगठन का अटल संकल्प है। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा मौहम्मद रजब, युवा कार्यकर्ता मौहम्मद जैनुल, मौहम्मद कुर्बान, मौहम्मद जीशान, मौहम्मद अमान उर्फ जोनी, रॉयल सैलून के मालिक मौहम्मद फैजान कुरैशी, मौहम्मद अरशद, मोहम्मद तालिब सहित बड़ी संख्या में संगठन से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# पंज प्यारों की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दश्मेश पिता श्री गुरू गोविन्द सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव पर नगर में भव्य कीर्तन निकाला गया। कीर्तन में निकली भव्य झांकी व दरबार साहिब समेत सिक्ख अखाड़े में नौजवान युवकों के जौहर और पालकी के आगे चल रहे पंज प्यारे आर्कषण रहे।

नगर कीर्तन का शुभारम्भ गुरूद्वारा गुरूनानक दरबार से किया गया। पंज प्यारों की अगुवाई में निकले नगर कीर्तन में डाकखाना रोड मुख्य बाजार चक्की पाट, तहसील रोड, शंकर चौराहा, यशोदा रोड बहजोई रोड धर्म एग्रीकल्चर होते हुए सरथल चौकी पंजाबी मन्दिर, डाकखाना रोड होते हुए गुरूद्वारा गुरूनानक दरबार पर जाकर समाप्त हुआ। नगर कीर्तन में सिक्ख युवक अखाड़े के नौजवान करतब दिखा रहे थे, जबकि गतका पार्टी, ब्रास बैंड गुरवाणी सब्द धुनों पर बजाते चल रहे थे। भाईचारे की झांकी ने विशेष आकृषित किया। शोभायात्रा में कीर्तन में पंज प्यारे, पालकी साहिब, गुरू नानक आर्मी, पाइप बैंड, अकाल गतका अखाड़ा गदरपुर उत्तराखंड, निहंग जत्था, सरहिंद फतेहगढ़ साहिब, शहीद बाबा दीप सिंह जी गतका ग्रुप पार्टी, शेरे पंजाब भांगड़ा पार्टी उत्तराखंड, मीरी पीरी खालसा गतका अखाड़ा अलीगढ़, महिला सुखमनी सोसाइटी जत्था, वीर खालसा सेवा दल जत्था, फूलों का डोला, ट्रैक्टर पर डीजे, आर्केस्टा पार्टी के अलावा देश भक्ति तथा भाईचारे की झांकी सभी को आकृषित कर रही थी। पालकी साहिब के आगे सेवादार सफाई आदि करते चल रहे थे। शोभायात्रा में धार्मिक सामाजिक, प्रशानिक, पंजाबी संगठन, व्यापार मंडल, मुस्लिम व्यापार मंडल, जय बाबा अमरनाथ लंगर सेवा स्वागत, शिवओम गुप्ता, सुशीला सक्सैना अस्पताल, हिूदं जागृति मंच, आरएसएस प्रचारक, धर्म एग्रीकल्चरल, जाट समाज, श्याम सेवा समिति, पंजाबी मंदिर, दरगाह मंदिर, सांई मंदिर, सूर्यकुंड मंदिर, राकेश आहूजा, आदि ने स्टाल लगाकर जलपान करायी। नगर कीर्तन गुरूक्षरा साहिब पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान हरदीप सिंह, गुरजीत सिंह, कुलवीर सिंह, रंजीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मुन्ना लाल, विनोद, भीकम, अभीत, जसजीव, कुलदीप सिंह, अंकुर गुलाटी, एसपी गम्भीर, संजय नरूला, अशोक, जसपाल सिंह, सतपाल सिंह आदि ने सेवा व सवा व सहयोग किया।





सम्भल- दश्मेश पिता गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन में पंज प्यारों की अगुवाई में शामिल पालकी साहिब व नकरतब दिखाते सिक्ख युवक।




सम्भल- मुन्सिफी मार्केट स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी के दौरान जानकारी लेते नगर मजिस्ट्रेट।

# बिना चिकित्सक के अप्रशिक्षित से कराए जा रहे थे अल्ट्रासाउंड

**0 नगर मजिस्ट्रेट के निरीक्षण में खुली पोल कराया गया सील**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बिना चिकित्सक के संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर नगर मजिस्ट्रेट ने छापा मारा। छापामार कार्रवाई से हड़कम्प मच गया। जबकि छापे के दौरान एक नाबालिग ‹अल्ट्रासाउंड करता हुआ पाया गया। वैद्य दस्तावेज नहीं मिलने पर अल्ट्रासांड सेंटर को सील कर दिया गया। गुरूवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी ने मुंसिफ मार्केट में स्थित सिटी अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर में अली अहमद उर्फ अब्दाल अहमद पुत्र नकीब निवासी मौ. चमन सराय। रिसेप्शन पर एवं अल्ट्रासाउण्ड चैम्बर में एक युवती नेहा पुत्री आरिफ निवासी गजरौला मिली। इसके अलावा। सेन्टर में मौ. सुल्तान पुत्र शौहरत अली निवासी कोट गर्वी, अपनी पत्नी इमराना का अल्ट्रासाउण्ड कराने आये थे, उपस्थित मिले।जबकि सेन्टर में मो. आसिफ, आसिया, सुमन आदि महिलायें अपना अल्ट्रासाउण्ड कराने को बैठी हुई थीं। लेकिन मौके पर कोई भी डॉक्टर उपस्थित नहीं मिला। अल्ट्रासाउण्ड चैम्बर में अल्ट्रासाउण्ड मशीन का निरीक्षण करने पर गुरूवार को किये गये अल्ट्रासाउण्ड की रिपोर्ट, जिस पर डॉ. हीराराम के अपठित हस्ताक्षर थे तथा एक अल्ट्रासाउण्ड की स्टैण्ड प्रति जिस पर नगमा नाम अंकित मिला। इससे स्पष्ट हुआ कि निरीक्षण से मात्र 4-5 मिनट पहले ही नगमा नाम की महिला का अल्ट्रासाउण्ड बिना किसी डॉक्टर की उपस्थिति के किया गया है। अल्ट्रासाउण्ड चैम्बर में उपस्थित युवती नेहा द्वारा ही सम्बन्धित डॉक्टर की अनुपस्थिति में अवैध तरीके से अल्ट्रासाउण्ड किया जा रहा था। मौके पर उपस्थित मरीजों ने बताया कि उनके द्वारा अल्ट्रासाउण्ड की फीस अली अहमद उर्फ अब्दाल अहमद पुत्र नकीब निवासी मौ. चमन सराय, सम्भल को रिसेप्शन पर दे दी गयी। नगर मजिस्ट्रेट ने सभी रोगियों की फीस वापस करायी। और अली अहमद उर्फ अब्दाल अहमद नेहा पुत्री आरिफ से अल्ट्रासाउण्ड के संचालन को वैध अभिलेख मांगे गए लेकिन मौके पर कोई भी वैद्य दस्तावेज पेश नहीं किए गए। इसकी सूचना डॉ. मनोज चौधरी, नोडल अधिकारी, क्वैक्स को इस अल्ट्रासाउण्ड के संबंधमें आवश्यक जांचोपरांत संबंधित थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपर्युक्त के दृष्टिगत प्रथम दृष्टया मौके पर अवैध रूप संचालित पाये जाने के कारण तत्काल सिटी अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर को वैध अभिलेख प्रस्तुत करने तक सील लगाकर बंद कर दिया गया।

# वन विभाग की लापरवाही से हरे पेड़ों पर चल रहे आरे

**0वन दारोगा मोहित कुमार ने हरे पेड़ कटान करने वाले पर कार्रवाई करना कहकर पल्ल झाड़ा**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम दुगावर में वन विभाग की घोर लापरवाही के चलते लकड़ी माफिया खुलेआम हरे-भरे पिलखन के पेड़ों पर आरा चला रहा है। गांव में लगातार हो रही अवैध कटाई के बावजूद वन विभाग की ओर से न तो कोई निगरानी की जा रही है और न ही मौके पर कोई कार्रवाई दिखाई दे रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव और आसपास के क्षेत्रों में बहुमूल्य और पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी पेड़ों की कटाई लंबे समय से जारी है। इसकी जानकारी कई बार वन विभाग के संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों को दी गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन देकर मामले को टाल दिया गया। मौके पर पहुंचकर कटाई रोकने या लकड़ी माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने की कोई गंभीर कोशिश नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की निष्क्रियता के कारण लकड़ी माफिया के हौंसले बुलंद हैं और दिनदहाड़े पेड़ों को काटकर ट्रैक्टरों से लकड़ी की ढुलाई की जा रही है। इससे न केवल पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि सरकार की वन संरक्षण नीति पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जब इस संबंध में वन विभाग के क्षेत्रीय दरोगा मोहित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी मौके पर पहुंच रहे हैं और हरे भरे पेड़ की कटाई करने वाले माफिया को पड़कर कार्रवाई की जाएगी।



असमोली- वन विभाग की अंदेखी से हरे पेड़ का कटान कर ट्रैक्टर से ले जाते।

## कानून व्यवस्था और सुदृढ़ बनाने को एक ओर पुलिस चौकी का उद्घाटन

**सम्भल शाह टाइम्स,ब्यूरो।** जिले भर में कानून व्यवस्था ओर भी सुदृढ़ बनाने के लिए नई पुलिस चौकियां और थानों की स्थापना के साथ एक ओर पुलिस चौकी का उदघाटन किया गया। चन्दौसी रोड से बाईपास को जाने वाले रास्ते पर नई चौकी के उदघाटन पर बाल योगी दीनानाथ, अपर पुलिस अधीक्षक समेत कई लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## दिनभर नहीं हुए सूर्यदेव के दर्शन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नये साल के पहले दिन सर्दी का सितम और भी सख्त हो गया। सुबह कोहरे के साथ हुई शुरूआत दिन भर रही। कोहरे की चादर में लिपटे शहर में दिन भर सूर्यदेव के दर्शन दुर्लभ रहे।

नये साल का पहला दिन कड़ाके की ठंड से शुरूआत हुई। सुबह घने बादलों साथ निकले दिन भर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो सके। बादल छाये रहने और सूर्य की चमक नहीं होने से शहर में दिन में भी अंधेरा जैसा नज़ारा रहा।जबकि कड़ाके की ठंडक ने हांड़ मांस को कंपाकर रख दिया।ठंड से बचाव को लोग दिन भर घरों के छिपे रह,जबकि दुकानों पर पहुंचे दुकानदार और अन्य कामों को निककले लोगो को जगह-जगह अलाव का सहारा लेकर ठंड से बचाव करने को मजबूर होना पड़ा।

# प्रचार पोस्टरों से बदरंग कर दिए मकान

**नादिर रजा ज़ैदी**

**सिरसी।** देश भर में जहां नववर्ष का जश्न मनाया जा रहा है। वहीं कस्बे कथित समाज सेवक ने प्रचार पोस्टर दीवारों पर चिपकाकर मकानों को बदरंग कर लोगों की परेशानियों में और इजाफा कर दिया। जिस पर लोग कह रहे हैं यह कैसी समाज सेवा है।

नववर्ष पर लोग एक दूसरे को अपने-अपने ढंग से मुबारकबाद दे रहे है। वहीं दूसरी ओर कथित समाज सेवक द्वारा कस्बे भर में जहां-जहां पोस्टर लगाकर नए साल की मुबारकबाद दी गई है। पोस्टरों द्वारा मुबारकबाद दिया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला यूँ तो एकदम व्यवहार बदल जाने पर लोगों का कहना है कि आम आदमी से कभी सीधे मुंह बात न करना, साधन सम्पन्न लोगों से ही वास्ता रखने वाला अब अधिकतर लोगों को सलाम नमस्ते करते हुए परिवार तक की खैरियत मालूम करने लगा है। अचानक इतना बड़ा बदलाव देख लोग आपस में बात करते हुए कहते हैं कि अरे भाई

**0 आखिर यह कैसी समाज सेवा**

आज कल इन्हे क्या हो गया है। दिमाग की कैफियत गर्मी के मौसम में तो किसी की ऐंसी हो जाती है, लेकिन शीत लहर में ऐंसी हालत होना समझ में नहीं आ रहा। इस सलाम-नमस्ते के पीछे कोई बड़ा राज छिपा हो सकता है। उधर कुछ लोग व्यवहार मे इतने बड़े बदलाव को राजनीति से जोड़कर भी देख रहे हैं।, वैसे स्थानीय निकाय चुनाव में अभी काफी समय है, लेकिन कथित समाज सेवक द्वारा भूखे को दो लुकमे व प्यासे को आधा ग्लास पानीन पिलाना सब अच्छी तरह जानते हैं। बिना खर्च सलाम-नमस्ते में कंजूसी करने वाला अब दिल खोलकर लोगों की खैरियत मालूम कर रहा है। अचानक इतने बड़े बदलाव के पीछे कुछ तो राज है जिसकी राजदारी है। उधर कस्बे के बुजुर्ग व तर्जुबेकार लोगों का कहना है कि यह पब्लिक है सब जानती है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-विधायक खेल प्रतियोगिता में सम्मानित किए गए विजयी प्रतिभागी

## माधव यादव ने जूड़ों में पदक जीतकर लिखी सफलता की नई कहानी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विधानसभा क्षेत्र असमोली के किसान इंटर कॉलेज में आयोजित विधायक खेल प्रतियोगिता में त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल कन्या गुरूकुल के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में स्कूल की सीनियर और जूनियर दोनों वर्ग की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए कई पदक अपने नाम किए। जूडो प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स स्कूल की सीनियर खिलाड़ी तराना जहां और आयुषी सागर ने दमदार खेल दिखाते हुए गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनके साथ ही हरगुन ढिल्लो और जूनियर वर्ग के माध व यादव ने भी जूडो में स्वर्ण पदक हासिल कर सफलता की नई कहानी लिखी। वहीं बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों का प्रदर्शन काबिले-तारीफ रहा। माधा यादव ने बेहतरीन मुकाबलों के बाद सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इसके अलावा हरगुन ढिल्लो ने बैडमिंटन और फुटबॉल दोनों खेलों में पदक जीतकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स स्कूल के कोच आर्य भोले सिंह त्यागी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी इसी लगन और मेहनत के साथ खेलते रहने के लिए प्रेरित किया।

## अंकिता भंडारी के इंसाफ को गुन्नौर में निकला कैंडल मार्च

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष काजी हम्माद मुबीन के नेतृत्व के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुन्नौर तहसील परिसर चौक से बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला। इस मौके पर काजी हम्माद मुबीन ने कहा कि आज देश में बेटियां अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही हैं। वह भय के माहौल में हैं। सरकार बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम है। लेकिन युवा कांग्रेस बेटियों के साथ खड़ी हे और अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई जारी रहेंगी। इस मौके पर मुशीर, शानू, विकास, जय सिंह, मुबीन, तालिब, जैद, अब्दुल्लाह, मुगीस, शानू , जावेद आदि रहे।

# नए साल के स्वागत में जगह-जगह हुए जश्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/बबराला।** नगर में नव वर्ष का आगाज जश्न के साथ हुआ। होटल से लेकर गली मोहल्लों में लोग देररात तक डीजे की धुन पर थिरकते रहे। रात के 12 बजते ही हर कोई हैप्पी न्यू ईयर बोल पड़ा। पुराने साल की खट्टी-मीठी यादों को विदा कर बुधवार की रात पूरा नगर नई उम्मीदों और उत्साह के साथ वर्ष-2026 के स्वागत में डूब गया। शाम ढलते ही शुरू हुआ जश्न का सिलसिला रातभर चला। आधी रात घड़ी में 12 बजते ही चारों ओर हैप्पी न्यू ईयर गूंज सुनाई दी। होटल, बरातघरों और घरों में रंगारंग आयोजनों ने कड़ाके की ठंड के बीच भी माहौल में गर्माहट भर दी। सोशल मीडिया के जरिये भी लोगों ने एक-दूसरे को नए साल की बधाई दी। न्यू ईयर पार्टियों में कपल्स और युवाओं की भारी भीड़ उमडीं डीजे की हाई-वोल्टेज धुनों पर भी देर रात तक कपल्स थिरकते रहे।गली मोहल्लों में युवाओं ने लेजर लाइट शो और आतिशबाजी छोड़कर नऐ साल के जश्न में चार-चांद लगाऐ। नगर की विभिन्न कॉलोनियों में भी नववर्ष का स्वागत धूमधाम से किया गया। कहीं मंदिर सजाऐ गये, कहीं घरों की आकर्षक सजावट की गई। (अलाव) के चारों ओर बैठकर परिवारों ने अंताक्षरी और म्यूजिक का आनंद लिया। बच्चों के लिए विशेष गेम का आयोजन किया गया।

## अधिवक्ताओं ने नए साल पर कहा हैप्पी न्यू ईयर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने नव वर्ष पर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और नव वर्ष का स्वागत किया।

नगर बबराला के बगीचा बैंकट हाल में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव व महासचिव सुरेश यादव ने सभी अधिवक्ताओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। उसके साथ सभी अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी और एक दूसरे को नंव वर्ष मंगलमय में रहे इसकी कामना की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सेलिब्रेशन किया। उसके बाद जलपान की व्यवस्था की गई। इस दौरान गुन्नौर बार अध्यक्ष शैलेंद्र यादव महासचिव सुरेश यादव भगवान सिंह श्रीकृष्ण भारद्वाज भानु प्रकाश यादव अनुज भारद्वाज अरविंद कुमार अलमास मियां सुभाष चन्द्र किशन पाल आदि अधिवक्ता रहे।

# जिले भर में यातायात नियमों से जागरूक करेगा वाहन

**0जिलाधिकारी ने झंडी दिखाकर वाहन किया रवाना**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के अन्तर्गत जनपद में यातायात नियमों का कडाई से पालन किया जाएगा। आमजन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को जिलाधिकारी ने जगारूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एक जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जायेगा। यातयात नियमों के पालन कराने के लिए जागरूक करने को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कलक्ट्रेट परिसर से जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरुकता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और अमूल्य मानव जीवन की रक्षा करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने नागरिकों से सुरक्षित वाहन चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने का आहवान किया। जिलाधिकारी द्वारा कलक्ट्रेट के सामने नेशनल हाईवे पर यातायात नियमों के अन्तर्गत हेलमेट एवं सीट बेल्ट की चैकिंग की गयी तथा बिना हेलमेट वाले दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया तथा हेलमेट का वितरण भी कराया। इस अवसर पर एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ,क्षेत्राधिकारी बहजोई डा. प्रदीप कुमार सिंह एवं एनसीसी कैडेट आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- यातायात जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम।



सम्भल- सरस्वती विष मंदिर में स्पर्शी पत्रिका का विमोचन करते।

## भव्य समारोह में हुआ स्पर्शी पत्रिका का विमोचन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में, स्पर्शी पत्रिका प्रकाशन समिति द्वारा विशुद्ध साहित्यिक वार्षिक पत्रिका स्पर्शी का विमोचन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शारदे एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके निशिकान्त तिवारी, अनंत कुमार आग्रवाल तथा पूनम शुक्ला ने किया। बजरंग दल के विभाग संयोजक नितिन शर्मा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों के साहित्यकारों द्वारा रचित अलग-अलग विधाओं की कविताओं को प्रेषित करती हुई स्पर्शी पत्रिका, साहित्यिक जगत में अपनी विशेष पहचान बना चुकी है। महाकाल सेवा समिति के अध्यक्ष निशिकांत तिवारी ने बताया कि सम्भल की पहचान बन चुकी स्पर्शी पत्रिका, निरंतर साहित्य की सेवा कर रही है और इसके माध्यम से नवांकुर प्रतिभाओं को निखरने का अवसर प्राप्त होता है। इसमें कहानी, गीत, गजल आदि का संग्रह होने के कारण, नवीन प्रतिभाओं में भी कविता का बीज अंकुरित होता है। भाजपा नेता चरन सिंह भारती ने बताया कि इस पत्रिका में, कुरीतियों को दूर करने एवं समाज को संस्कारित बनाने वाले लेखों को ही स्थान दिया जाता है। कोई भी साहित्यिक पत्रिका द्वारा निरंतरता बनाए रखना, आज के डिजिटल युग में थोड़ा कठिन कार्य तो है ही लेकिन स्पर्शी पत्रिका के चतुर्थ पुष्प का प्रकाशन होना, खुशी एवं गौरव की बात है।

# सर्दी में सांस लेने में घुटन या घबराहट तो सावधान

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सर्दी में यदि सांस लेने में घुटन, दिल में घबराहट जैसे संकेत मिल रहे हैं, तो सावधान हो जाएं। बिना देरी किए चिकित्सक को दिखाएं। यह संकेत बड़ा खतरा हो सकते हैं।

ठंड बढ़ गई है। रात में ठंड से बचाव के लिए हीटर जलाकर छोड़ने से शरीर में और आसपास ऑक्सीजन की कमी होने से लोगों की सांसें उखड़ रहीं हैं। इसमें अधिक संख्या उन लोगों की है, जो पहले से अस्थमा, हृदयरोग आदि की बीमारी से पीड़ित हैं। सरकारी अस्पताल के साथ ही प्राइवेट अस्पतालों में मरीज पहुंच रहे है। चिकित्सक सलाह दे रहे हैं कि कमरे को हीटर से गर्म करने के बाद बंद कर दें। हीटर खुला न छोड़ें। इसके अलावा खिड़की भी कुछ खुली रखें, ताकि कमरा हवादार बना रहे। सर्दियों में

**0बिना देरी किए चिकित्सक को दिखाएं यह संकेत हो सकते हैं बड़ा खतरा**

शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं और खानपान बढ़ जाता है। ऐसे में चिकित्सकों के अनुसार पौष्टिक, सुपाच्य भोजन सोने से कम से कम दो घंटे पहले ले लें, जिससे पाचन खराब न हो।ठंड में ब्लड प्रेशर के मरीजों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। नगर के कालीचरन हॉस्पीटल के डॉ. कैलाश वार्ष्णेय ने बताया कि शरीर का तापमान सामान्य रखें। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखें। नियमित चेक कराते रहें। चिकित्सक द्वारा जो दवा लिखी गई है। उस दवा की डोज को संशोधित करा लें। इसके अलावा जब सुबह को सोकर उठें तो तुरंत बाहर न निकलें।

## ऐसे करें बचाव

**बबराला।** अस्थमा, हृदय के मरीज ठंड के साथ ही धुएं से दूरी बनाएं। सोने से दो से ढाई घंटे पहले पौष्टिक सुपाच्य भोजन कर लें। पानी हल्का गुनगुना करके पीएं। शरीर में पानी की कमी न होने दें। हरी सब्जियों के साथ फलों का भी सेवन करें।

# गांवो में आज भी वैसलीन और मलाई का चलन

**अनिरूद्ध शर्मा**

**बबराला।** जवान हो या अधेड़ फैशन के दौर में आज हर कोई अपने को एक दूसरे से सुंदर दिखने की होड़ में है। अब लोग अपनी सेहत स्मार्टनेस और जाड़े में त्वचा को लेकर सजग हैं। महिलाएं ही नहीं पुरुष भी कास्मेटिक प्रसाधनों को उपयोग करते हैं। सर्दी शुरू हो गई है विभिन्न कंपनियों ने अपने प्रोडक्ट बाजार में उतारे हैं। हर कोई अपनी रूखी त्वचा को सवारने के लिए चिंतित है। बाजार में विभिन्न

**0बाजार में कई कम्पनियों ने उतारी क्रीम**

कंपनी की जेली की भरमार है। कोई अपनी त्वचा को मॉश्चराइजर की कोमलता से सँवारना चाहता है तो कोई कोल्ड क्रीम से त्वचा का रुखपन दूर करना चाहता है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी वेसलीन और मलाई से त्वचा का ख्याल रखा जा रहा है। कंपनी एक दूसरे पछाड़ने में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। बाजार में नामी कंपनियों ने अपने उत्पाद उतारे हैं।इसमें अयूर, लेकमें ,फेयर एंड लवली, गारनियर ,पोंड्स इमामी हिमालयन आदि की क्रीम बाजार में मौजूद हैं और हर कीमत पर उपलब्ध है। इनका छोटा पैक 10 रुपये में भी मौजूद है। बबराला सरकारी अस्पताल के डा. विनय गंगवार ने बताया कि सर्दियों में त्वचा को नमी की आवश्यकता होती है। जिसके लिए लोगों को अच्छी कंपनियों के उत्पाद का प्रयोग करना चाहिए। सस्ते उत्पादों से चेहरे रिएक्शन और दाग होने का डर रहता है। इसलिए सावधानी बरतें और लोकल आइटमों का प्रयोग न करें।

# बिजली कनेक्शन लेना हुआ सस्ता

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। यूपी में अब नया बिजली कनेक्शन लेना पहले से सस्ता और आसान हो गया है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर सिंगल फेस की कीमत 6016 की जगह 2800 देनी होगी। थ्री फेस स्मार्ट प्रीपेड की कीमत 11342 की जगह 4100 रुपये देनी होगी। इस्टीमेट व्यवस्था समाप्त हो गई है। फिक्स चार्ज के जरिए कनेक्शन मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत, सिंगल फेज स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कीमत 6016 रुपये से घटाकर 2800 रुपये कर दी गई है। वहीं, थ्री फेस स्मार्ट प्रीपेड मीटर अब 11342 रुपये की जगह 4100 रुपये में लगाया जाएगा। आयोग ने नए बिजली कनेक्शन के लिए एस्टीमेट प्रणाली को खत्म करते हुए फिक्स चार्ज लाग कर दिया है।इससे उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

# ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना, धमकी व पति को जबरन नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराने का आरोप, एसएसपी से एफआईआर की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** एक महिला ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद से एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पंडितपुर निवासी सविता उर्फ रिया ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत पत्र में कहा है कि जनपद रामपुर के थाना टांडा के गांव चंदू पुर निवासी सार्थक पुत्र संदीप के साथ उसकी शादी 5 अक्टूबर 2023 को हिंदू रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुई थी, लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष द्वारा मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना शुरू कर दी गई। पीड़िता के अनुसार उसकी सास, ससुर, देवर व ननद आए दिन गाली-गलौज करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे। आरोप है कि ससुराल वालों ने पति को बिना उसकी जानकारी के मुरादाबाद स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करा दिया और उसे गुमराह करते रहे।

जब पीड़िता को पति के नशा मुक्ति केंद्र में होने की जानकारी मिली तो वह पुलिस की सहायता से वहां पहुंची, जहां पति ने बताया कि पारिवारिक दबाव के कारण उसे जबरन वहां रखा गया है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि जब वह ससुराल पहुंची तो उसके साथ मारपीट की गई, अभद्रता हुई और जान से मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में उसने थाना ठाकुरद्वारा में शिकायत भी की, लेकिन आरोप है कि इसके बाद भी ससुराल पक्ष का उत्पीड़न जारी रहा। पीड़िता ने आशंका जताई है कि उसके और उसके पति के साथ कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी ससुराल पक्ष की होगी।पीड़िता ने एसएसपी से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज कराई जाए और उसे व उसके पति को जान-माल की सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की माँग की है ।

## पुलिस ने दो चोर पकड़े, दुकान से गैस सिलेंडर चोरी का खुलासा, सामान बरामद

**ठाकुरद्वारा।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दुकान से गैस सिलेंडर चोरी के मामले में दो शातिर चोरों को दबोचा है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

थाना भोजपुर पुलिस ने रसूलपुर नगला खेम क्षेत्र में हुई दुकान चोरी का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, चोरों ने रात में दुकान की दीवार पर कुबल लगाकर तोड़फोड़ की थी। उन्होंने दुकान से दो गैस सिलेंडर, एक रेगुलेटर और 3500 रुपये नकद चुरा लिए थे। इस संबंध में वादी आसिफ की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज किया गया था। इस मामले में जफर अली और फैसल नामक दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से एक गैस सिलेंडर, रेगुलेटर और 1500 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इन दोनों अभियुक्तों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की बिक्री पूर्ण, कुल 21 पर्चे बिके

**ठाकुरद्वारा।** सिविल बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चुनाव प्रक्रिया के तहत 1 जनवरी 2026 तक विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री की गई, जो निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। अलग-अलग पदों के लिए कुल 21 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। मुख्य चुनाव अधिकारी जुल्फिकार अली अंसारी ने बताया कि इसमें अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकारिणी पदों के लिए अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन पत्र खरीदने वालों में बार के वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता शामिल रहे। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए राम अवतार शर्मा व सफदर राजा नकवी, अनिल अग्रवाल ,धर्मदत्त शर्मा ने खरीदे , वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए खुर्शीद अली सैफी , कोषाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता अब्दुल गफ्फार व रियाजुद्दीन ने खरीदे । महासचिव पद के लिए हैदर अलीवह मोहम्मद आकिव ने नामांकन पत्र खरीदे । चुनाव अधिकारी ने बताया कि 21 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है और नामांकन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी कराई गई है।

आगामी तिथियों में नामांकन दाखिल किए जाएंगे, इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच और फिर चुनाव चिह्न आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सिविल बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच चर्चाएं तेज हो गई हैं और संभावित प्रत्याशी समर्थन जुटाने में लग गए हैं। चुनाव को लेकर बार परिसर में सरगर्मी का माहौल बना हुआ है।

## एक नजर

### नववर्ष में 174 बीसी सखियों का होगा चयन

**कांठ( शाह टाइम्स )** जनपद के 174 गांवों में बैंक सखी की भर्ती होनी है। कमीशन आधारित काम में वर्तमान समय में 469 बीसी सखी जुड़ी हैं। स्वत: रोजगार विभाग ने खाली गांवों में बीसी सखी के पद भरने की कवायद शुरू कर ली है।जनपद में 469 बीसी सखी नियुक्त हैं। जबकि कुल ग्राम पंचायतों की संख्या 643 है। विभाग की ओर से उन 174 गांवों की सूची तैयार कर ली गई है। इंटरमीडिएट पास महिला या युवती इस कार्य की पात्र होती है। स्वत: रोजगार उपायुक्त आरपी भगत ने बताया कि विभाग की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। जनवरी माह में चयन और प्रशिक्षण करा लिया जाएगा। जनपद में 174 गांवों में बीसी सखी का चयन होना है।

### साल का अंतिम और प्रथम दिन रहा सबसे ठंडा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जनपद में साल का आखिरी और पहला दिन नैनीताल, देहरादून से भी ठंडा। इन स्टेशनों के मुकाबले मुरादाबाद का अधिकतम तापमान कम रहा। बुधवार को नैनीताल का अधिकतम ताप 18 डिग्री, देहरादून और लैंसडॉन में 19 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि मुरादाबाद में यह 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि सामान्य से 3.2 डिग्री कम रहा।मौसम विज्ञान ने साल के पहले दिन अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान बताया था। हालांकि कोहरा और गलन बरकरार रहेगी सभारतीय मौसम विज्ञान विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक एक जनवरी को मुरादाबाद का अधिकतम तापमान 17 डिग्री और नैनीताल का 19 डिग्री रहने का अनुमान था। बुधवार को मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री रहा, जबकि नैनीताल में आठ डिग्री रहा। देहरादून में न्यूनतम तापमान सात और लैंसडॉन में आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### शांतिकुंज की ज्योति कलश यात्रा का कांठ में भव्य स्वागत



**कांठ ( शाह टाइम्स )** शांति कुंज की ज्योति कलश यात्रा का कांठ आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। शांतिकुंज से जुड़े सुरेंद्र सिंह आदि ने बताया कि अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में संपूर्ण भारत में शांतिकुंज की ओर से ज्योति कलश यात्रा निकाली जा रही है। जो कि आज अमरोहा से कांठ पहुंची थाने के पास ज्योति कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बताया गया की तीन दिन तक यह कलश यात्रा कांठ क्षेत्र में रहनी है इस दौरान कलश यात्रा पर लोगों ने पुष्प वर्षा की और ज्योति के दर्शन कर धर्म लाभ उठाया।

इस मौके पर मुकुल बिश्नोई सुरेंद्र सिंह चौधरी ऋषिपाल सिंह बलराज सिंह दर्शन सिंह सियाराम सिंह हरदीप सिंह सहित काफी लोग मौजूद रहे।

### बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा मकर संक्रांति मेले का आयोजन

**मुरादाबाद।** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भव्य मकर संक्रांति मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला रविवार, 11 जनवरी को बहजोई स्थित बी.एम.बी.एल. जैन वर्ल्ड स्कूल परिसर, नवीन पुलिस लाइन के सामने आयोजित होगा। मेले में बच्चों, युवाओं एवं परिवारों के लिए विविध मनोरंजन एवं आकर्षण उपलब्ध रहेंगे। मेले में जादू शो, डांस प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, फन गेम्स, एडवेंचर गेम्स के साथ-साथ खान-पान के आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले में प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क रखा गया है, ताकि सभी वर्गों के लोग बिना किसी बाधा के इस उत्सव में सम्मिलित हो सकें। न्यास के अध्यक्ष डॉ पवन कुमार जैन ने जानकारी दी कि जादूगर का शो एवं सभी प्रतियोगिताएं भी पूरी तरह नि:शुल्क होंगी। इसके अतिरिक्त, मेले में आने वाले दर्शकों के लिए विशेष लकी ड्रा का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से 3:00 बजे तक मेले में प्रवेश करने वाले दर्शकों के नाम लकी ड्रा में शामिल किए जाएंगे, जिसमें पांच आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### नजूल सम्पत्तियों के भूखण्डों की खरीद फरोख्त पर रोक

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि नजूल सम्पत्तियों के भूखण्डों की खरीद फरोख्त/एग्रीमेंट बिना शासन की अनुमति के स्थानीय व्यक्तियों को बेचने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे शासकीय सम्पत्ति का हनन हो रहा है। उन्होंने जनपदवासियों को सचेत किया है कि यदि संज्ञान में आता है कि नजूल सम्पत्तियों के भूखण्डों की खरीद फरोख्त/एग्रीमेंट बिना शासन की अनुमति के किया जा रहा है तो नजूल भूखण्डों को बेचने व खरीदने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### मुरादाबाद की पिट्टू टीमें आगरा में आयोजित यूपी पिट्टू चैंपियनशिप में लेंगी हिस्सा

**मुरादाबाद।** पिट्टू एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित प्रथम जूनियर उत्तर प्रदेश पिट्टू चौंपियनशिप का आयोजन 2 से 4 जनवरी तक आगरा पब्लिक स्कूल, आगरा में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में मुरादाबाद जिले की बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।चौंपियनशिप की तैयारी के लिए मुरादाबाद की पिट्टू टीम का 5 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर ग्रीन मिडोज स्कूल में आयोजित किया गया, जहां खिलाड़ियों को तकनीकी अभ्यास, शारीरिक फिटनेस और खेल रणनीतियों का गहन प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया।मुरादाबाद की पिट्टू टीमें आज आगरा के लिए प्रस्थान करेंगी। बालक टीम के कोच विपिन जखमोला, बालिका टीम की कोच सलोनी तथा टीम मैनेजर देवेंद्र राणा टीम के साथ जाएंगे।बालक टीम में चिराग यादव, दीपक सिंह, कुनाल पाल, क्रिश सैनी, आदित्य कुमार, सिद्धांत सिंह, अभी कुमार, मयंक दीप, हरप्रीत सिंह और वरुण पाल शामिल हैं।वहीं बालिका टीम में श्रद्धा अग्रवाल, लवी चौधरी, कनिका यादव, आराध्या सिंह, मनु चौधरी, अंजली पाठक, योगिता, जानकी, दीपिका और तनीषा चौधरी प्रतिभाग करेंगी। जिला पिट्टू संघ और खेल प्रेमियों ने टीमों को शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी।

# भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक उपरांत एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की तहसील स्तरीय मासिक बैठक चौधरी ऋषिपाल सिंह एवं तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिसमे नए ब्लॉक अध्यक्ष अंगद सिंह का स्वागत किया गया तथा एसडीएम को किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।

गन्ना किसानों को सभी गन्ना वैरायटी बोने हेतु मिल की स्वीकृति, क्रय केंद्रों पर 18 और 27 क्विंटल के दो तोल मोड, जिससे छिलाई और ढुलाई खर्च कम किया जा सके,बिजली के बकाया बिलों को संशोधित कर किस्तों में जमा कराए जाने, कांठ में शीघ्र मिट्टी जांच केंद्र स्थापना,कांठ में सड़क चौड़ीकरण को शीघ्र पूरा किया जाना, नहर में सिंचाई हेतु पानी, दीवान मिल के किसानो ने अपने गत वर्ष के अधिक काटे गए किराए को दिलाने की मांग, पीएम सम्मान निधि पति पत्नी दोनो को दीए जाने।आदि मुद्दे उठाए गए। इस मौके पर हरदीप सिंह विश्नोई वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, सियाराम जी विश्नोई तहसील प्रभारी, अरविंद जॉनी, महेश ठाकुर, अनोज चौधरी, पिंकी चौधरी, भविष्य विश्नोई, रामकला गुर्जर, सलीम अहमद, सतपाल यादव, अजय चौधरी, कमल सिंह, रामोतार सिंह, धर्मपाल सैनी, ओमपाल सैनी, बाबू राम जी, विशाल हिन्दू, बलराज सिंह विश्नोई, नौबत सिंह, ओमराज सिंह विश्नोई, उदय राज सिंह, राहुल आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम का हुआ आयोजन



**करनपुर/डिलारी।** संत निरंकारी मिशन की शाखा ब्रांच करनपुर चौराहा में नव वर्ष के शुभ अवसर पर एक क्षेत्रीय निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरादाबाद जिले के संयोजक रामनाथ सिंह ने की उन्होंने अपने प्रवचनों में कहा की ज्ञान एक प्रकाश है नूर है विवेक है जो इंसान को सांसारिक दुखों - सुखों से बचाता है जैसे कोई अंधा व्यक्ति बाजार में जाते हुए कभी किसी चीज से टकराता है कभी किसी चीज से ठोकर खाता है रास्ते की रुकावटें उसे कदम-कदम पर परेशान करती है।

यदि उसे आंखें मिल जाए तो वही बाजार होता है वही रास्ता होता है वही रुकावटें होती हैं पर अब वह उसी रास्ते पर बड़े आराम से गुजर जाता है गंदी नालियां वह झट से पार कर लेता है खुशबूदार बाग उसे रो. कते नहीं इसी तरह जिस इंसान के पास ज्ञान होता है विवेक होता है वह सांसारिक सुखों दुखों का प्रभाव ग्रहण नहीं करता उन्होंने कहा कि हमारे और परमात्मा के दरमियान सिर्फ अज्ञानता का एक पर्दा है हम सोचते हैं कि परमात्मा बहुत दूर है यही अज्ञानता का पर्दा है जो कि हर जगह रहने वाले निरंकार दातार से हमें दूर किए हुए हैं।

इस दातार प्रभु के साक्षात्कार के लिए हमें कहीं जाने की या किसी अन्य साधन की जरूरत नहीं बल्कि हमें सिर्फ अज्ञानता का पर्दा उतरना होता है और फिर हमें प्रभु अंग संग नजर आने लगता है और यह अज्ञानता का पर्दा समय के सतगुरु द्वारा हटाया जाता है कार्यक्रम का कुशल संचालन राजवीर सिंह ने किया इस कार्यक्रम में कवि दरबार का भी आयोजन किया गया जिसमें धर्मपाल सिंह, रामवीर सिंह, डॉक्टर किशन सिंह, खिलेंद्र सिंह, अमित कुमार ,बहन ज्योति सिंह आदि कवियों ने अपनी अपनी कविताओं को सभी के समक्ष रखा।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर बाबू सिंह,तनिष्क, भजन सिंह, नरेश सिंह, टिंकू सिंह, पवन कुमार, ध्यान सिंह, चंद्रपाल सिंह ,होती सिंह, नन्हे सिंह ,महेंद्र सिंह, कमल कुमार ग्राम पंचायत करनपुर की ग्राम प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, कमलेश देवी, सविता देवी, नीतू देवी, राधिका, निधि, पूनम, बबीता ,सीमा, अंजलि, आस्था, वंशिका आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद बड़े ही श्रद्धा पूर्वक ग्रहण किया।

# होम्योपैथिक दवाओं की अवैधानिकता पर विवाद हुआ समाप्त

## गोल्डन जुबली राष्ट्रीय कांफ्रेंस से भाग लेकर लौटे डॉ. राजकुमार शर्मा ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 50 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित गोल्डन जुबली राष्ट्रीय कांफ्रेंस का भव्य आयोजन विश्व बंगला कन्वेंशन सेंटर कोलकाता में किया गया। कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर लौटे डॉक्टर राज. कुमार शर्मा ने बताया कि इस कांफ्रेंस का उद्घाटन सत्र का अत्यधिक भव्य उद्घाटन बंगाल राज्य की आयुष मंत्री श्रीमती चंद्रिमा भट्टाचार्य ने किया। इस कांफ्रेंस में 125 शोध पत्र विभिन्न प्रेक्षागृहों व 33 सत्रों में प्रस्तुत किये गये। जिनमें होम्योपैथी के आधुनिक शोधों को प्रस्तुत किया गया। शोध पत्र विशेषत कैंसर मानसिक विक्षप्तता ऑटिज्म बच्चों का अविकसित दिमाग ,स्त्री रोग ,तथा आधुनिक जीवन शैली से उत्पन्न रोगों पर शोध पत्र पढ़े गए। तथा उनके होम्योपैथिक सफल इलाज का विस्तृत वर्णन किया गया। तथा नवीनतम जानकारियां दी गई। कॉन्फ्रेंस में आई आई टी बॉम्बे के सहयोग से किए गए शोध के अनुसार उपलब्ध कराई गई। जानकारी में बतलाया गया की होम्योपैथिक दवाओं में दवाई नैनो पार्टिकल के रूप में पाई जाती है।जिसे कि स्पेक्ट्रम पर देखा जा सकता है। इस कारण अब तक होम्योपैथिक दवाओं की अवैधानिकता पर विवाद समाप्त हो गया है। उपरोक्त कॉन्फ्रेंस में संपूर्ण देश तथा विदेशों से 3500 डेलिगेट्स ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में एच एम आई के वर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर एस के मुखर्जी सेक्रेटरी जनरल डॉक्टर ए के गुप्ता की पूरी टीम ने सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया।कांफ्रेंस के मुख्य संयोजक डॉक्टर एच डी जायसवाल की भूमिका अद्वितीय रही कॉन्फ्रेंस में मुरादाबाद से डॉक्टर आर के शर्मा एवं डॉ नूतन आर्य ने भाग लिया तथा कॉन्फ्रेंस को डॉक्टर आर के शर्मा ने संबोधित किया।



# संत निरंकारी आश्रम पर संत समागम में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब



**कांठ( शाह टाइम्स )** नववर्ष के उपलक्ष में विशाल निरंकारी क्षेत्रीय संत समागम के आयोजन में स्टेज विराजमान महात्मा हरगोविंद जी ने अपने प्रवचनों में फरमाया कि हम सभी एक ही परमात्मा की संतान हैं, जो हमें समय-समय पर अनके रूपों में आकर प्रेम, करुणा, समानता और मानवता का दिव्य संदेश देते है। हमारे भिन्न-भिन्न रूप और रहन-सहन होते हुए भी हमारे भीतर वही एक जैसी चेतना, जीवन-शक्ति प्रवाहित होती है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए, संत निरंकारी मिशन पिछले 96 वर्षों से 'वसुधैव कुटुम्बकम' अर्थात् 'समस्त संसार एक परिवार' की दिव्य भावना को जीवन्त कर रहा है। यह दृश्य न केवल एक परंपरा का निर्वहन था, बल्कि सेवा, श्रद्धा और मानवता के प्रति गहरी आस्था का जीवंत प्रति. बंब बना।

बताया कि संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा है जिसका मुख्य उद्देश्य मानवता को बढ़ावा देना है निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी के पंक्तियां कुछ भी बनो मुबारक है पर पहले इंसान बनो स जिसमें धर्म परिवर्तन की नहीं मन परिवर्तन की आवश्यकता है। सत्संग में ब्रांच कांठ मुखी मास्टर सुशील कुमार जी, राजेंद्र जी अमित जी, अरविंद जी, बाबूराम, रवि जी, बहन राजवती जी , रेनू पाल जी मोनिका जी, बीना जी , रवि , अंकित कुमार जी ब्रांच मीडिया प्रभारी कांठ आदि महात्माओं ने भाग लिया।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र कासिम व पुत्रवधू श्रीमती खदीजा को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे।
आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।
**श्रीमती नरगिस पत्नी अफसर निवासी ग्राम जाफरपुर पोस्ट फतेहपुर, जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बेटी हुदा कासिम गलत संगत तथा आचरण में पड़ गई है। जिस कारण में तथा मेरा परिवार उससे समस्त सामाजिक, पारिवारिक एवं संपत्ति संबंधी रिश्ते पूर्ण रूप से समाप्त करती हूँ। अब मेरी चल-अचल संपत्ति में पुत्री का कोई अधिकार नहीं रहेगा। भविष्य में उसके किसी भी कार्य या लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी या मेरे परिवार की नहीं होगी। जैनब खातून पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद कासिम, मोहल्ला मनिहारान थाना शेरकोट तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद।**

**सार्वजनिक सूचना**

संस्था दयानन्द शमशान स्थल (मरघट) विकास समिति, पता महमूद रोड चान्दपुर जिला बिजनौर सर्वश्री 01. श्री कृष्ण अवतार पुत्र स्व0 सुक्खन लाल, भूतपूर्व उपसरंक्षक, 02. श्री यतेन्द्र कुमार बंसल पुत्र महेश कुमार बसल, भूतपूर्व उपसचिव, 03. श्री देवेन्द्र कुमार त्यागी पुत्र स्व0 विशम्बर सिंह, भूतपूर्व सचिव 04. श्री बलकरन सिंह एड0 पुत्र श्री चन्द्रषाल सिंह, भूतपूर्व कानूनी सलाहकार 05. श्री संयोग कुमार बंसल पुत्र श्री रामेश्वर प्रत्साद बसल, भूतपूर्व सदस्य निवासीगण मौ0 कटार मल चॉदपुर जिला बिजनौर। 06. श्री राम बहादुर आर्य पुत्र श्री रघुवीर आर्य, भूतपूर्व सदस्य निवासी स्याऊ चॉदपुर जिला बिजनौर। 07. श्री राजीव कुमार मदान पुत्र श्री हरिश्चन्द्र, भूतपूर्व सदस्य, निवासी मौ0 श्रीराम कालोनी, चॉदपुर जिला बिजनौर। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि संस्था का नवीनीकरण किये जाने श्री कृष्ण अवतार स्वंय को उक्त संस्था का अध्यक्ष दर्शाते हुये प्रपत्र दिनांक 16.09.2025 को प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2025-2026 में आपको संस्था में चयनित नहीं दर्शाया गया है तथा क्रम संख्या 02 आपका पद परिवर्तन किया गया है। अत: उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में सो.रजि.एक्ट 1860 के अन्तर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसा0 पंजी0अधि0 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से- ( आनन्द विक्रम सिंह )**
**सहायक निबन्धक**

# इंडो नेपाल यूथ गेम फुटबॉल चैंपियनशिप जीतकर भारत का किया नाम रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगवानपुर।** नगर पंचायत अगवानपुर के जाहिद हुसैन भारतीय किसान यूनियन भानू के प्रदेश महासचिव की बेटी दानिया परवीन ने इंडो नेपाल अंतरराष्ट्रीय यूथ महिला गेम्स फुटबॉल चौंपियनशिप 2025 नेपाल के पोखरा ग्राउंड में सोमवार को गोल्ड मेडल जीतकर भारत का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखवा दिया।

इस टीम की बालिकाओं पर भारत वर्ष को नाज है। टीम मैनेजर प्रिंस कुमार का योगदान सराहनीय है। इन की टीम ने नेपाल में जाकर मैच खेला और जीत हासिल कर भारत वर्ष को स्वर्ण पदक दिलाने में कामयाब रही। जिस में नगर पंचायत अगवानपुर की बेटी दानिया परवीन का अहम योगदान रहा जो सराहनीय है। इस में दानिया परवीन के परिवार का सहयोग रहा।

दानिया परवीन के नेपाल से अगवानपुर आने पर अगवानपुर की पब्लिक ने फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर चेयरमैन गुलरेज अहमद, गजन फरूल्ला, तवरेज आलम, रईस अहमद, परवेज आलम, शाहिद हुसैन, नैयर अब्बास नकवी, नीरज भटनागर, हाजी फराहीम अहमद, फरमान, अंशुल आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी. डि. ) महोदय, मुरादाबाद।**
उत्तराधिकार वाद सं.: 357/2025
**तारीख पेशी:** 5.1.2026
आलोक गुप्ता उम्र 52 बर्ष पुत्र (स्व.) विददैन्त कुमार गुप्ता निवासी मकान नं. बी-156 शिव मंदिर गली, लाजपत नगर तहसील व जिला मुरादाबाद- वादी/ प्रार्थी।
**बनाम**
**जनता आम**
यह कि वादी ने अपने स्वर्गीय पिता विददैन्त कुमार गुप्ता की चल सम्पत्तियों (पंजाब नैशनल बैंक शाखा लाजपत नगर मुरादाबाद 7,36,532/ रुपए के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लेने हेतु वाद योजित किया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो वह स्वयं अथवा अपने वकील के जरिए कोर्ट में दिनांक 05.01.26 को प्रात: 10:30 उपस्थित हो।
**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी.डि. ), मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत लालूवाला**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 1.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत लालूवाला विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्र्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 14.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 14.01.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केन्द्र बाल मैत्रिक शौचालय का निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा आदि। | 1 | 113482.00 | 500 | 2% | 3 माह |
| 2 | मैन रोड से तालाब तक नाला निर्माण/फिल्टर चैम्बर। | ,, | 70 मी0 | 117177.00 | 500 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत लालूवाला**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# नववर्ष पर वैश्य एकता समिति ने गोसेवा कर दिया सेवा व संस्कार का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अंग्रेजी नववर्ष के पावन अवसर पर वैश्य एकता समिति द्वारा स्थाई गौशाला, बहेड़े वाला ताल, चन्दौसी में गौसेवा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सामूहिक रूप से गौमाता को रोटी, हरा चारा, गुड़, चोकर व दलिया खिलाकर नववर्ष की शुरुआत सेवा और पुण्य कार्य से की। समिति सदस्यों ने बताया कि गौसेवा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

बल्कि यह मानव जीवन में आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं पितृ दोष से मुक्ति का माध्यम भी मानी जाती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने गौसेवा कर मानसिक संतोष एवं आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। इसके साथ ही वैश्य एकता समिति की एक टीम द्वारा ग्रेटर नोएडा में भी गौसेवा कार्यक्रम आयोजित कर नववर्ष मनाया गया, जिससे समिति के सेवा कार्यों का विस्तार अन्य क्षेत्रों तक हुआ। इस आयोजन ने समाज में सेवा, संस्कार और एकता का प्रेरणादायी संदेश दिया। गौसेवा कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागिता निभाई और पितरों के आशीर्वाद के साथ जीवन में सुख, शांति और



समृद्धि की कामना की। समिति द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की स्थानीय नागरिकों ने भी सराहना की। इस अवसर पर वैश्य एकता समिति के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, एडवोकेट प्रवीण गुप्ता, डॉ. दिशांत गुप्ता, नगराध्यक्ष सुमित वार्ष्णेय, क्षितिज गुप्ता, विकास बून, अभिषेक गुप्ता, बृजेशचंद वार्ष्णेय, अंशुल गुप्ता, वैभव गुप्ता, मयंक वार्ष्णेय, राजा गुप्ता, गोपाल वार्ष्णेय, कुश वार्ष्णेय सहित अनेक समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# डिस्ट्रिक्ट-3100 की गवर्नर पायल गौर की अमेरिका यात्रा के लिए शुभ यात्रा समारोह हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रोटरी चन्दौसी रीजन टीम कर्मा द्वारा रोटरी क्लब चन्दौसी पूर्वांचल के सहयोग से वर्ष 2026-27 के लिए रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3100 की गवर्नर रो पायल गौर की अमेरिका यात्रा एवं प्रशिक्षण के अवसर पर भव्य बोन वेज शुभ यात्रा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज चेयर रो अनुराग मित्तल ने किया। समारोह में वर्ष 2027-28 के लिए चयनित गवर्नर रो काव्या रस्तोगी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रोटरी क्लब चन्दौसी, रोटरी क्लब चन्दौसी पूर्वांचल, रोटरी क्लब चन्दौसी सिटी स्टार, रोटरी क्लब चन्दौसी अमन, रोटरी क्लब चन्दौसी लक्ष्य, रोटरी क्लब बहजोई एवं रोटरी क्लब बबराला गंगा के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। असिस्टेंट गवर्नर रो अंकित जैन एवं रो संजय गुप्ता ने गवर्नर पायल गौर को अमेरिका यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

चीफ कोऑर्डिनेटर रो विजय कुमार एवं रीजनल कोऑर्डिनेटर भुवनेश वार्ष्णेय ने गवर्नर पायल गौर की अमेरिका यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह यात्रा डिस्ट्रिक्ट-3100 के लिए नई दिशा एवं ऊर्जा प्रदान करेगी। अन्य क्लबों से आए सदस्यों ने भी गवर्नर पायल गौर एवं रो



सागर शर्मा को सफल यात्रा की शुभकामनाएं दीं। वर्ष 2027-28 की गवर्नर रो काव्या रस्तोगी ने कहा कि 'डबल इंजन सरकार' की तर्ज पर दो गवर्नरों का समन्वित कार्य डिस्ट्रिक्ट-3100 को नए आयाम देगा। वहीं गवर्नर रो पायल गौर ने सभी रोटेरियनों से एकजुट होकर वर्ष 2026-27 में नए सामाजिक प्रोजेक्ट्स शुरू करने, समाजसेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने एवं रोटरी पब्लिक इमेज को सशक्त बनाने का आहवान किया। कार्यक्रम के अंत में रो अश्वनी सक्सेना ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। समारोह में रो विशाल सर्राफ, रो मनोज सर्राफ, रो अमित सर्राफ, रो डॉ. अमोल कंचन, रो नीरज चौधरी, रो राजीव कृष्णा, रो पवन वार्ष्णेय, रो संगीता भार्गव, रो वीनेश वार्ष्णेय, रो विवेक कागजी, रो डॉ. सुधा चौधरी, लेफ्टिनेंट गवर्नर रो संजय रुस्तगी, रो यश वार्ष्णेय, रो लव मोहन, रो विधुत सिंह एवं रो अतुल गुड्डू सहित अनेक रोटेरियन उपस्थित रहे।

# महाराजा अग्रसेन संगठन ने पूजा अर्चना के साथ किया नववर्ष 2026 का स्वागत

**मुरादाबाद।** महाराजा अग्रसेन संगठन द्वारा कैलेंडर वर्ष नववर्ष 2026 का स्वागत आज श्रद्धा और आस्था के साथ किया गया। यह आयोजन टीडीआई सिटी, कांठ रोड स्थित गोल चक्कर के पास बड़े मंदिर में संपन्न हुआ, जहां संगठन के इष्ट महाराजाधिराज श्री श्री 1008 अग्रसेनजी महाराज एवं कुलदेवी माता श्री लक्ष्मी जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। बृहस्पतिवार को सुबह हवन किया गया, जिसके पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में अग्र बंधुओं एवं अग्र महिलाओं ने माता लक्ष्मी जी और अपने इष्ट के आशीर्वाद के साथ नववर्ष की शुरुआत की। संस्था के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि हमारा हिंदू नववर्ष नवरात्रों से प्रारंभ होता है और किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत सनातन परंपरा के अनुसार देवी-देवताओं की पूजा से



होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पश्चिमी पद्धति की बजाय भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप नववर्ष मनाने का यह प्रयास समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण है।महामंत्री अमोल कुमार अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज का यह सौभाग्य है कि नववर्ष की शुरुआत इष्ट देव और माता लक्ष्मी के आशीर्वाद से हुई। उन्होंने कहा कि संगठन भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करता रहेगा।कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पूर्व महामंत्री दीपक अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, अनुज मित्तल, महिला संयोजिका एकता अग्रवाल, सह संयोजिकाएं आंचल अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, नीति अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व महामंत्री दीपक अग्रवाल रहे।

# योग शिक्षकों का नए साल पर किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका परिषद में योग परिवार योगशाला के तत्वाधान में 6 दिवसीय कार्यक्रम में हरिद्वार से सहभागिता करके वापस लौटे वरिष्ठ योग शिक्षक निहाल सिंह लाठर के अलावा राकेश कुमार चंद्रवंशी के बिलारी पहुंचने पर योग परिवार ने उन्हें सम्मान देकर सम्मान पट्टिका पहनाई। इसके अलावा योग शिक्षक निहाल सिंह की अनुपस्थिति में योग करने पर नरेंद्र सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विद समाज सेवी मास्टर व्रतपाल सिंह का भी स्वागत सम्मान किया गया। योग परिवार द्वारा सभी योग साधकों को मवायुक्त गजक का भी वितरण किया गया. वहीं योग साधक रामचंद्र उर्फ रामा टेलर द्वारा योग शिक्षक निहाल सिंह को वस्त्र आदि भेंट कर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता नागरिक मंच के संयोजक संजय सक्सेना ने संचालन किया। इसके बाद हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन गायन भी हुआ। इस मौके पर अजय राठी, नरेंद्र कुमार, अनिता चौधरी, रेखा सक्सेना,



रानी चौधरी, पूजा जैन, मधु रानी, सरोज सिंह, बाबूलाल चक्रवर्ती, विनीत कुमार, राकेश कुमार चंद्रवंशी,उज्जवल चौधरी, राम प्रताप सिंह, ममता फोगाट, गीता रानी चंद्रवंशी ,पिंकी लाठर, डॉ राजवीर सिंह,कृष्ण पाल सिंह, राशि शर्मा आदि सहित अनेको ने भाग लिया।

# फौजी अनूप सिंह गणमन्य लोगों ने घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नहीं रहे फौजी अनूप सिंह गणमन्य लोगों ने घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की जबकि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शोक सभा का आयोजन कर 2 मिनट का मौन धारण कर संवेदना व्यक्त की। गुरुवार को नगर के प्राचीनतम मोहल्ले झंडा चौक ठाकुरान में रहने वाले फौजी अनूप सिंह का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया उन्होंने अपने पीछे एक बेटी एक बेटे को छोड़ा है यहां बता दें कि अनूप सिंह आर्मी में अच्छे पदों पर रहते हुए रिटायर हुए थे।

62 वर्षीय अनूप सिंह को शारीरिक बीमारी के बाद अस्पताल में भेजा गया जहां उनका लंबा उपचार चला लेकिन कोई राहत नहीं मिली और गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली आगरा छावनी से खबर सुनकर उनके साथियों ने आकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया पार्थिव शरीर को उनके पुत्र त्रिलोक सिंह ने मुखअग्नि दी इस मौके पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के विजेंद्र सिंह चौहान धर्मेंद्र गांधी कौशल सिंह चंदन सिंह बिष्ट पंकज चौहान विष्णु सिंह भीष्म ठाकुर सुमित सिंह संजय राणा पवन ठाकुर राकेश सिंह नाथू सिंह आदि लोगों ने घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## रोटरी क्लब चंदौसी अमन ने हर्षोल्लास के साथ मनाया नववर्ष

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चंदौसी अमन द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में न्यू ईयर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से कव्वाली तथा 'अनपढ़ नेता की कहानी' नाटक ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्लब सदस्यों द्वारा प्रस्तुत कपल डांस एवं ग्रुप डांस को भी दर्शकों से भरपूर सराहना



मिली। मुंबई से आए प्रसिद्ध गजल गायक एवं अन्य कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। क्लब का प्रत्येक सदस्य किसी न किसी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सहभागी रहा। सभी सदस्यों ने डीजे की मधुर धुनों पर जमकर नृत्य किया और नववर्ष का उल्लासपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष दीपेश गुप्ता ने सभी सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए रोटरी के उद्देश्यों एवं भविष्य में किए जाने वाले सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। क्लब सचिव राहुल अग्रवाल ने क्लब की ओर से देशवासियों के लिए सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। वहीं कोषाध्यक्ष विशाल अग्रवाल ने आगामी सेवा परियोजनाओं की जानकारी देकर सदस्यों को जागरूक किया। कार्यक्रम सौहार्द, उल्लास और सेवा भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# मिशन शक्ति-5.0 के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत गुरुवार को मिशन शक्ति टीम में तैनात महिला पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर चौपालों का आयोजन कर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा महिला संबंधी समस्याओं के समाधान के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित वातावरण का भरोसा दिलाया। इसी क्रम में मिशन शक्ति-5.0 अभियान के तहत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को शासन व पुलिस विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपात सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पैनिक बटन एवं मोबाइल इमरजेंसी कॉल से संबंधित जानकारी का प्रदर्शन भी किया गया। महिला पुलिसकर्मियों द्वारा पंपलेट वितरित कर इन सेवाओं



के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी भी साझा की गई। अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास और जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू. डि. ), बिलारी, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:** 539 सन् 1991
**तारीख पेशी:** 02.01.2026
**राम औतार शर्मा बनाम तेजप्रकाश शर्मा आदि।**
**बनाम**

3/1-श्रीमती राजवती उर्फ राजो देवी आयु लगभग 70 वर्ष पत्नी स्व0 शिव कुमार, 3/2- रवि आयु लगभग 42 वर्ष पुत्र स्व0 शिव कुमार, 3/3- शशि आयु लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व0 शिव कुमार, 3/4- सचिन आयु लगभग 30 वर्ष पुत्र स्व0 शिव कुमार प्रतिवादी सं0 3/1 ता. 3/4 निवासीगण गली नं0 10, शिव मन्दिर के पास मझोला, डाकखाना हाईडिल मुरादाबाद तहसील व जिला मुरादाबाद, 3/5- श्रीमती अर्चना पत्नी श्री पप्पू पुत्री स्व0 शिव कुमार निवासी ग्राम वीरमपुर तहसील व डाकखाना बिलारी, जिला मुरादाबाद। 3/6 श्रीमती कीर्ति पत्नी श्री सुबोध शर्मा पुत्री स्व0 शिव कुमार निवासी ग्राम व डाकखाना हरथला, तहसील व जिला संभल, 3/7- महेश चन्द्र शर्मा आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व0 पोशाखीलाल शर्मा 3/8- मुकेश शर्मा आयु लगभग 42 वर्ष पुत्र स्व0 पोशाखी लाल शर्मा प्रतिवादी गण सं0 3/7 ता 3/8 निवासीगण ग्राम व डाकखाना ग्वारऊ तह. -बिलारी, जिला-मुरादाबाद, 3/9 श्रीमती शकुन्तला आयु लगभग 52 वर्ष पत्नी श्री कल्लू पुत्री स्व0 पोशाखीलाल शर्मा निवासी ग्राम बेला दुगावर डाकखाना सतूपुरा, तहसील व जिला-सम्भल, 3/10- श्रीमती आशा देवी उम्र लगभग 48 वर्ष पत्नी श्री विजय पुत्री स्व0 पोशाखीलाल शर्मा-निवासी ग्राम सीडल माफी, डाकखाना गुमसानी, तहसील व जिला-सम्भल, 3/11- श्रीमती नैमा देवी आयु लगभग 44 वर्ष पत्नी रामबाबू पुत्री स्व0 पोशाखीलाल शर्मा निवासी ग्राम सैदपुर, डाकखाना-जैरोई हयात नगर तहसील-चन्दौसी जिला सम्भल। चूंकि उपरिनामांकित वादी द्वारा इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 22 नियम 4 व्यवहार प्रक्रिया संहिता अतएवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनांक 02.1.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपए अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो। यदि ऐसा करने में असफल रहते है तो उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 01.1.2026 दिवस को निकाली गई।

**न्यायाधिकारी**
**ग्राम न्यायालय**
**बिलारी, जनपद-मुरादाबाद।**

# टेण्डर

कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित नेशनल हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम (NHDP) के अंतर्गत उन्नत टूलकिट वितरण कार्यक्रम (ITDP), Teætile (Hand Embroidery) शिल्प में 100 (एक सौ) नग टूलकिट की आपूर्ति हेतु जी.एस.टी. में पंजीकृत इकाइयों से निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। यह कार्यक्रम स्वीकृति आदेश संख्या C-14011/01(PC)/2025-26-CC(CR) /F/TK/GEN-3 के अंतर्गत स्वीकृत है।

निविदाएँ दिनांक 02-01-2026 से 23-01-2026 तक कार्यालय HSC Handicraft Producer Company Limited) कार्यालय ग्राम व पोस्ट किशनपुर गावड़ी, विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद (उ.प्र.) में समस्त वांछित प्रमाण-पत्रों सहित सीलबंद लिफाफों में दिनांक 23-01-2026 को सायं 5:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। निविदाएँ चयन समिति के समक्ष निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जाएँगी। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

**आदेशानुसार,**
**डायरेक्टर**
**महताब जहाँ**
**HSC Handicraft Producer Company Limited**

# कार्यालय ग्राम पंचायत लोंगी खुर्द
## विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 1.1.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत लोंगी खुर्द में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त अयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 2.01.2026 से 16.1.2026 तक अपरान्ह 3.00 बजे तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/ एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित धनराशि | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रिंकू के घर से जितेन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स कार्य। | रेता, रोड़ा, सीसी टाईल्स आदि। | 303399 | 6068.00 | 500 | 2 माह |
| 2 | रिंकू के घर से जितेन्द्र के घर तक यू-टाईप नाली कार्य। | सीमेंट, रेत, रोड़ा, ईंट आदि। | 131286 | 2625.7 | 500 | 2 माह |
| 3 | महेन्द्र के घर से दिवलेश के घर तक सीसी टाईल्स कार्य। | रेत, रोड़ा, सीसी टाईल्स आदि। | 238756 | 4775.12 | 500 | 2 माह |
| 4 | साबिर के घर से जाहिद के घर तक सीसी टाईल्स कार्य। | रेत, रोड़ा, सीसी टाईल्स आदि। | 134005.20 | 2680.10 | 500 | 2 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-लोंगी खुर्द**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# अधिवक्ताओं ने नववर्ष 2026 का जश्न मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कचहरी परिसर में आज नववर्ष के पावन अवसर पर अधिवक्ताओं ने केक काटकर नया साल मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजीव वर्मा एडवोकेट, शबनम एडवोकेट, मुकेश वर्मा एडवोकेट, शरमिताभ सिन्हा एडवोकेट, विपिन प्रजापति एडवोकेट, हिमांशु, बंटी एडवोकेट, नासिर अली एडवोकेट, नफीस अहमद पत्रकार, अनुज शर्मा एडवोकेट, अवधेश कुमार, मौ. सालिम एडवोकेट सहित आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी न्याय के क्षेत्र में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि नववर्ष का यह अवसर हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को याद दिलाता है और हमें समाज के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है।

नववर्ष के इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने एक दूसरे के साथ मिलकर केक काटा और एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने नववर्ष के इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और एक दूसरे के साथ मिलकर नववर्ष का जश्न मनाया।

## बिलारी नगर का नया बिजली कटौती का शेड्यूल जारी

**बिलारी।** नगर बिलारी का जनवरी माह से बिजली कटौती का नया शेड्यूल जारी किया गया है. जिसके चलते सवेरे 8 बजे से 9:30 बजे तक डेढ़ घंटा जबकि दोपहर को 12:45 बजे से 13:45 बजे तक 1 घंटा बिजली कटौती रहेगी। यह जानकारी विद्युत विभाग के एसएसओ शाहिद मलिक ने दी।

# इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी ने नववर्ष पर पेन का वितरण कर दिया अनोखा संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** इंसानियत वेलफेयर सोसईटी ने पेन वितरण कर दी एकता-शांति अपील की है। गाजियाबाद तलवार बंटवारे का जिक्र कर इसका विरोध जताया है।उन्होंने बाजार में अपने सोसइटी के कार्यकर्ताओं के साथ हाथ में राष्ट्रीय ध्वज लेकर और कौमी एकता वाले फिल्मी गाने आपस में प्रेम करो गाने को साउंड सिस्टम के साथ घूम कर संदेश दिया।गुरुवार को इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रशिद सैफी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर अपने आवास अम्बेडकर पार्क रैली निकाली।

जिसमें उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद लोगों को कलम बांटकर एकता, शांति व भाईचारे का संदेश दिया। लोगों ने संदेश देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि गौतम बुद्ध, बाबासाहेब आंबेडकर व महात्मा गांधी के संदेशों के उलट कुछ अतिवादी तलवार बांटकर हिंसा फैला रहे हैं। सफेद टोपी, तिलक व तिरंगा थामे कार्यकर्ताओं ने गंगा-जमुनी संस्कृति का प्रदर्शन किया।उन्होंने गाजियाबाद की घटना पर तीखा प्रहार करते हुए गाजियाबाद में तलवार वितरण का जिक्र करते हुए कहा कि देश नफरत से नहीं, प्रेम-भाईचारे पर चलेगा।

तलवार के जवाब में कलम बांटना हमारा संकल्प है। इस अभियान से समाज में सकारात्मक संदेश फैलेगा।इस संदेश रैली में सुशील सागर, विनय प्रताप सिंह व पप्पू कुमार शामिल रहे।




**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा पार्किंग एवं पे एंड यूज़ के कार्य को IREPS के माध्यम से मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 19.01.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। 05/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मिचेल मार्श करेंगे टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी

## मिचेल के अलावा कई सीनियर खिलाड़ियों ने टीम में वापसी की




**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका और भारत में सात फरवरी से शुरु होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए 15 सदस्यों की प्रोविजनल टीम की घोषणा की है। मिचेल मार्श को टीम का कप्तान बनाया है साथ ही कई सीनियर खिलाड़ियों ने टीम में वापसी की है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, चयनकर्ताओं ने महाद्वीप की स्थिति का अनुभव रखने वाले और बहुमुखी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को देखते हुए विश्व कप के लिए टीम का चयन किया है। टीम में पैट कमिस, कैमरन ग्रीन और कूपर कोनोली की वापसी हुई है। इस टीम में स्पिन की तरफ भी साफ झुकाव है, जिसमें एडम जम्पा को मैथ्यू कुहनेमन, कोनोली और स्पिन-कैपेबल ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट को जगह दी गई है। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया इस प्रारुप में टीम की लगातार सफलता के कारण स्पष्टता के साथ विश्व कप के लिए योजना को अंजाम दिया है। बेली ने कहा कि टी-20 टीम ने हाल ही में काफी सफलता हासिल की है, जिससे पैनल को श्रीलंका और भारत में अलग-अलग तरह के हालात के हिसाब से खिलाड़ियों के चयन में मदद मिली। उन्होंने कहा कि पैट कमिस, जॉश हेजलवुड और टिम डेविड अच्छा खेल रहे हैं, और हमें भरोसा है कि वे विश्व कप के लिए उपलब्ध होंगे। यह शुरुआती टीम है, इसलिए अगर बदलाव करने की जरूरत पड़ी, तो वे सपोर्ट पीरियड से पहले किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से संन्यास और स्पेंसर जॉनसन के चोटिल होने के बाद प्रोविजनल ग्रुप में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को शामिल नहीं करने का फैसला किया है। नतीजतन, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को शामिल किया गया है और चयनकर्ताओं ने उन्हें बेन ड्वारशुइस जैसा एक विकल्प चुना है। ऑस्ट्रेलियाई प्रोविजनल टीम इस प्रकार है:- मिशेल मार्श, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, पैट कमिस, टिम डेविड, कैमरन, नाथन, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश, मैथ्यू कुहनेमन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा शामिल हैं। विश्व कप से पहले पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अलग टीम की घोषणा अभी होनी है।

# भारतीय क्रिकेट जगत में नए साल की बधाई के साथ 2026 का किया स्वागत




- **आईसीसी के अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा, फैंस को बाउंड्री से भरे साल की शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि 2026 में सपने बड़ा स्कोर करेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट के बड़े नामों ने गुरुवार को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं, और उम्मीद, हिम्मत और सकारात्मकता के संदेशों के साथ 2026 का स्वागत किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी को नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, फैंस को बाउंड्री से भरे साल की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि 2026 में सपने बड़ा स्कोर करेंगे। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने एक प्रेरणा देने वाला संदेश साझा किया, जिसमें लोगों से खुद पर विश्वास बनाए रखने और अपना बेस्ट देने की कोशिश करते रहने की अपील की। युवराज ने कहा कि जब दिन मुश्किल हो, तो आप पीछे नहीं हटते, आप उठते हैं और इसे फिर से करते हैं। उन्होंने कहा कि वह उन पलों, लोगों और अनुभवों के लिए शुक्रगुजार हैं जिन्होंने बीते साल को बनाया। पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने सभी को नए साल की शुभकामनाएं दीं और कहा कि नई शुरुआत और सभी के लिए 2026 खुशहाल हो। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी इस जश्न में शामिल हुए और उन्होंने एक पर्सनल नोट पोस्ट करके नए साल का स्वागत 'अपने पसंदीदा लोगों के साथ हाथ में हाथ डालकर' किया, साथ ही सभी को 2026 की शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों ने महाकालेश्वर के दर्शन किए

**उज्जैन, वार्ता।** नव वर्ष के अवसर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख खिलाड़ियों ने गुरुवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रातघ्कालीन भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाक.ालेश्वर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। श्री महाकाल पवन समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्मृति मंधाना, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, राधा यादव, शेफाली वर्मा एवं रेणुका सिंह ठाकुर ने भस्म आरती में सहभागिता कर ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के उपरांत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस-एन-सोनी ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

### मांडविया ने अरुणाचल की अंडर-16 टीम से सूरत हवाई अड्डे पर की मुलाकात



**सूरत, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने गुरुवार को सूरत हवाई अड्डे पर अरुणाचल प्रदेश की अंडर-16 टीम से मुलाकात की। डॉ. मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच पर एक्स पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि अरुणाचल प्रदेश की विजय मर्चेंट ट्रॉफी खेलने आई अंडर-16 टीम से सूरत एयरपोर्ट पर अचानक मुलाकात हुई। उनसे मिलकर हृदय आनंदित हो गया।

# ऑस्ट्रेलिया के लिए ऐशज के 5वें टेस्ट में स्टीव स्मिथ करेंगे कप्तानी



**5वें एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम**

**स्टीव स्मिथ** (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड और ब्यू वेबस्टर शामिल हैं।

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट की 15 सदस्ईय टीम के लिए स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी से शुरु होने वाले टेस्ट मैच में नियमित कप्तान पैट कमिस की गैरमौजूदगी में, सीनियर बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे।

कमिंस, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे, एडिलेड टेस्ट में वापस आए और ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी की। टीम प्रबंधन ने कमिंस के वर्कलोड को मैनेज करने और भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले उनकी फिटनेस सुनिश्चित करने के लिए सीरीज के बाकी मैचों के लिए इस तेज गेंदबाज को आराम देने का फैसला किया है। कमिस को पहले ही इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया की संभावित टीम में शामिल किया जा चुका है। उस्मान ख्वाजा ने, अपने टेस्ट भविष्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच, सिडनी टेस्ट के लिए टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने सीरीज की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के पहले पसंद के सलामी बल्लेबाज के तौर पर की थी, लेकिन उनका अभियान काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। ख्वाजा पीठ में ऐंठन के कारण पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर पाए, ब्रिसबेन टेस्ट में पूरी तरह से बाहर रहे और स्मिथ की बीमारी के कारण नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के लिए वापस बुलाए जाने से पहले उन्हें शुरू में एडिलेड में टीम से बाहर रखा गया था।

# मर्फी की नजर सिडनी में स्पिनरों के लिए बड़ी भूमिका पर



- **मुझे नहीं लगता कि सीरीज शुरू होने से पहले ऐसी कोई प्लानिंग या विचार नहीं था कि स्पिन की कोई भूमिका नहीं होगी: मर्फी**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज सीरीज में स्पिन का ज्यादा रोल नहीं रहा है, लेकिन ऑफस्पिनर टॉड मर्फी को उम्मीद है कि सीरीज के आखिरी टेस्ट में ऐसा नहीं होगा, जो सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है, यह एक ऐसा मैदान है जिसने ऐतिहासिक रूप से स्पिनरों का साथ दिया है। जबकि इंग्लैंड ने अब तक चार टेस्ट में अपने मुख्य स्पिनर शोएब बशीर को खिलाने के लालच से खुद को रोका है, वहीं नाथन लियोन की भी ऑस्ट्रेलिया के लिए सीमित भूमिका रही है। हालांकि, लियोन के चोटिल होने और सिडनी में मर्फी के लिए मौके की उम्मीद के साथ, ऑफस्पिनर के पास यह मानने के कारण हैं कि घरेलू टेस्ट में उनकी बड़ी भूमिका होगी। मर्फी ने गुरुवार को कहा कि मुझे नहीं लगता कि सीरीज शुरू होने से पहले ऐसी कोई प्लानिंग या विचार था कि स्पिन की कोई भूमिका नहीं होगी।मुझे लगता है कि यह बस ऐसा ही हुआ है। मुझे लगता है कि यह साल दर साल बदलेगा। अगले साल यह पूरी तरह से अलग हो सकता है। मर्फी ने अब तक 7 टेस्ट में 22 विकेट लिए हैं, जिनमें से सभी घर से बाहर लिए गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए उनका आखिरी मैच फरवरी 2025 में गाले में हुआ था। घर पर, फरवरी 2023 में डेब्यू करने के बाद से, उन्हें लियोन के स्पिन विभाग की अगुवाई करने के कारण अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा है। लेकिन यह इंतजार उनके लिए कोई हैरानी की बात नहीं थी। मर्फी ने कहा कि जब मैंने डेब्यू किया तब शायद मैं समझ गया था कि यह मेरे लिए कभी भी सीधा नहीं होने वाला है। जब नाथन वापस आएंगे तो मैं टीम में अपनी जगह नहीं बना पाऊंगा और मुझे हमेशा शील्ड क्रिकेट में वापस जाकर खुद को बेहतर बनाना होगा। उस समय मैं सिर्फ 23 साल का था, इसलिए मुझे अभी भी लगता था कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए लंबा रास्ता तय करना है। मुझे अभी भी लगता है कि मैं भी वही खोजने की कोशिश कर रहा हूं और लगातार बेहतर हो रहा हूं। पिछले कुछ सालों से मैं वहीं काम कर रहा हूं और खुद का सबसे अच्छा वर्जन ढूंढने की कोशिश कर रहा हूं। मर्फी को आखिरकार पांचवें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के स्पिन अटैक को लीड करने का मौका मिल सकता है।

# अधिनियम के चयनित प्रावधानों के लागू होने की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के चयनित प्रावधानों के लागू होने की अधिसूचना जारी की है। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 (25 ऑफ 2025) को 18 अगस्त, 2025 को आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित किया गया था। अधिनियम की धारा 1(2) में प्रावधान है कि अधिनियम उस तिथि से लागू होगा जो केंद्र सरकार आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियुक्त करे, और अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के लिए अलग -अलग तिथियां नियुक्त की जा सकती हैं। तदनुसार, राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार ने 1 जनवरी, 2026 को वह तिथि नियुक्त की है जिस दिन उक्त अधिनियम की धारा 1 से 3, धारा 4 की उपधारा (1), (2) और (4), धारा 5 की उपधारा (1) और (2), धारा 8 की उपधारा (5), धारा 11 की उपधारा (1), धारा 14 और 15, धारा 17 की उपधारा (1) से (7) और (10), धारा 30 और 31 तथा धारा 33 से 38 के प्रावधान लागू होंगे। लागू किए गए प्रावधानों में राष्ट्रीय खेल निकायों की स्थापना और शासन ढांचा शामिल है, जिनमें राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, एनपीसी, राष्ट्रीय खेल संघ और क्षेत्रीय खेल संघ, राष्ट्रीय खेल बोर्ड का गठन, मान्यता प्राप्त खेल संगठनों पर लागू अनुपालन आवश्यकताएं, मान्यता प्राप्त खेल संगठनों के विशेषाधिकार और कर्तव्य, राष्ट्रीय खेल न्याय अधिकरण का गठन और केंद्र सरकार की नियम बनाने की शक्तियां शामिल हैं।

# 2026 में पूरी तरह फिट रहना चाहते हैं सितसिपास




- **एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर-3 खिलाड़ी 2025 सीजन के दूसरे हाफ में पीठ की चोट से जूझ रहे थे**

**पर्थ, वार्ता।** एटीपी रैंकिग में पूर्व नंबर 3 खिलाड़ी 2025 सीजन के दूसरे हाफ में पीठ की चोट से जूझ रहे थे और सितम्बर में डेविस कप में ग्रीस के लिए दो सिगल्स मैच खेलने के बाद उन्होंने फिर से कोई मुकाबला नहीं खेला। सितसिपास ने ठीक होने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ब्रेक लिया और अब पर्थ में आराम और तरोताजा महसूस कर रहे हैं, जहां वह सीजन की शुरुआत में होने वाले यूनाइटेड कप में टीम ग्रीस का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं। त्सित्सिपास ने गुरुवार को टीम ग्रीस की टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैंने ठीक होने में कुछ समय बिताया। मैं लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहा। सीजन के आखिरी तीन या चार टूर्नामेंट में मैं मुश्किल से खेल पा रहा था। इसलिए यह महत्वपूर्ण था कि कुछ ऐसा किया जाए जिससे मैं फिर से स्वस्थ होकर वापस आ सकूं। उन्होंने कहा कि मैंने ठीक होने और वापस उसी स्थिति में आने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए। तो अब तक मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा फीडबैक है, यह जानते हुए कि मैंने अपना पूरा प्री-सीजन बिना किसी दर्द, बिना किसी परेशानी के पूरा किया है।

मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा ही रहेगा और मैं यूनाइटेड कप से इसकी शुरुआत करूंगा और उम्मीद है कि 2026 सीजन के लिए भी ऐसा ही रहेगा। 12 बार के टूर-लेवल चैंपियन सितसिपास ने 2025 में 22-16 का रिकॉर्ड बनाया। 27 वर्षीय खिलाड़ी उस शारीरिक बुनियाद को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं जिस पर उनका जबरदस्त खेल हमेशा आधारित रहा है। सितसिपास ने कि जिस चीज को लेकर मैं सबसे ज्यादा उत्साहित हूं, वह है पिछले कुछ हफ्तों में की गई अपनी असल ट्रेनिग को देखना और यह देखना कि यह मेरी पीठ के मामले में कैसा रिस्पॉन्स देती है, क्योंकि मेरी सबसे बड़ी चिता यह रही है: क्या मैं सच में एक मैच पूरा कर पाऊंगा? उन्होंने कहा कि पिछले छह से आठ महीनों से मेरे मन में यही चल रहा था।

मैं लगातार सोच रहा था, 'अगर मैं कोई मैच जीतता हूं, तो क्या मैं अगले दिन वापस आकर बिना दर्द के दूसरा मैच खेल पाऊंगा? यूएस ओपन में अपनी पीठ की चोट के कारण हारने के बाद मैं सच में बहुत डर गया था, क्योंकि मैं दो दिनों तक चल भी नहीं पा रहा था। जब ऐसी चीजें होती हैं, तो आप अपने करियर के भविष्य के बारे में फिर से सोचने लगते हैं। मुझे बस उम्मीद है कि 2026 में ऐसा कुछ नहीं होगा। मैं असल में दुनिया के सबसे अच्छे स्पोर्ट्स डाक्टरों में से एक के पास गया था, और उन्होंने अब तक मुझे ठीक करने का वादा किया है।

# एबॉट-बाबर की मद्द से सिक्सर्स ने रेनेगेड्स के खिलाफ जीत का सिलसिला कायम रखा

- **पाकिस्तान के बाबर आजम ने 46 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाए**

**मेलबर्न, वार्ता।** सिडनी सिक्सर्स ने मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ लगातार 10वीं बीबीएल जीत हासिल की, और नए साल के दिन मार्वल स्टेडियम में छह विकेट से महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। 2019 से रेनेगेड्स से न हारने का सिक्सर्स का रिकॉर्ड खतरे में था, जब वे 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवर में 69 रन पर 2 विकेट गंवा चुके थे।

लेकिन पाकिस्तान के स्टार बाबर आजम (46 गेंदों में नाबाद 58) और कप्तान मोइसेस हेनरिक्स (23) की शानदार पारी की मदद से सिक्सर्स ने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की। हेनरिक्स के आउट होने के बाद जोएल डेविस (15 गेंदों में नाबाद 34) ने अपनी बीबीएल की सबसे बड़ी पारी खेलते हुए एक महत्वपूर्ण कैमियो खेला, जिससे बाबर पर से दबाव कम हुआ, जिन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में धीमी बल्लेबाजी की थी। अंत में दोनों ने आसानी से जीत हासिल की, बाबर ने पांच गेंद शेष रहते हुए एक ऊंचा कवर ड्राइव लगाकर चार रन बनाकर जीत दिलाई। बीबीएल में अपने शुरुआती दौर में धीमी शुरुआत के बाद, पाकिस्तान के इस बल्लेबाज ने पिछले तीन मैचों में दो अर्द्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की है। मार्वल स्टेडियम में मुश्किल पिच और बहुत धीमी आउटफील्ड पर, बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद रेनेगेड्स ने सलामी बल्लेबाज जोश ब्राउन के जरिए बढ़त बनाने की कोशिश की। बेन ड्वार्शुइस के पहले ओवर - पारी के तीसरे ओवर - में 22 रन लेने के बाद, ब्राउन ने 19 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें चार छक्के शामिल थे।

# प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एसए20 में जीत दर्ज की

- **न्यूलैंड्स में खेले गए मुकाबले में कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को 85 रन से हराते हुए बोनस प्वाइंट जीत दर्ज की**

**गक्वेबेरहा, वार्ता।** न्यू ईयर ईव प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए खुशकिस्मत साबित हुई, जब उन्होंने बुधवार को अपनी पहली जीत दर्ज कर एसए20 सीजन 4 में विजय का खाता खोला। इसी दिन पार्ल रॉयल्स ने भी अपनी पहली जीत हासिल की।

न्यूलैंड्स में खेले गए मुक.ाबले में कैपिटल्स ने एमआई केप टाउन को 85 रन से हराते हुए बोनस प्वाइंट जीत दर्ज की। इस जीत के नायक रहे विंडीज के ऑलराउंडर शरफेन रदरफोर्ड, जिनके लिए यह न्यू ईयर ईव बेहद यादगार रही। रदरफोर्ड ने 15 गेंदों में 6 छक्कों की मदद से नाबाद 47 रन बनाए, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 13 गेंदों पर नाबाद 36 रन (1 चौका, 4 छक्के) जड़े। दोनों ने बल्लेबाजी में आतिशी प्रदर्शन किया। इसके बाद रदरफोर्ड ने गेंद से भी कमाल दिखाते हुए करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/24 दर्ज किया। कैपिटल्स के 220/5 के विशाल स्कोर के जवाब में एमआई केप टाउन की पूरी टीम 135 रन पर सिमट गई। 'स्काई ब्लूज' की इस जोड़ी ने मात्र 27 गें.दों में 86 रन की विस्फोटक साझेदारी कर खराब पावरप्ले की भरपाई की। इससे पहले फिट होकर लौटे रबाडा ने शुरुआती झटके देते हुए कैपिटल्स को 36/3 की स्थिति में ला दिया था। अंतिम पांच ओवरों में कैपिटल्स ने केवल एक विकेट के नुकसान पर 92 रन जोड़े। इस दौरान रन रेट 18-2 रहा। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौकों-छक्कों की होड़ लगी रही, लेकिन पारी का सबसे रोमांचक पल तब आया जब रदरफोर्ड ने पेनल्टीमेट ओवर में डेवाल्ड प्रिटोरियस पर लगातार चार छक्के जड़ दिए। यह सिलसिला कुल छह लगातार छक्कों का था, जिसकी शुरुआत पिछले ओवर में ब्रेविस के दो छक्कों से हुई थी। इन दोनों के शानदार प्रदर्शन ने न्यूलैंड्स में मौजूद दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। यह शानदार अंत तब देखने को मिला, जब इससे पहले शाई होप (30 गेंदों पर 45 रन, 3 चौके, 2 छक्के) और विहान लुब्बे (36 गें.दों पर 60 रन, 7 चौके, 2 छक्के) ने पारी को संभालते हुए मजबूत आधार दिया था। प्लेयर ऑफ द मैच के लिए चार दावेदार थे-डेवाल्ड ब्रेविस, विहान लुब्बे, केशव महाराज और शरफेन रदरफोर्ड। फैन वोटिग में 77-4 प्रतिशत मत हासिल कर रदरफोर्ड ने यह पुरस्कार जीता। एमआई केप टाउन की जीत की उम्मीद पूरी तरह उनके सलामी बल्लेबाजों रिकेल्टन (17 गेंदों पर 33 रन) और रासी वान डर डुसेन (20 गेंदों पर 28 रन) पर निर्भर थी। दोनों ने पावरप्ले में 60 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलाई। हालांकि, दोनों के जल्दी-जल्दी आउट होने से एमआई केप टाउन की पारी लड़खड़ा गई। इसके बावजूद निकोलस ने केशव (3/28) पर लगातार चार छक्के जड़ते हुए 6 गेंदों में 25 रन बनाए।

# नेक्स्ट जेन एटीपी स्टार जोडर बने प्रो

**नई दिल्ली, वार्ता।** राफेल जोडर ने पिछले महीने जेद्दा में पीआईएफ द्वारा प्रस्तुत अपने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल में प्रभावित किया, और 19 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने अब 2026 सीजन से पहले प्रो बनने के अपने फैसले की घोषणा की है। जोडर ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके घोषणा की कि वह 2024 और 2025 में वर्जीनिया यूनिवर्सिटी हूजयिर्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद अपने अमेरिकी कॉलेज करियर को खत्म कर देंगे। 19 साल के जोडर ने दिसम्बर में जेद्दा में 2-1 का स्कोर किया, जब उन्होंने ग्रुप-स्टेज में टॉप सीड और आखिरकार चैंपियन लर्नर टिएन और मार्टिन लैंडालूस के खिलाफ जीत हासिल की। जोडर ने लिखा कि गहरे विचार-विमर्श, सावधानीपूर्वक सोच और अपने परिवार और कोचों के साथ कई बातचीत के बाद, मैंने यूवीए में अपनी बची हुई कॉलेज एलिजिबिलिटी को छोड़ने और 2026 से अपने प्रोफेशनल टेनिस करियर को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। कॉलेज में मेरे समय ने एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में मेरे विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है, और अब मुझे लगता है कि मैं यह अगला कदम उठाने और अपने जीवन में एक नई चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं। 2025 में तीन एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद, जोडर एटीपी रैंकिंग में नंबर 168 के रूप में एक प्रो के रूप में अपना जीवन शुरू करेंगे। वह नवम्बर की शुरुआत में अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिग नंबर 166 पर पहुंचे थे।

# एमबाप्पे की चोट रियल मैड्रिड के लिए झटका

- **क्लब ने पुष्टि की है कि टॉप स्कोरर किलियन एमबाप्पे को ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई**



**मैड्रिड, वार्ता।** रियल मैड्रिड को 2025 के अंत में बुरी खबर मिली है, क्लब ने पुष्टि की है कि टॉप स्कोरर किलियन एमबाप्पे को ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई है। इस वजह से वह रविवार को बेटिस के खिलाफ घर पर होने वाले ला लीगा मैच से बाहर रहेंगे और सऊदी अरब में होने वाले स्पेनिश सुपरकप में भी उनके खेलने पर संदेह है।

क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर बताया कि हमारे खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे पर रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज द्वारा आज किए गए टेस्ट के बाद, उनके बाएं घुटने में मोच का पता चला है। जैसा कि रियल मैड्रिड के साथ आम तौर पर होता है, मेडिकल रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि फांसीसी स्ट्राइकर कब वापसी करेंगे, बस इतना कहा गया कि उनकी प्रगति पर नजर रखी जाएगी। हालांकि, यह तथ्य कि रियल मैड्रिड 8 जनवरी को जेद्दा में सुपरकप के दूसरे सेमीफाइनल में एटलेटिको के खिलाफ खेलेगा, इसका मतलब है कि उनके पास ठीक होने के लिए बहुत कम समय है और उन्हें इस प्रतियोगिता के लिए एक बड़ा संदिग्ध माना जाना चाहिए, जिसका फाइनल 11 जनवरी को है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि सऊदी अरब में रियल मैड्रिड के कोच जाबी अलोंसो की नौकरी दांव पर लगी है और टीम अपने स्टार खिलाड़ी के बिना अलोंसो के भविष्य के लिए खेल सकती है। एमबाप्पे ने इस सीजन में रियल मैड्रिड के 25 मैचों में से 24 में खेला है, जिस एकमात्र मैच में वह नहीं खेले थे, उसमें चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ घर पर 2-1 से हार मिली थी। उन्होंने 18 ला लीगा मैचों में 18 गोल (रियल मैड्रिड के कुल 36 गोल का आधा) और पांच चैंपियंस लीग खेलों में नौ और गोल किए हैं।

# डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की आयकर भवन में आयोजित हुई नववर्ष सभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डिस्ट्रिक्ट इनकम टैक्स बार एसोसिएशन की नववर्ष के अवसर पर एक भव्य सभा का आयोजन आयकर भवन में किया गया। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंघल ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन अतुल सक्सेना द्वारा किया गया। सभा का उद्देश्य नववर्ष का स्वागत करने के साथ आपसी सौहार्द, सहयोग और विधिक ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना रहा।कार्यक्रम के दौरान अंकित गुप्ता, दिनेश चंद्र गुप्ता एवं प्रवीन रावत द्वारा शायरी और भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सराहा। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता उपदेश चंद्र अग्रवाल ने अपने आकर्षक जादू के प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके द्वारा प्रस्तुत विभिन्न प्रकार के जादुई करतबों का सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया।सभा में आयकर विभाग की ओर से सहायक आयुक्त रविंद्र कुमार, आयकर अधिकारी सुरेंद्र कुमार, नूतन गांधी, संजय वर्मा,



अभिषेक शाह, कंचन वर्मा, अमित पुनिया एवं जितेंद्र मीना उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं द्वारा सभी सम्मानित आयकर अधिकारियों का स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयकर अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और आगामी वर्ष में बेहतर समन्वय की आशा व्यक्त की।अध्यक्षीय संबोधन में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंघल ने कहा कि नया आयकर कानून लागू हो चुका है, ऐसे में सभी अधिवक्ताओं को नए कानून का गहन अध्ययन करना चाहिए ताकि करदाताओं को सही मार्गदर्शन दिया जा सके। सभा के अंत में सभी सदस्यों को नववर्ष के उपहार प्रदान किए गए।सभा में राजीव कुमार रस्तोगी, राकेश कुमार शर्मा, विकास गोयल, सौरभ कपूर, क्षितिज शर्मा, दीपक अग्रवाल, आलोक सैनी, अजय अग्रवाल, हरि शंकर पाल, निखिल रंजन अग्रवाल, राहुल सिंह, इलियास अहमद, उदित अग्रवाल, आशीष सक्सेना, गौरव गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# भीमा कोरेगांव विजय दिवस पर अखिल भारतीय अम्बेडकर संघ की आयोजित हुई बैठक

**मुरादाबाद।** भीमा कोरेगांव ग्राम में घटित ऐतिहासिक घटना एवं दलित समाज के विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय अम्बेडकर संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक डॉ. आंबेडकर पार्क, सिविल लाइंस में आयोजित की गई। बैठक में भीमा कोरेगांव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके सामा. जिक व राजनीतिक महत्व तथा दलित समाज के संघर्ष और विजय दिवस के संदेश पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरपाल सिंह बौद्ध ने भीमा कोरेगांव विजय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस दलित समाज के आत्मसम्मान, साहस और अधिकारों की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक संघर्ष ने सामाजिक न्याय की लड़ाई को नई दिशा दी। साथ ही उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को जीवन में अपनाने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और समाज में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय अम्बेडकर संघ के अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य ने की, जबकि संचालन रघुवीर सिंह ने किया। अध्यक्षीय संबोधन में महावीर प्रसाद मौर्य ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने,



समाज के हित में एकजुट होकर कार्य करने तथा संविधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने की आवश्यकता पर जोर दिया।बैठक में आगामी 4 जनवरी को प्रस्तावित संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, महामंत्री डॉ. हरनन्दन प्रसाद सहित चन्दन सिंह, नेतराम सिंह, प्रेम सिंह, इंद्रजीत बौद्ध, विजयपाल सिंह, जय प्रकाश सिंह, जितेंद्र जोली सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपने विचार साझा किए।सभी वक्ताओं ने सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा के प्रसार, संगठन की मजबूती और संविधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक शांतिपूर्ण एवं सफल वातावरण में संपन्न हुई।

## कड़ाके की ठंड में यात्रियों के लिए वरदान बने रैन बसेरे

**चन्दौसी।** प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कडाके की ठंड के दृष्टिगत राहगीरों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के क्रम में सभी नगरपालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थायी व अस्थायी रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में चन्दौसी सहित जनपद की नगरपालिकाओं व नगर पंचायतों में रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं, जहां रात्रि के समय वाहन न मिलने अथवा ठहरने की व्यवस्था न होने पर कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठहर सकता है। रैन बसेरों में अलाव की व्यवस्था के साथ-साथ महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि रैन बसेरों में यात्रियों की सुविधा के लिए मिनी लाइब्रेरी तथा हल्के नाश्ते की भी व्यवस्था नगरपा. लिका की ओर से की गई है, जिससे ठंड में ठहरने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इससे न केवल ठंड से राहत मिल रही है, बल्कि सुरक्षित वातावरण में रात्रि विश्राम की सुविधा भी उपलब्ध हो रही है।

# टीएमयू एमबीबीएस फाइनल के सिर सजा चैंपियंस ऑफ चैंपियन का ताज

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एड रिसर्च सेंटर के स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट-एरिदमिया 2025 मधुर स्मृतियों के संग अलविदा, चैंपियन की झोली में 36 गोल्ड, 27 सिल्वर और 20 ब्रॉन्ज मेडल्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्पोर्ट्स, क्लचरल एंड टैलेंट इवेंट- एरिदमिया 2025 में एमबीबीएस फाइनल ईयर 2021-22 की टीम ने 83 पदक लेकर चैंपियंस ऑफ चैंपियन की ट्राफी अपने नाम की। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एड रिसर्च सेंटर की इस टीम ने 36 गोल्ड, 27 सिल्वर और 20 ब्रॉन्ज मेडल्स चैंपियन टीम ने अपनी झोली में डाले। एमबीबीएस सेकेंड ईयर की टीम 47 मेडल्स लेकर द्वितीय, जबकि एमबीबीएस थर्ड ईयर की टीम ने 36 पदकों के संग थर्ड पॉजिशन पाई। विजेता और उपविजेता टीमों को मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन, एडिशनल मेडिकल सुप्रीटेंडेंट प्रो. वीके सिंह, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, पैथोलॉजी की एचओडी एवम् एरिदमिया- 2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी ने बारी-बारी से ट्राफी और मेडल्स देकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने विजेता स्टुडेंट्स को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्रों की भी पीठ थपथपाई। साथ ही बोले, एरिदमिया की सफलता की असली हकदार कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी हैं। संच. ालन एमबीबीएस फाइनल ईयर 2021-22 के स्टुडेंट संकल्प सृजन ने किया।

उल्लेखनीय है, एरिदमिया में स्पोर्ट्स में क्रिकेट, फुटबाल, बाल. ीवाल, कबड्डी, खो-खो, बास्केटबाल, टंग ऑफ वार, कैरम, टेबिल टेनिस, स्कॉश, चेस, आर्म रेसलिंग, बॉक्स क्रिकेट, पुश अप्स, बैडमिंटन, ट्रैक एंड फील्ड- डिस्कश थ्रो, शॉट पुट, 100 मी रेस, रिले, लोंग जंप, जेवलिन थ्रो, ऑनलाइन गेम्स के तहत सीओडी, बीजीएमआई, ई-फुटबाल की प्रतियोगिताओं स्टुडेंट्स ने चौंपियनशिप के लिए दो-दो हाथ किए। कल्चरल इवेंट के तहत सोलो डांस, डयुट डांस, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग, डयुट सिंगिंग, ग्रुप सिंगिंग, पोयट्री, फैशन शो एंड



टैलेंट हंट आदि में अपना हुनर दिखाया।

रात-दिन चले एरिदमिया के तहत दिन में गिफ्ट रैपिंग, क्विज, कॉमिक स्ट्रीप, फूड कार्विंग, शिल्पकार, डिबेट, कॉमेडी स्किट, ग्लास पेंटिंग, ऐड मेकिंग, मीम मेर्. कंग, ट्रेजर हंट, फोटोग्राफी, रील प्रतियोगिता, कला प्रदर्शनी में भी स्टुडेंट्स ने अपने-अपने टैलेंट का जलवा बिखेरा। समारोह से पूर्व प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह और फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन की टीमों के बीच टंग ऑफ वार का फ्रेंडली मैच हुआ। अवार्ड समारोह में कम्युनिटी विभाग की एचओडी डॉ. साधना सिंह, डॉ. अरशद बशीर, डॉ. सी. चौधरी, डॉ. आमिर शेख, डॉ. देव सैनी, डॉ. दीप्ति अरोरा, डॉ. मीनू थॉमस, अंकुर सिंह आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही।

## एक नजर

### पुलिस चौकी परिसर में पुलिस स्टाफ कड़ाके की सर्दी में अलाव के सहारे ठंड से लड़ते हुए



**कुंदरकी।** कड़ाके की सर्दी में अलाव के सहारे ठंड से जंग लड़ने का क्रम जारी हैं। लोग नगर कुंदरकी पुलिस चकी परिसर में अलाव से खुद को ठंड से बचते हुए पुलिस स्टाफ उधर ग्रामीण क्षेत्रों में अपने स्तर से आग जलाने की व्यवस्था करके हाथ ताप कर ठंड से बचाव करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कोहरे और कड़ाके की सर्दी के बीच लोग अब काफी परेशान है बतादे कि गांव में गरीब लोगों के पास आग जलाकर तापने के सिवाय दूसरा कोई सहारा नहीं होता इस वक्त कई दिनों से भारी ठंड पड़ रही है कोहरा छाने और धूप न निकलने के कारण तापमान काफी गिर चुका है। गरीब कमजोर एवं उम्रदराज लोगों पर सर्दी का सितम भारी पड़ता जा रहा है लेकिन शहरों में तो अलाव जलाने की व्यवस्था सरकारी स्तर से हो जाती है मगर गांव में लोगों को खुद ही लकड़ी की व्यवस्था करके ठंड से बचाव करने के लिए अलाव जलाए जाते हैं।

और अब इसी परेशानी के दौर से गुजरते हुए गांव में इस भरी सर्दी के दौरान ठंड से जंग लड़ने का प्रयास जारी है।

### शांतिभंग के आरोप में तीन गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** संपत्ति के बटवारें को लेकर दो पक्षो में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनो पक्षो के तीन लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी चंद्रपाल सिंह और हरपाल सिंह के बीच संपत्ति को लेकर गुरूवार को कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों पक्षो की शिकायत पर एक पक्ष के चंद्रपाल सिंह नौबहार सिंह व अजय कुमार पुत्र जसवंत सिंह व दूसरे पक्ष के हरपाल सिंह पुत्र नौबहार सिंह के खिलाफ शांति में कार्रवाई की। पुलिस ने तीनों आरोपितों का शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय पेश किया।



# स्थायी लोक अदालत में प्रमोद कुमार के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्थायी लोक अदालत, मुरादाबाद के अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को ए.डी.आर. भवन (स्थायी लोक अदालत) में गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। 31 दिसंबर 2025 को 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत उन्होंने अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत के पद से कार्यभार छोड़ा।प्रमोद कुमार ने वर्ष 1983 में मेरठ लॉ कॉलेज से विधि शिक्षा पूर्ण करने के बाद न्यायालय में वकालत की शुरुआत की। लगभग तीन दशकों तक उन्होंने एक सफल अधिवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दीं और 1 जनवरी 2012 तक न्यायिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। 2 जनवरी 2012 को वे उच्चतर न्यायिक सेवा (भ.श्रै..) में चयनित



हुए। अपने न्यायिक कार्यकाल के दौरान उन्होंने मऊ, सुल्तानपुर और बलिया जैसे महत्वपूर्ण जनपदों में जिला जज के पद पर रहते हुए न्यायिक दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।इसके अतिरिक्त वे अलीगढ़ में पीठासीन अधिकारी/जिला जज कमर्शियल कोर्ट के पद पर भी कार्यरत रहे, जहां से 31 दिसंबर 2020 को सेवानिवृत्त हुए। बाद में 18 दिसंबर 2021 को उन्होंने अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत मुरादाबाद के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। लगभग 4 वर्ष 13 दिन के कार्यकाल में उन्होंने न्यायप्रियता, सरल व्यवहार और प्रभावी व त्वरित निस्तारण के माध्यम से स्थायी लोक अदालत की

कार्यप्रणाली को नई दिशा दी। उनके कार्यकाल को न्यायिक जगत में सदैव स्मरणीय माना जाएगा।सम्मान समारोह में जनपद न्यायाधीश सैय्यद माऔज बिन आसिम, संजय कुमार पीठासीन अधिकारी कमर्शियल कोर्ट, मौहम्मद फिरोज सचिव डीएलएसए, वीरेन्द्र सिंह प्रभारी अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, संदीप शर्मा सदस्य स्थायी लोक अदालत सहित अनेक न्यायिक अधिकारी एवं वरिष्ठ

अधिवक्ता उपस्थित रहे। एडवोकेट आदेश श्रीवास्तव एडवोकेट अजब सिंह चौहान, एडवोकेट आबिद हुसैन ,एडवोकेट कपिल गुप्ता ,एडवोकेट एस के सेठ, एडवोकेट अमीरुल हसन जाफरी एडवोकेट सुल्तान अयूब आदि अधिवक्तागढ़ मौजूद रहे ।अधिवक्ताओं ने उनके उज्ज्वल न्यायिक जीवन की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार सक्सेना, पेशकार स्थायी लोक अदालत ने किया, जबकि आभार व्यक्त वीरेन्द्र सिंह प्रभारी अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत, मुरादाबाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पूरी रात अलर्ट मोड पर रही पुलिस, एसपी सिटी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नववर्ष के स्वागत के दौरान शहर की कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुरादाबाद पुलिस पूरी रात अलर्ट मोड पर रही। शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने शहर के प्रमुख इलाकों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह स्वयं मय फोर्स देर रात तक सड़कों पर उतरे और पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।पुलिस ने शहर के मुख्य चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी। हुड़दंग, नशे में ड्राइविंग और सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्था फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रही।

नए साल के जश्न के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए संवेदनशील इलाकों में फायर ब्रिगेड की टीमें भी तैनात की गईं। कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित किया और यातायात को सुचारू बनाए रखा।शहर के प्रमुख चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वालों और संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की गई। देर रात तक सभी थाना क्षेत्रों



में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे आमजन में सुरक्षा का भरोसा बना रहा। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति से सख्ती और संयम के साथ निपटा जाए। पुलिस की इस मुस्तैदी और सतर्कता के चलते मुरादाबाद शहर में नववर्ष का स्वागत शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हुआ।

# अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापना की दूसरी वर्षगांठ पर भव्य भंडारे का आयोजन, सैकड़ों ने किया प्रसाद

**ठाकुरद्वारा।** नगर में श्री राम दुर्गा मंदिर कमेटी के सौजन्य से अयोध्या में श्रीराम मंदिर स्थापना की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार को एक विशाल सामुदायिक भंडारे का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर स्थित सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के परिसर में



आयोजित किया गया। कार्यक्रम सुबह 12.00 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने पवित्र प्रसाद ग्रहण किया और एक साथ मिलकर 'प्रभु श्री राम के जयकारे' लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस सामुदायिक भोज में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। तुषार पांडे, अनुज गुप्ता, नरेश कुमार, धर्मेंद्र यादव, संजीव चौहान (उर्फ टिल्लू भैया), आशीष अग्रवाल, विपिन जिंदल, सतीश कुमार, रिशु पुष्पद, मुनेश कुमार, अभिषेक ओझा, संतोष चौहान एवं शिवम ठाकुर ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।



# सम्पादकीय

शुक्रवार, 2 जनवरी 2026

## नहीं रुक रहे हमले

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जिसमें खोकन चंद्र दास नामक व्यक्ति को भीड़ ने घेर लिया और किसी तरह उन्होंने सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूदकर जान बचाई, बाद में स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए भेजा। खोकन चंद्र मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। निसंदेह इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। यह देखना और भी दुखद है कि इस तरह की घटनाओं का क्रम पिछले कुछ दिनों से थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारत सरकार भी अपना विरोध दर्ज करा चुकी है। जाहिर है यह सीधे-सीधे नफरत की सोच है और इस तरह की सोच एक दिन में पैदा नहीं होती। बेशक भारत अपना विरोध दर्ज करा रहा है और हमें कराना भी चाहिए, लेकिन हमें यह भी देखना चाहिए कि इस तरह की घटनाएं खुद भारत में भी जन्म ले रही हैं। बांग्लादेश में हो रही घटनाओं की निंदा करते समय हमें अपने यहां होने वाली घटनाओं की भी निंदा करनी चाहिए। यह देखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि बांग्लादेश से हमारे संबंध निरंतर खराब होते जा रहे हैं। उसका कारण बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का उभार है। जो निरंतर बढ़ता जा रहा है। विशेषकर शेख हसीना की हुकूमत जाने के बाद, तो इस तरह की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। भारत में भी इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। जिससे सामाजिक तनाव लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है। सबसे बड़ी तो यही है कि हम सभी को समझना होगा कि इंसानियत की दुश्मन की मानसिकता से किसी का भला नहीं होने वाला। इस रास्ते पर चलकर विकास नहीं विनाश की ही सौगात मिलती है। जरूरत आज इस बात की है कि हम कट्टरपंथी विचारधारा को त्यागकर मानवता से प्रेरित विचारधारा को तरजीह दें। तभी इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है। केवल कानूनों के सहारे इस तरह की घटनाओं को नहीं रोका जा सकता। राजनीति भी इस तरह की घटनाओं के लिए कम जिम्मेदार नहीं है। राजनीतिज्ञों को भी सोचना होगा कि कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने से उनको क्षणिक लाभ तो प्राप्त हो सकता है, लेकिन इस तरह की घटनाएं समाज व देश का बहुत नुकसान करती हैं। एक बार स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा भी था कि सरकारें तो आती जाती रहती हैं, लेकिन देश बने रहना चाहिए। बात बिल्कुल सही है। सबको समझना होगा कि देश सर्वोपरि है और यदि वास्तव में हम देशप्रेमी हैं, तो हमें सबसे पहला काम यही करना होगा जिससे हमारे सामाजिक ताने-बाने में मजबूती आए। कोई भी देश उतना ही मजबूत होता है जितना उसका सामाजिक तानाबाना मजबूत होता है। जहां तक बात बांग्लादेश की है यह देश इस समय विदेशी शक्तियों के हाथों खेल रहा है। चीन-पाकिस्तान इस समय वहां काफी दखल दे रहे हैं, ऐसे में बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## सभी जरूरतमंदों तक पहुंचे विकास का लाभ



आम लोगों की दिन-प्रतिदिन की जिंदगी डर, दबाव और जटिल नियम-कानूनों से मुक्त होकर सरल और सहज होनी चाहिए, बहुजन समाज के लिए अपने बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष जारी रखना आज भी जरूरी है, विकास का लाभ संविधान की भावना के अनुरूप सभी जरूरतमंदों तक पहुंचे, न कि केवल कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित रहे, सही विकास वही है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी वास्तविक बदलाव दिखाई दे, कानून का राज केवल सख्ती से नहीं, बल्कि निष्पक्षता और बिना भेदभाव के कार्रवाई से ही संभव है, देश में नफरत, घृणा और हिंसा का माहौल खत्म करना नए साल की बड़ी जरूरत है, सभी नागरिकों के जान-माल और सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# जलवायु परिवर्तन के समाधानों को और अधिक व्यापक बनाना जरूरी

अजरबैजान के बाकू नगर में नवम्बर 11 से 22 तक 2024 जलवायु परिवर्तन का 29वां महासम्मेलन (जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र संघ फ्रेमवर्क कंवेंशन का सम्मेलन) आयोजित हुआ। इस महासम्मेलन से पहले संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम (यूनेप) ने अपनी वार्षिक उत्सर्जन रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार विश्व स्तर पर ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन में जो कमी लानी है, उसकी रफ्तार को पहले से कहीं अधिक बढ़ाना होगा।

संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम ने बताया कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करने के लक्ष्य को प्राप्त करना है तो ग्रीनहाऊस गैसों (कार्बन डाईऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड व कुछ फ्लोरिनेटिड गैसों) को कहीं अधिक तेजी से कम करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया गया तो इस शताब्दी में तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित न रहकर 2.6 से 3.1 डिग्री सेल्सियस तक होगी। सवाल यह है कि महासम्मेलन में इस उद्देश्य के अनुरूप एजेंडा कहां तक तैयार हो सकेगा। जलवायु बदलाव के सम्मेलनों का नियमित समय पर होते रहना तो खैर अपनी जगह पर उचित है, पर साथ में इस सच्चाई का सामना भी करना पड़ेगा कि ऐसे 28 महासम्मेलनों के बावजूद हम जलवायु बदलाव के नियंत्रण के लक्ष्य से पिछड़ते जा रहे हैं। ग्रीन हाउस गैसों पर समय रहते समुचित नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर, जलवायु बदलाव का बेहतर सामना कर पाने के लिए जरूरी अनुकूलन उपायों में भी समुचित सफलता नहीं मिल पा रही है बल्कि कुछ बदलाव तो ऐसे आ रहे हैं जिनसे अनुकूलन की स्थिति और विकट हो जाएगी। उदाहरण के लिए, कृषि क्षेत्र में व्यावसायिक हितों व बहुराष्ट्रीय कंपनियों का नियंत्रण विश्व के एक बड़े भाग में बढ़ता जा रहा है व छोटे साधारण किसानों व किसान परिवारों की स्थिति कमजोर होती जा रही है, जो अनुकूलन की दृष्टि से चिंता का विषय है क्योंकि यदि छोटे किसान वैसे ही आर्थिक दृष्टि से कमजोर होंगे तो प्रतिकूल मौसम की परिस्थितियों का सामना उनके लिए और कठिन हो जाएगा। यदि अभी तक की विफलताओं का संतुलित आकलन किया जाए तो स्पष्ट होगा कि बड़ी कठिनाई दो अवरोधों के कारण आ रही है। ये दोनों समस्याएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई भी हैं। पहली समस्या यह है कि विश्व के सबसे धनी देशों में स्थित कुछ बहुत शक्तिशाली व साधन-संपन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने संकीर्ण स्वार्थ साधने के लिए जलवायु एजेंडा में गड़बड़ कर रही हैं। सबसे बड़ी जरूरत यह रही है कि जीवाश्म ईंधन को तेजी से कम किया जाए व इसके स्थान पर शाश्वत ऊर्जा स्रोतों को विकसित किया जाए। किंतु जीवाश्म ईंधन की सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां तरह-तरह की तिकड़में कर रही हैं ताकि उन्हें अपना व्यवसाय कम न करना पड़े (अपितु वे इसे और बढ़ा सकें), इसका प्रतिकूल असर जलवायु बदलाव नियंत्रण के प्रयासों पर पड़ रहा है। उसी तरह का व्यवहार कुछ अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी कर रही हैं। दूसरी बड़ी समस्या यह है कि धनी देशों में अभी यह सोच सही ढंग से नहीं आ पाई है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए विलासिता भरी जीवन-शैली को कम करना भी जरूरी है।



शराब, तंबाकू, हथियार, जहरीले रसायन से सम्बंधित कई उद्योग वैसे भी बहुत हानिकारक हैं व साथ में पर्यावरण की बहुत क्षति भी करते हैं, ग्रीनहाऊस उत्सर्जन भी बहुत करते हैं, पर इन हानिकारक उत्पादों को बहुत कम करने को पर्यावरण रक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं बनाया गया है। इस तथ्य को अधिक धनी देशों में या तो ठीक से समझा नहीं जा रहा है या इसकी अनदेखी की जा रही है कि यदि विलासिता के उत्पाद तेजी से बढ़ते रहे व अनेक हानिकारक उत्पाद भी बढ़ते रहे तो पर्यावरण की रक्षा कठिन है व ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को भी कम करना कठिन होगा। इतना ही नहीं, अन्य देशों के अभिजात्य वर्ग में भी प्रायः यही प्रवृत्ति देखी गई है। चूंकि आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग की बुनियादी जरूरतों को तो बेहतर ढंग से पूरा करना ही चाहिए, अतः कटौती तो विलासिता के उत्पादों व हानिकारक उत्पादों की ही करनी होगी, पर शक्तिशाली तत्व इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते पर्यावरण रक्षा व जलवायु बदलाव नियंत्रित करने में बाधाएं आ रही हैं। अतः यह जरूरी है कि जलवायु बदलाव के संसाधनों को अधिक व्यापक बनाया जाए व विकास की ऐसी राह तलाशने का प्रयास किया जाए जो बुनियादी तौर पर पर्यावरण रक्षा के अनुकूल हो। अभी स्थिति बहुत चिंताजनक बनी हुई है। इसका मुख्य कारण यह है कि बुनियादी तौर पर जीवन शैली बदलने, औद्योगीकरण आधारित विकास का मॉडल बदलने, उत्पादन व उपभोग में बड़े बदलाव लाने व समता तथा सादगी का आदर्श अपनाने की दृष्टि से जो मूल सुधार चाहिए, उस दिशा में दुनिया नहीं बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में भी उपभोगवाद छाया हुआ है। ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन अधिक करने वाले उद्योगों के लिए किसानों की उपजाऊ भूमि को उजाड़ा जा रहा है, वनों और चारागाहों का विनाश किया जा रहा है। अब समय आ गया है कि जलवायु बदलाव का संकट कम करने की दृष्टि से पूरे विकास के मॉडल को बदलने पर गंभीरता से विश्व स्तर पर विचार किया जाए। अब यह पहले से और भी जरूरी है कि समता और सादगी को विकास का मूल आधार बनाया जाए। यह भी पहले से और जरूरी हो गया है कि बड़े उद्योग और शहर आधारित अर्थव्यवस्था की अपेक्षा खेती-किसानी व गांव आधारित अर्थव्यवस्था को कहीं अधिक महत्व दिया जाए। हथियारों के उत्पादन व युद्ध की संभावना को न्यूनतम करना पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है। विश्व स्तर पर ऐसी योजना बनाना जरूरी है जो ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में पर्याप्त कमी और सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्यों को जोड़ सके।

**शराब, तंबाकू, हथियार, जहरीले रसायन से सम्बंधित कई उद्योग वैसे भी बहुत हानिक. ारक हैं व साथ में पर्यावरण की बहुत क्षति भी करते हैं, ग्रीनहाऊस उत्सर्जन भी बहुत करते हैं, पर इन हानिकारक उत्पादों को बहुत कम करने को पर्यावरण रक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं बनाया गया है। इस तथ्य को अधिक धनी देशों में या तो ठीक से समझा नहीं जा रहा है या इसकी अनदेखी की जा रही है कि यदि विलासिता के उत्पाद तेजी से बढ़ते रहे व अनेक हानिकारक उत्पाद भी बढ़ते रहे तो पर्यावरण की रक्षा कठिन है व ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को भी कम करना कठिन होगा। इतना ही नहीं, अन्य देशों के अभिजात्य वर्ग में भी प्रायः यही प्रवृत्ति देखी गई है।**

**-साभार बीडी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# कीटों के चिन्ह उजागर करते हैं पत्ते

**हम जानते हैं कि कई कीट प्रजातियां बहुत विशिष्ट होती हैं, केवल एक निश्चित पौधे पर ही रहती हैं और यदि यह पौधा विलुप्त हो जाता है तो कीट प्रजाति भी उसके साथ विलुप्त हो जाती है। हैरानी की बात है कि हम इन अंतर्क्रियाओं के बारे में बहुत कम जानते हैं। फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों के बारे में तो हम यह अच्छे से जानते हैं, लेकिन बाकी कीट प्रजातियों के बारे में नहीं पता। यह तरीका पौधों से नमूना लेने और पौधे पर रहने वाले कीटों को पहचानने में मदद कर सकता है। आम तौर पर हर्बेरियम संग्रह बहुत कीमती होते हैं और शोधकर्ता नमूनों को पीसकर नुकसान पहुंचाए बिना डीएनए को सावधानीपूर्वक निकालने के तरीके विक. सित कर रहे हैं।**

वर्षों से शोधकर्ता यह पता लगाते रहे हैं कि किसी क्षेत्र में कौन सी प्रजाति रहती थीं। इसके लिए वे कैमरा ट्रैप जैसे कई पारंपरिक तरीकों के अलावा हाल के वर्षों की नई विधियों का उपयोग करते हैं जो उन्हें उस क्षेत्र की हवा, पानी, मिट्टी वगैरह जैसी चीजों से भी जीवों के डीएनए (पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए) ढूंढने और निकालने में मदद करती हैं। हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित अध्ययन में ई-डीएनए के एक सर्वथा नए स्रोत, पौधों की सूखी पत्ती वगैरह, के बारे में बताया गया है। शोधकर्ताओं को सूखी चाय पत्ती के पाउच के विश्लेषण से कीटों की सैकड़ों प्रजातियां की उपस्थिति का पता चला है।



ट्रायर यूनिवर्सिटी के पारिस्थितिकी आनुवंशिकीविद और अध्ययन के लेखक हेनरिक क्रेहेनविन्केल ने दी साइंटिस्ट को बताया है कि दरअसल यह समझने के लिए कि कीटों में परिवर्तन कैसे हुए हमें लंबे समय के डैटा की आवश्यकता है। जब कीटों की प्रजातियों में गिरावट सम्बंधी अध्ययन पहली बार प्रकाशित हुए थे, तो कई लोगों ने यह शिकायत की थी कि इसका कोई वास्तविक दीर्घकालिक डैटा नहीं है। वे आगे बताते हैं कि ट्रायर यूनिवर्सिटी में नमूना बैंक है जिसमें पिछले 35 सालों से जर्मनी के विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों से विभिन्न पेड़ों के पत्ते एकत्रित किए जा रहे हैं। विचार यह आया कि क्या इन पत्तों पर रहने वाले कीटों के डीएनए को इन पत्तों से प्राप्त किया जा सकता है? चूंकि ये नमूने तरल नाइट्रोजन में सहेजे गए थे इसलिए इनमें डीएनए अच्छी तरह संरक्षित होने की संभावना थी। इसलिए पहले तो इन नमूनों से डीएनए अलग किए गए, और इस डीएनए की मदद से इन पर आते-जाते रहने वाले संधिपादों (आर्थ्रोपोड) को पहचानकर उनका वर्गीकरण करने का प्रयास किया गया। पूरी तरह से फ्रोजन पत्तों से ई-डीएनए निकालने में सफलता के बाद सवाल आया कि क्या अन्य सतहों/परतों (सबस्ट्रेट्स) से भी डीएनए प्राप्त किए जा सकते हैं और क्या अन्य तरह के सबस्ट्रेट्स पर डीएनए सलामत होंगे? कीटों में परिवर्तन कैसे हुए इसे समझने के लिए क्या संग्रहालयों में सहेजे गए पौधे मददगार हो सकते हैं? कई अध्ययन बताते हैं कि यदि कोई कीट पत्ती कुतरता है तो वह अपनी लार के माध्यम से डीएनए अवशेष उस पर छोड़ जाता है परंतु कई अध्ययन यह भी बताते हैं कि ये डीएनए बहुत टिकाऊ नहीं होते, ये पराबैंगनी प्रकाश में खराब हो जाते हैं या बारिश में धुल जाते हैं, लेकिन हर्बेरियम में तो डीएनए को सहेजे रखने के लिए आदर्श स्थितियां होती हैं-सूखा और अंधेरा माहौल। हर्बेरियम रिकॉर्ड पर काम शुरू करने से पहले शोधकर्ताओं ने सोचा कि किसी ऐसी चीज का अध्ययन करना चाहिए जो हर्बेरियम रिकॉर्ड जैसी ही हो और संरचना के हिसाब से चाय (पत्ती) हर्बेरियम रिकॉर्ड के जैसी ही है। ये सूखी पत्तियां होती हैं जिन्हें अंधेरे में रखा जाता है। परीक्षण में चाय पत्ती में काफी जैव विविधता दिखी। लगभग 100-150 मिलीग्राम के टी-बैग में कीटों की लगभग 400 प्रजातियों के डीएनए मिले। ये नतीजे चौंकाने वाले थे, क्योंकि ये नमूने महीन पावडर थे। तो चाय बागान के सभी हिस्सों के ईडीएनए पूरी चाय पत्ती में वितरित हो गए थे। उम्मीद है कि इससे कीटों में हुए परिवर्तनों को समझने में मदद मिलेगी और हमें ऐसे नए पदार्थ मिलेंगे जो अतीत के समय की जानकारी दे सकें। आप चाहें तो फूलों को इकट्ठा कर लें और इन्हें सिलिका जेल की मदद से सुखा लें। फूल को एक छोटे से लिफाफे में रखकर इसे जिपलॉक फ्रीजर बैग में थोड़े से सिलिका जेल के साथ रखें तो एक दिन में फूल पूरी तरह सूख जाएगा। यानी सिद्धांतः हम कमरे के तापमान पर भी नमूनों को सहेज सकते हैं, तरल नाइट्रोजन वगैरह की जरूरत नहीं होगी। शोधकर्ता बताते हैं कि केवल यह जानना पर्याप्त नहीं है कि किसी क्षेत्र में कौन सी या कितनी प्रजातियां मौजूद थींय यह भी पता लगाना होगा कि ये कीट किस तरह अंतर्क्रिया करते हैं और क्या खाते हैं।

**...स्रोत फीचर्स**

# घर में इस पौधे को रखने का नव वर्ष पर लें प्रण, रहेंगे स्वस्थ

वृक्ष तथा विभिन्न वनस्पतियां धरती पर हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। भारतीय संस्कृति में भी प्राचीन समय से ही वृक्षों तथा वनस्पतियों को पूजनीय माना जाता रहा है। विभिन्न वनस्पतियां हमारे स्वास्थ्य की रक्षा में भी सहायक सिद्ध होती हैं। ऐसा ही एक छोटा परन्तु बहुत महत्वपूर्ण पौधा होता है तुलसी का।

हजारों वर्षों से विभिन्न रोगों के इलाज के लिए औषधि के रूप में तुलसी का प्रयोग किया जा रहा है। आयुर्वेद में भी तुलसी तथा उसके विभिन्न औषधीय प्रयोगों का विशेष स्थान है। आपके आंगन में लगे छोटे से तुलसी के पौधे में अनेक बीमारियों के इलाज करने के आश्चर्यजनक गुण होते हैं। सर्दी के मौसम में खांसी, जुकाम होना एक आम समस्या है। इनसे बचे रहने का सबसे सरल उपाय है तुलसी की चाय। तुलसी की चाय बनाने के लिए, तुलसी की ताजी पत्तियां लें और धोकर कुचल लें फिर उसे एक कप पानी में डालें। उसमें पीपरामूल, सौंठ, इलायची पाउडर तथा एक चम्मच चीनी मिला लें।

इस मिश्रण को उबालकर बिना छाने सुबह गर्मागर्म पीना चाहिए। इस प्रकार की चाय पीने से शरीर में चुस्ती, स्फूर्ति आती है और भूख बढ़ती है। जिन लोगों को सर्दियों में बार-बार चाय पीने की आदत है उनके लिए यह तुलसी की चाय बहुत लाभदायक होगी जो न केवल उन्हें स्वास्थ्य लाभ देगी अपितु उन्हें साधारण चाय के हानिक. ारक प्रभावों से भी बचाएगी। सर्दी, ज्वर, अरूचि, सुस्ती, दाह, वायु तथा पित्त संबंधी विकारों को दूर करने के लिए भी तुलसी की औषधीय रचना का अपना महत्व है। इसके लिए तुलसी की दस-15 ग्राम ताजी धुली पत्तियों को लगभग 150 ग्राम पानी में उबाल लें। जब लगभग आधा या चौथाई पानी ही शेष रह जाए तो उसमें उतनी ही मात्रा में दूध तथा जरूरत के अनुसार मिश्री मिला लें यह अनेक रोगों को तो दूर करता ही है साथ ही क्षुधावर्धक भी होता है। इसी विधि के अनुसार, काढ़ा बनाकर उसमें एक-दो इलायची का चूर्ण और दस-15 सुधामूली डालकर सर्दियों में पीना बहुत लाभकारी होता है। इसमें शारीरिक पुष्टता बढ़ती है। तुलसी के पत्ते का चूर्ण बनाकर मर्तबान में रख लें। जब भी चाय बनाएं तो दस-15 ग्राम इस चूर्ण का प्रयोग करें। यह चाय ज्वर, दमा, जुकाम, कफ तथा गले के रोगों के लिए बहुत लाभकारी है। तुलसी का काढ़ा बनाने के लिए तीन-चार काली मिर्च के साथ तुलसी की सात-आठ पत्तियों को रगड़ लें और अच्छी तरह मिलाकर एक गिलास द्रव तैयार करें। 21 दिनों तक सुबह लगातार खाली पेट इस काढ़े का सेवन करने से मस्तिष्क की गर्मी दूर होती है और उसे शक्ति मिलती है, क्योंकि यह काढ़ा हृदयोत्तेजक होता है इसलिए यह हृदय को पुष्ट करता है और हृदय संबंधी रोगों से बचाव करता है। एसिडिटी, संधिवात, मधुमेह, स्थूलता, खुजली, यौन दुर्बलता, प्रदाह आदि अनेक बीमारियों के उपचार के लिए तुलसी की चटनी बनाई जा सकती है। इसके लिए लगभग दस-दस ग्राम धनिया, पुदिना लें उसमें थोड़ा सा लहसुन, अदरख, सेंधा नमक, खजूर का गुड, अंकुरित मेथी, अंकुरित चने, अंकुरित मूंग, तिल और लगभग पांच ग्राम तुलसी के पत्ते मिलाकर महीन पीस लें। अब इसमें एक नींबू का रस और लगभग 15 ग्राम नारियल की छीन डालें। इस चटनी को रोटी के साथ या साग में मिलाकर खाया जा सकता है।



चटनी से कैलशियम, पौटेशियम, गंधक, आयरन, प्रोटीन तथा एन्जाइम आदि हमारे शरीर को प्राप्त होते हैं। एक बात ध्यान रखें यह चटनी दो घंटे तक ही अच्छी रहती है अतः इसका प्रयोग सदा ताजा बनाकर ही करें। दो घंटे के बाद इसके गुण में परिवर्तन आ जाता है। इस चटनी को कभी फ्रिज में न रखें। शीत ऋतु में तुलसी का पाक भी एक गुणकारी औषधि के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इसके लिए तुलसी के बीजों को निकाल कर आटे जैसा बारीक पीस लें। अब लगभग 125 ग्राम चने के आटे में मोयन के लिए देसी घी व थोड़ा सा दूध डालकर उसे लोहे या पीतल की कड़ाही में घी डालकर धीमी आंच पर भुनें। बाद में लगभग 125 ग्राम खोआ डालकर उसे भुनें। इसके बाद उसमें बादाम की गिरि व तुलसी के बीजों का चूर्ण मिला लें। जब लाल हो जाए, तो इसमें इलायची व काली मिर्च डालकर इस मिश्रण को तुरंत उतार लें। अब मिश्री की चाशनी में केसर डालकर इस मिश्रण को उसमें डाल दें, अच्छी तरह मिलाएं, गाढ़ा होने पर थाली में ठंडा कर टुकड़े करें। सर्दी में प्रतिदिन 20 से 100 ग्राम मात्रा दूध के साथ खाने से बल वीर्य बढ़ता है। इससे पेट के रोग, वातजन्य रोग, शीघ्रपतन, कामशीतलता, मस्तिष्क की कमजोरी, पुराना जुकाम, कफ आदि में बहुत लाभ होता है।

अरिष्ट आसव बनाने के लिए 100 ग्राम बबूल की छाल को लगभग डेढ़ किलो पानी में तब तक उबालें जब तक कि पानी एक चौथाई न हो जाए। अब इसे छानकर इसमें लगभग 80 ग्राम तुलसी का चूर्ण, पांच सौ ग्राम गुड़, दस ग्राम पीपल तथा 80 ग्राम आंवले के फूल मिला दें। काली मिर्च, जायफल, दालचीनी, शीतलचीनी, नागक. ेसर, तमालपत्र तथा छोटी इलायची, प्रत्येक की दस-दस ग्राम मात्रा को कूट पीसकर इसमें मिला दें। इस मिश्रण को एक डिब्बे में बंदकर लगभग एक माह के लिए रखें। इसके बाद आसव को छानकर प्रयोग करें। प्रतिदिन सुबह इसकी एक चम्मच मात्रा के सेवन से खांसी, वीर्यदोष, निर्बलता तथा भूख न लगने जैसी बीमारियां दूर हो जाती हैं। आपके आंगन में लगे तुलसी के पौधे का न केवल धार्मिक महत्व होता है अपितु यह स्वास्थ्य लाभ भी देता है। किसी इमारत के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले लोग गमले में तुलसी लगा ही सकते हैं।



नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस से पहले कर्तव्य पथ पर पूर्वाभ्यास के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारी और जवान।

## मानवीय सहायता संगठनों से प्रतिबंध हटाए इजरायल: यूएन एजेंसियां

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की कई एजेंसियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने बुधवार को एक संयुक्त बयान जारी कर इजरायल से गाजा पट्टी और पश्चिमी तट में अंतर्राष्ट्रीय सहायता संगठनों के संचालन पर लगे प्रतिबंध को वापस लेने का आह्वान किया है। बयान में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय सहायता संगठन गाजा और पश्चिमी तट में मानवीय कार्यों में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं और सालाना लगभग एक बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 8990 करोड़ रुपये) की सहायता प्रदान करते हैं। गाजा में सर्दी के कारण परिवारों की मुश्किलें बढ़ रही है, खाद्य असुरक्षा गंभीर बनी हुई है और जीवन रक्षक सहायता की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, ऐसे में सहायता समूहों पर प्रतिबंध लगाने से युद्धविराम के दौरान हुई मामूली प्रगति को नुकसान पहुंच सकता है। बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए इसके और भी विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

# पाक-चीन गठजोड़ व धार्मिक कट्टरता को लेकर चेतावनी

## बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री प्रोफेसर एके अब्दुल मोमेन ने विश्व समुदाय को किया आगाह

**नई दिल्ली।** बंगलादेश के पूर्व विदेश मंत्री प्रोफेसर एके अब्दुल मोमेन ने आगाह किया है कि यदि बंगलादेश पाकिस्तान और चीन के साथ अत्यधिक नजदीकी बढ़ाता है और धार्मिक कट्टरवाद पनपने देता है तो देश एक खतरनाक भू-राजनीतिक और वैचारिक भंवर में फंस सकता है।

उन्होंने ऐसी स्थिति में देश में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव, कूटनीतिक अलगाव और सामाजिक विभाजन की भी गंभीर आशंका जताई है। वर्ष 2019 से 2024 तक बांग्लादेश के विदेश मंत्री रहे प्रो. मोमेन ने विशेष साक्षात्कार में कहा कि बंगलादेश-पाकिस्तान-चीन का उभरता गठजोड़ न केवल ढाका के लिए बल्कि समूचे दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में गहरी अस्थिरता पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस गठजोड़ के कारण कई तरह की परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं जिनमें अमेरिका की ओर से दबाव या प्रतिबंध, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर विश्वसनीयता में गिरावट, भारत और अन्य उदार पड़ोसी देशों से दूरी, और सबसे गंभीर रूप से जिहादी कट्टरवाद तथा अधिनायकवादी शासन की ओर बढना शामिल है। इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने इसी महीने कहा था कि 'रणनीतिक रूप' से यह संभव है कि बंगलादेश पाकिस्तान के साथ किसी ऐसे क्षेत्रीय समूह में शामिल हो सकता है जिसमें भारत न हो। यह सर्वविदित है कि दिवंगत प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के शासनकाल के दौरान बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चीन और पाकिस्तान दोनों से करीबी संबंध थे और उन्होंने उस समय पाकिस्तान की खुफिया एजेन्सी आईएसआई को भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को अस्थिर करने के उद्देश्य से आतंकी शिविर चलाने की अनुमति दी थी। प्रो. मोमेन ने कहा कि बांग्लादेश की पहचान दांव पर लगी है जो 1971 में रक्त रंजित मुक्ति संग्राम के बाद अस्तित्व में आया, जिसकी नींव धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद और भाषाई गौरव पर रखी गई थी। यह देश उन परिस्थितियों का सामना कर सकता है जहां उसे एक ऐसे जिहादी देश के रूप में ढाला जा सकता है जहां महिलाओं को द्वितीय श्रेणी का नागरिक बना दिया जाए और लोकतांत्रिक संस्थाओं को खोखला कर दिया जाए। उन्होंने यूनीवार्ता से कहा कि बांग्लादेश-पाकिस्तान-चीन गठजोड़ की प्रकृति के आधार पर यह हो सकता है कि ढाका को भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रुख अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिसके गंभीर नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं, जिनमें सीमा पर संघर्ष और घुसपैठ तक शामिल हैं। साथ ही चीन पर निर्भरता और निकटता के आधार पर अमेरिका की ओर से बढ़ते दबाव या प्रतिबंध झेलने पड़ सकते हैं, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी स्वीकार्यता कम हो सकती है, और देश एक ऐसे जिहादी राष्ट्र में बदल सकता है जहां महिलाओं को द्वितीय श्रेणी का नागरिक माना जाएगा। प्रोफेसर मोमेन की यह चेतावनी सुशेख हसीना के सत्ता से अपदस्थ किए जाने के बाद बांग्लादेश की राजनीतिक दिशा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है। सुहसीना ने दो दशकों से अधिक समय तक देश की राजनीति पर वर्चस्व बनाए रखा था। उन्होंने कहा कि सुहसीना भले ही आलोचकों के प्रति असहिष्णु रही हों लेकिन वह अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य में एक दुर्लभ स्थिरता का प्रतीक थीं। वह एक धर्मनिरपेक्ष, गैर-सांप्रदायिक नेता थीं, जिन्होंने धार्मिक और जातीय भेदभाव से ऊपर उठकर आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता दी।

■ मोमेन ने ऐसी स्थिति में देश में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव कूटनीतिक अलगाव और सामाजिक विभाजन की भी गंभीर आशंका जताई



## संक्षिप्त समाचार

### रूस के खेरसॉन में ड्रोन हमला, 24 की मौत, 50 से अधिक लोग घायल

**मॉस्को।** रूस के खेरसॉन क्षेत्र में एक कैफे और होटल पर तीन यूक्रेनी ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हैं। गवर्नर व्लोदोमिर साल्दो ने गुरुवार तड़के टेलीग्राम पर लिखा कि दुश्मन ने एक ऐसी जगह पर लक्षित ड्रोन हमला किया जहां नागरिक नए साल का जश्न मना रहे थे। तीन यूएवी ने खोरली में काला सागर तट पर एक कैफे और एक होटल पर हमला किया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार इन हमलों में 24 लोग मारे गए और 50 से अधिक लोग हैं और हैं।

### दक्षिणी ब्राजील में गोलीबारी में पांच लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के पराना राज्य में हुई दो संबंधित गोलीबारी की घटनाओं में एक मृतक और चार सशस्त्र संदिग्धों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई। एक व्यक्ति का शव कॉर्नेलियो प्रोकोपियो के एक मोहल्ले में मिला, जिसे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह शहर राज्य की राजधानी कुरुतिबा से लगभग 380 किमी और अर्जेंटीना और पैराग्वे के साथ ब्राजील की सीमा से लगभग 520 किमी दूर स्थित है।

### सीरिया के अलेप्पो में आत्मघाती बम हमले में एक की मौत

**दमिश्क।** उत्तरी सीरिया के अलेप्पो शहर के बाब अल-फराज इलाके में बुधवार को एक आत्मघाती हमलावर ने पुलिस गश्ती दल को निशाना बनाया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सीरिया के आंतरिक सुरक्षा बलों के कई सदस्य घायल हो गए। कई सरकारी मीडिया रिपोर्टों ने यह जानकारी दी। साना समाचार एजेंसी ने बताया कि हमलावर ने आंतरिक सुरक्षा बलों के गश्ती दल के पास खुद को उड़ा लिया।

# ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बने

## कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली, न्यूयॉर्क के इतिहास में ऐसा पहली बार, ममदानी का परिवार शामिल हुआ

**न्यूयार्क।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी न्यूयार्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कुरान पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। अब तक न्यूयार्क सिटी के अधिकतर मेयर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते रहे हैं। हालांकि संविधान के तहत शपथ के लिए किसी धार्मिक ग्रंथ का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है। 34 साल के डेमोक्रेट ममदानी न्यूयार्क सिटी के पहले मुस्लिम, पहले दक्षिण एशियाई और पहले अफ्रीका में जन्मे मेयर हैं।

ममदानी ने न्यूयॉर्क के सिटी हाल के नीचे स्थित एक बंद पड़े सबवे स्टेशन में शपथ ली। यह एक प्राइवेट समारोह था, जिसमें ममदानी का परिवार शामिल हुआ। इसके बाद दोपहर में एक सार्वजनिक शपथ ग्रहण समारोह होगा। ममदानी ने दो कुरानों पर हाथ रख कर शपथ ली। इनमें एक उनके दादा की कुरान और दूसरी जेब में रखी जाने वाली छोटी कुरान थी। कहा जा रहा है कि पाकेट साइज कुरान 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की की है। यह कुरान न्यूयार्क पब्लिक लाइब्रेरी के शाम्बर्ग सेंटर फार रिसर्च इन ब्लैक कल्चर के संग्रह का हिस्सा है। दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में ममदानी अपने दादा और दादी, दोनों की कुरानों का इस्तेमाल करेंगे। इन कुरानों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। शपथ ग्रहण के लिए कुरान का चयन ममदानी की पत्नी रमा दुवाजी ने किया है। इस काम में उनकी मदद करने वाली एक स्कालर के अनुसार, शपथ के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ए कुरान शहर की बड़ी और लंबे समय से मौजूद मुस्लिम आबादी को दर्शाता है। बता दें कि चुनाव अभियान के दौरान ममदानी ने महंगाई को प्रमुख मुद्दा बनाया था। साथ ही उन्होंने अपने धार्मिक विश्वास भी खुलकर सामने रखे। उन्होंने शहर के मस्जिदों का दौरा किया और पहली बार मतदान करने वाले कई दक्षिण एशियाई और मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन हासिल किया। ममदानी जिस पाकेट साइज कुरान पर शपथ ली, वह न्यूयार्क पब्लिक लाइब्रेरी के शाम्बर्ग सेंटर फार रिसर्च इन ब्लैक कल्चर के संग्रह का हिस्सा है। शाम्बर्ग सेंटर में मौजूद पाकेट साइज कुरान अश्वेत प्यूर्टो रिकन इतिहासकार आर्तुरो शाम्बर्ग के संग्रह का हिस्सा थी। यह स्पष्ट नहीं है कि यह कुरान ममदानी के पास कैसे पहुंची, लेकिन स्कालर्स का मानना है कि यह अमेरिका और अफ्रीका में इस्लाम और अश्वेत संस्कृतियों के ऐतिहासिक संबंधों में उनकी रुचि को दर्शाती है। यह कुरान सादे डिजाइन की है। कुरान पर गहरे लाल रंग की जिल्द लगी है और फूलों की आकृति बनी है। अंदर काले-लाल स्याही में लिखा गया है। इससे पता चलता है कि इसे सिर्फ प्रदर्शनी के लिए नहीं, बल्कि रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए बनाया गया था। चूंकि कुरान पर तारीख या लेखक का नाम नहीं है, इसलिए इसकी उम्र का अनुमान इसके लेखन और जिल्द के आधार पर लगाया गया। माना जाता है कि यह उस्मानी दौर में, 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की शुरुआत में तैयार हुई, उस क्षेत्र में जो आज के सीरिया, लेबनान, इजरायल, फिलिस्तीनी इलाके और जार्डन में शामिल है। न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी की क्यूरेटर हिबा आबिद के अनुसार, इस कुरान की न्यूयार्क तक की यात्रा ममदानी के बैकग्राउंड से मेल खाती है। ममदानी भारतीय मूल के न्यूयार्कवासी हैं, जिनका जन्म युगांडा में हुआ, जबकि उनकी पत्नी अमेरिकी-सीरियाई हैं। ममदानी ने 4 नवम्बर को न्यूयार्क शहर के मेयर का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया था। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर हैं। ममदानी मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाली भारतीय मूल की मीरा नायर के बेटे हैं। चुनाव में जीत के बाद ममदानी ने ब्रुकलिन पैरामाउंट थिएटर में समर्थकों को संबोधित किया था। अपनी विक्ट्री स्पीच में उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 15 अगस्त, 1947 की आधी रात को दिए गए 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' का जिक्र किया था।



■ दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में ममदानी अपने दादा और दादी, दोनों की कुरानों का इस्तेमाल करेंगे
■ शपथ ग्रहण के लिए कुरान का चयन ममदानी की पत्नी ने किया

## मादक पदार्थ ले जा रही नौकाओं पर अमेरिकी हमले में आठ की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में दो दिनों के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में पांच नौकाओं को नष्ट किया, जिनमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य जान बचाने के लिए समुद्र में कूद गए। यह जानकारी बुधवार को अमेरिकी दक्षिणी कमांड ने दी। कमांड की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार युद्ध सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर जॉइंट टास्क फोर्स 'सदर्न स्पीयर' ने सोमवार को 'नामित आतंकवादी संगठनों' द्वारा संचालित तीन नौकाओं पर और बुधवार को दो अन्य नौकाओं पर हमले किए। कमांड ने बताया कि सोमवार को हुए पहले हमले में पहली नौका पर सवार तीन लोग मारे गए। बयान में कहा गया कि शेष नार्को-आतंकवादियों ने अन्य दो नौकाओं को छोड़कर बिना देर किए समुद्र में छलांग लगा दी। जिसके बाद संबंधित नौकाएं डूब गईं। एक अन्य प्रेस विज्ञप्ति में कमांड ने बताया कि बुधवार को की गई कार्रवाई के दौरान पांच लोगों की मौत हुई, जिनमें पहली नौका पर तीन और दूसरी नौका पर दो लोग शामिल थे।

## मणिपुर-मिजोरम के 5800 ब्नेई मेनाशे लोगों की इजरायल वापसी

**चुराचंदपुर।** मणिपुर और मिजोरम में बसे ब्नेई मेनाशे समुदाय (यहूदी) के करीब 5800 लोगों की इजरायल वापसी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इजरायली कैबिनेट की ओर से ढाई सौ करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से समुदाय को इजरायल ले जाया जाएगा। 2026 तक समुदाय के 1,200 लोग इजरायल भेजे जाएंगे।

जबकि, 2030 तक पूरी 'घर वापसी' का लक्ष्य रखा गया है। पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ियों में बसा यह समुदाय खुद को बाइबल की 'दस खोई हुई जनजातियों' में से मेनाशे का वंशज मानता है। 2700 साल पहले असिरियन निर्वासन के बाद वे पूर्व की ओर बढ़े और अंत में भारत में बस गए। इजरायल सरकार की नई योजना से उनकी 'घर वापसी' तेज हो रही है। इसके तहत 2030 तक पूरी कम्युनिटी को इजरायल में बसाया जाएगा। हालांकि इस तेजी के पीछे मणिपुर की जातीय हिंसा की त्रासदी भी छिपी बताई जा रही है। भारत में ब्नेई मेनाशे की कुल आबादी कभी 12000 थी। लेकिन, अब मणिपुर में करीब 4000 और मिजोरम में करीब 1800 बचे हैं। इनमें ज्यादातर चुराचंदपुर (मणिपुर) और आइजोल (मिजोरम) में है। ज्यूइश एजेंसी फार इजरायल की ओर से इनके स्क्रीनिंग के लिए दिसम्बर 2025 में आईजोल में 9 रब्बियों की टीम पहुंची थी। जाने वाले सदस्यों को इजरायल में शांति और सुकून की उम्मीद है। मिजोरम के कम्युनिटी लीडर जेरेमिया एल. ह्वामते कहते हैं, हम 'प्रामिस्ड लैंड' लौट रहे हैं। मणिपुरा हिंसा ने हमें मजबूर किया, पर यह हमारी जड़ों की पुकार है। एक युवा सदस्य ने कहा, 'यहां सुरक्षा नहीं, इजरायल में परिवार मिलन, नौकरी, आवास और हिब्रू शिक्षा मिलेगी।' मणिपुर में मई 2023 में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। यह 2025 के शुरुआती महीनों तक जारी रही। हिंसा के दौरान कई इलाकों में आगजनी, लूट और हत्याओं की घटनाएं हुईं। हजारों लोग विस्थापित हुए और राहत शिविरों में रहने को मजबूर हुए।

■ इस साल 1200 जाएंगे 2700 साल पहले असिरियन साम्राज्य में निर्वासित होकर आए थे भारत
■ इस तेजी के पीछे मणिपुर की जातीय हिंसा की त्रासदी भी छिपी बताई जा रही है
■ भारत में ब्नेई मेनाशे की कुल आबादी कभी 12000 थी

## ईरान में आर्थिक संकट के खिलाफ चौथे दिन भी प्रदर्शन जारी

**तेहरान।** ईरान में आर्थिक संकट के खिलाफ शुरू हुआ प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी हैं। देश के कई बड़े शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। प्रदर्शन के चलते 31 दिसम्बर को एक 21 साल के पुलिसकर्मी की मौत हो गई और लगभग 13 पुलिसकर्मी घायल हैं।

ईरान में जारी आंदोलन की सबसे बड़ी वजह ईरानी मुद्रा रियाल में आई भारी गिरावट है। रियाल की कीमत गिरने के चलते लोग खाने-पीने की चीजें, दवाइयां और रोजमर्रा का सामान नहीं खरीद पा रहे हैं। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोगों का कहना है कि उनकी कमाई बेकार हो गई है और जीवन मुश्किल होता जा रहा है। वहीं एक व्यापारी ने कहा कि पहले जो पैसा महीने भर चलता था, अब वह कुछ दिनों में खत्म हो जाता है। ईरान के बड़े शहरों में दुकानदारों ने सरकार के विरोध में दुकानें बंद की हैं। प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में सरकारी इमारतों पर भी हमला किया है। प्रदर्शन के दौरान लोग सरकार और ईरान की लीडरशिप के खिलाफ नारे भी लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारी 'मुल्लाओं को जाना होगा' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' जैसे नारे लगा रहे हैं।

■ एक पुलिसकर्मी की मौत, 13 घायल, 'मुल्लाओं को जाना होगा' के नारे लगे

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सड़क हादसा, 14 की मौत, 16 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में बुधवार को एक बस और वैन के आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 14 यात्रियों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। झंग जिले के उपायुक्त अली अकबर ने मीडिया को बताया कि बस 'यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज' के खिलाड़ियों को एक खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लाहौर ले जा रही थी, तभी झंग जिले में उसकी एक वैन से टक्कर हो गई। अकबर ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब एक वाहन ने तेज गति से दूसरे वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की।

# यूनुस सरकार में लगी इस्तीफों की झड़ी

## अब स्वास्थ्य सलाहकार सैयदुर रहमान ने भी छोड़ा पद

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में एक हफ्ते के भीतर दूसरे वरिष्ठ अधिकारी के इस्तीफे से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बांग्लादेश में मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार को उस समय झटका लगा, जब स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े विशेष सलाहकार सैयदुर रहमान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब सरकार कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक फैसलों को लेकर आलोचंनाओं का सामना कर रही है। मंगलवार रात कैबिनेट डिवीजन की ओर से जारी गजट अधिसूचना में बताया गया कि राष्ट्रपति ने सैयदुर रहमान का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उनके इस्तीफे के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं की गई है। वहीं, रहमान का कहना है कि उन्होंने एक महीने पहले ही इस्तीफा दे दिया था और मंगलवार को उसे औपचारिक मंजूरी मिली। उनका यह भी कहना है कि उसी दिन उनका सरकारी कार्यकाल समाप्त हो गया था। सैयदुर रहमान बांग्लादेश के एक वरिष्ठ चिकित्सक और प्रशासक रहे हैं। वे इससे पहले बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति रह चुके हैं। नवम्बर में उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए मुख्य सलाहकार का विशेष सहायक नियुक्त किया गया था और उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया था। उनके अचानक इस्तीफे ने सरकार की स्थिरता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। सैयदुर रहमान का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब इससे पहले 24 दिसम्बर को गृह मंत्रालय से जुड़े विशेष सहायक खुदा बख्श चौधरी ने भी पद छोड़ दिया था। इस तरह एक हफ्ते के भीतर अंतरिम सरकार के दो अहम चेहरे बाहर हो चुके हैं, जिससे प्रशासनिक अस्थिरता की चर्चा तेज हो गई है। खुदा बख्श चौधरी का इस्तीफा सरकार की कानून-व्यवस्था को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच हुआ था।



■ नवम्बर में उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए मुख्य सलाहकार का विशेष सहायक नियुक्त किया गया था

# भारतीय रिफाइनरियों के समक्ष नई चुनौतियां

## वेनेजुएला के 'शैडो फ्लीट' पर अमेरिका के नए प्रतिबंधों से बढ़ेंगी परेशानियां

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा बुधवार को वेनेजुएला में निकोलस मादुरो की सरकार के 'शैडो फ्लीट' से जुड़ी चार शिपिंग कंपनियों और चार तेल टैंकरों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा के बाद निजी क्षेत्र की भारतीय रिफाइनरियां आपूर्ति श्रृंखला में फिर से व्यवधान से निपटने की तैयारी कर रही हैं।

शैडो फ्लीट, जिसे डार्क फ्लीट के नाम से भी जाना जाता है, टैंकरों और सहायक जहाजों के एक समूह को दर्शाता है जो प्रतिबंधित या उच्च जोखिम वाली वस्तुओं को स्थानांतरित करने के लिए भ्रामक शिपिंग विधियों का इस्तेमाल कर वास्तविक मूल, स्वामित्व या गंतव्य को छिपाते हैं। ट्रम्प प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'अधिकतम दबाव' अभियान के तहत इस कदम का उद्देश्य वेनेजुएला सरकार की वित्तीय आपूर्ति को अवरुद्ध करना है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता भारत के लिए यह निर्णय पहले से ही नाजुक ऊर्जा सुरक्षा परिदृश्य को और अधिक जटिल बना सकता है। ये प्रतिबंध उन जहाजों को निशाना बनाते हैं जिन पर वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल के परिवहन के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को दरकिनार करने का आरोप है। हालांकि भारत हाल के वर्षों में अपने तेल भंडार में काफी विविधता लाया है फिर भी वेनेजुएला का कच्चा तेल रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी निजी क्षेत्र की भारतीय रिफाइनरियों के लिए एक मूल्यवान कच्चा माल बना हुआ है। ये रिफाइनरी विशेष रूप से सस्ते, भारी ग्रेड के तेल को संसाधित करने के लिए डिजाइन की गई हैं। उद्योग विश्लेषकों का मानना है कि इन विशिष्ट टैंकरों को 'अवरुद्ध संपत्ति' सूची में शामिल करने से उपमहाद्वीप के लिए सभी निर्धारित माल परिवहन तत्काल रोक दिया जाएगा। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि वित्तीय विभाग राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा मादुरो शासन पर दबाव बनाने के अभियान को जारी रखेगा।

■ ये रिफाइनरी विशेष रूप से सस्ते, भारी ग्रेड के तेल को संसाधित करने के लिए डिजाइन की गई







